नई दिल्ली
शनिवार 7 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 295
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 25
न्यून. 12

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## 'घूसखोर पंडत' फिल्म पर विवाद

### केंद्र ने नेटफ्लिक्स से टीजर हटाने को कहा



नई दिल्ली। बॉलीवुड के एक्टर मनोज बाजपेयी की अपकमिंग नेटफ्लिक्स फिल्म 'घूसखोर पंडत' पर विवाद जमकर हो रहा है। भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को फिल्म 'घूसखोर पंडत' का टीजर और अन्य प्रचार सामग्री सोशल मीडिया से हटाने के लिए कहा है। फिल्म के शीर्षक को 'जातिवादी' और आपत्तिजनक बताया है। इस विवाद के कारण उत्तर शेष पेज 5 पर




अंडर 19 वर्ल्ड कप फाइनल



14 साल के वैभव ने इंग्लिश बॉलरों का जो हाल फाइनल में किया, उसे पूरा क्रिकेट जगत भी नहीं भूलेगा

# सूर्यवंशी का पराक्रम बनाया 'वर्ल्ड रिकॉर्ड'

80 गेंदों में 175 रन.... अंडर19 विश्व कप के पिछले 37 साल के इतिहास में कभी नहीं हुआ

बड़ा खिलाड़ी बड़े मंच के लिए सर्वश्रेष्ठ बचाकर रखता है और अपनी प्रतिभा बहुत पहले ही साबित कर चुके भविष्य के बड़े सुपर स्टार वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 में बल्ले से ऐसा हाहाकार मचाया कि पूरा क्रिकेट जगत वैभव के इर्द-गिर्द सिमट गया। इंग्लैंड के खिलाफ सूर्यवंशी ने वह कारनामा कर दिखाया, जो मेगा इवेंट के करीब 37 साल के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। जूनियर वर्ल्ड शेष पेज 5 पर

अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप में भारत की 'वैभव' शाली जीत

# भारत का भविष्य 6वीं बार मुस्कुराया

एजेंसी ▶▶ हरारे

हरारे स्पोर्ट्स क्लब में भारत और इंग्लैंड के बीच अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताबी मुकाबला खेला गया। इस मैच में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को हराकर छठी बार अंडर-19 विश्व कप जीता। भारतीय टीम शानदार फॉर्म में रही और उसने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया।

भारतीय टीम ने 100 रनों से शानदार जीत हासिल की। वैभव सूर्यवंशी (175 रन) की तूफानी पारी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को 412 रनों का पहाड़ सा लक्ष्य दिया। टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 40.2 ओवरों में 311 रनों पर सिमट गई। भारतीय टीम ने इसके साथ ही रिकॉर्ड छठी बार शेष पेज 5 पर

*14 साल के वैभव सूर्यवंशी की पराक्रमी पारी...100 रन से इंग्लैंड को हराया*

*भारतीय टीम शानदार फॉर्म में रही और उसने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया*



### पीएम मोदी ने दी भारतीय खिलाड़ियों को बधाई, प्रशंसा भी की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'भारत की क्रिकेट की प्रतिभा चमक उठी! हमें वर्ल्ड कप जीतकर भारत लाने वाली हमारी अंडर-19 टीम पर गर्व है। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी असाधारण स्किल का परिचय दिया। यह जीत कई युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। खिलाड़ियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### गड्ढे में गिरकर युवक की मौत,3 इंजीनियर निलंबित



नई दिल्ली। दिल्ली के जनकपुरी इलाके में जल बोर्ड द्वारा खोदे गए एक खुले गड्ढे में गिरकर एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक की पहचान कमल के रूप में की है। कमल पालम इलाके का रहने वाला था।

### आज देशभर में थम जाएंगे ओला-उबर-रैपिडो के पहिए



नई दिल्ली । आज शनिवार को ड्राइवरों ने देशभर में हड़ताल का ऐलान किया है। ड्राइवरों ने इसे 'ऑल इंडिया ब्रेकडाउन' का नाम दिया है और वे अपना मोबाइल एप बंद रखेंगे। इस वजह से यात्रियों को काफी दिक्कत हो सकती है।


बोले, 75 साल का हो गया हूं। लेकिन मैं बीते हुए को नहीं, बाकी बचे हुए को याद रखता हूं

# 'परीक्षा पे चर्चा' में प्रधानमंत्री ने छात्रों को दिए तनाव भगाने के एक से बढ़कर एक गुरु मंत्र

- *इस वर्ष 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास पर आयोजित किया गया परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण का पहला ऐपिसोड*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हर बार की तरह इस बार भी वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हुए छात्रों का सबसे पसंदीदा संवाद यानी 'परीक्षा पे चर्चा-2026' के नौवें संस्करण के पहले एपिसोड का शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर आयोजन किया गया। देश के अलग-अलग राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के विभिन्न स्कूलों से आए कुल 37 छात्रों को पीएम ने परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव को छू मंतर कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए जरूरी सुझाव दिए। साथ ही उन्होंने उन जरूरी सावधानियों के बारे में भी युवाओं को बताया। जिन पर परीक्षाओं के दौरान ध्यान शेष पेज 5 पर





### शिक्षा एक माध्यम है, उसे वैसे ही लेना

एक छात्र द्वारा कई सालों के प्रश्नपत्रों के अभ्यास के बाद परीक्षा में होने वाले असमंजस को दूर करने को लेकर प्रश्न पूछा। जवाब में प्रधानमंत्री ने बताया हमारी जिदंगी परीक्षा के लिए नहीं है। हमारे जीवन को बनाने के लिए शिक्षा एक माध्यम है। हम शिक्षा सही करते हैं, गलत करते हैं तो बार-बार हम अपने एग्जाम करते हैं। तो ये जो एग्जाम है, वह हमें अपने आप को जांचने के लिए एग्जाम है। अल्टीमेट गोल एग्जाम के नंबर नहीं हो सकते हैं। यह तो संपूर्ण जीवन के विकास का होना चाहिए। उन्होंने कहा, एक अच्छा शिक्षक छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता है। वो पूरा सिलेबस पढ़ाते हैं, उस पर मेहनत कराते हैं। क्योंकि वो जानते हैं कि उसका आपके जीवन में क्या उपयोग है? इसलिए मेरा सभी विद्यार्थियों से आग्रह है कि आप जिदंगी में आप सबसे ज्यादा उत्तम बनें, श्रेष्ठ बनें, अपना पूरा जीवन शानदार रहे। उसके लिए जीवन को तैयार करना है, जिसके लिए शिक्षा एक माध्यम है। उसे उस रूप में ही लेना चाहिए।

### विकसित भारत के लक्ष्य को याद रखें

प्रधानमंत्री ने छात्रों से विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखने की अपील की और कहा, आजादी की 100वीं वर्षगांठ में ये देखना बेहद जरूरी है कि हमारे देश की यात्रा कहां तक पहुंची। दिनभर में हम जो चीजें इस्तेमाल करते हैं, उनमें से स्वदेशी बहुत कम होती हैं। अगर हम अपने देश की चीजों पर गर्व नहीं करेंगे। तो बाकी लोग कैसे करेंगे? उन्होंने कहा कि अगर हमें देश को विकसित बनाना है तो कर्तव्य पालन पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। ऐसा होने पर दुनिया की कोई ताकत भारत को विकसित शेष पेज 5 पर

### आधी-अधूरी शिक्षा का महत्व नहीं

*प्रधानमंत्री ने छात्रों से कहा कि छात्रों के लिए शिक्षा मजबूरी या बोझ की तरह नहीं होनी चाहिए। बल्कि इसमें हमारी पूरी भागीदारी होनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं है तो फिर आधी-अधूरी शिक्षा जीवन को कहीं सफल नहीं बनाने देती। यह जो बीमारी आ गई है मार्क्स, मार्क्स, मार्क्स की। उस पर ध्यान देने के बजाय ये देखें कि मेरा जीवन कहां पहुंचा और उसके लिए लगातार अपने आप को क्लास रूम या परीक्षा हॉल में नहीं बल्कि जीवन की कसौटी पर कसते रहना चाहिए।*

### 12वीं को प्राथमिकता देनी चाहिए


*पंजाब से आई एकम कौर के बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं के एक समय पर होने से उठने वाले तनाव को लेकर प्रधानमंत्री से सवाल पूछा, जवाब में उन्होंने कहा, आपकी ये चिंता सही है। लेकिन मेरा आग्रह रहेगा कि आपको पहली प्राथमिकता 12वीं को देनी पड़ेगी। लेकिन हमने एक विद्यार्थी के रूप में जो मेरी उम्र से, कक्षा से जुड़े सिलेबस को आत्मसात किया है। तो प्रतियोगी परीक्षा के लिए अलग से मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। माता-पिता को अक्सर ये लगता है कि इस उम्र से पहले ये हो जाना चाहिए। जिस पर मैं कहूंगा कि बच्चों को उनकी क्षमता, योग्यता, रुचि के हिसाब से खिलने दो।*

### सपनों को गुनगुनाते न रहें, कर्म प्रधानता जरूरी

*प्रधानमंत्री ने छात्रों को सुझाव देते हुए कहा कि सपनों को गुनगुनाते रहने से काम नहीं चलता है। जीवन में कर्म को प्रधानता देनी चाहिए। मैं जहां हूं, वहां मुझे सफल होना है, तभी मैं आगे जाऊंगा। धीरे-धीरे उसमें हमारी रुचि बढ़ानी चाहिए। लेकिन* शेष पेज 5 पर

ट्रेड डील, चीन के अतिक्रमण समेत अन्य मुद्दों पर आक्रोशित विपक्ष ने शुक्रवार को भी नहीं चलने दी लोकसभा की कार्रवाई

# विपक्ष के हंगामे में स्वाहा हुआ बजट सत्र का 19 घंटे 13 मिनट का समय: बिरला



हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली

बजट सत्र के नौवें दिन यानी शुक्रवार को भी लोकसभा का नजारा नहीं बदला। सुबह 11 बजे सदन की कार्रवाई की शुरुआत वही पोस्टर, बैनर लिए अध्यक्ष के आसन के समीप खड़े होकर विपक्ष की सरकार विरोधी नारेबाजी और हंगामे के साथ हुई। जिसके केंद्र में भारत-अमेरिका के बीच हालिया हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते और पूर्वी लद्दाख में एलएसी विवाद के दौरान चीन के आक्रामक अतिक्रमण सहित अन्य मुद्दे रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विरोधी पक्ष के सांसदों के कार्रवाई में लगातार व्यवधान डालने के इस व्यवहार को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए ये स्पष्ट किया कि अभी तक संसद के इस महत्वपूर्ण सदन में कुल 19 घंटे 13 मिनट का समय हंगामे की वजह से बर्बाद हो गया है। विपक्ष नियोजित ढंग से लोकसभा की कार्रवाई में व्यवधान डाल रहा है। गौरतलब है कि बजट सत्र की शेष पेज 5 पर

### पूरी नहीं हो रही 140 करोड़ जनता की अपेक्षाएं

*बिरला की नाराजगी का हंगामा कर रहे जनप्रतिनिधियों पर कोई खास असर नहीं पड़ा और वो लगातार शोर-शराबा करते रहे। देश की 140 करोड़ जनता की अपेक्षा रहती है कि सदन चले और उसमें चर्चा और संवाद होना चाहिए। लेकिन आप लोग हंगामा कर सदन की मर्यादाओं को तोड़ रहे हैं। इसके तुरंत बाद लोकसभा अध्यक्ष ने कार्रवाई को 11 बजकर 3 मिनट से लेकर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।*

### बजट में मिलेगा बोलने का मौका

*एक बार के स्थगन के बाद जैसे ही दोपहर 12 बजे सदन की कार्रवाई शुरू हुई। तो उसके साथ विपक्ष के सदस्यों ने अपने पुराने अंदाज में अध्यक्षीय आसन के समक्ष खड़े होकर हाथ में पोस्टर, बैनर के साथ सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिसमें यह लोग 'नहीं चलेगी-नहीं चलेगी तानाशाही नहीं चलेगी, नहीं चलेगी-नहीं चलेगी गुंडागर्दी नहीं चलेगी और जो उचित समझो वो करो' के नारे लगा रहे थे। पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तन्नेटी ने कहा कि बजट पर चर्चा है। आप अपने विषयों को चर्चा के दौरान उठा सकते हैं।* शेष पेज 5 पर

पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुदान के रूप मिली धनराशि

# केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश, पंजाब और तेलंगाना के लिए 1,133 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की

- मध्य प्रदेश में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बंधनरहित अनुदान की दूसरी किस्त के रूप में 652.55 करोड़ रुपये रुपये जारी किए गए हैं।
- आवंटित अनुदान एक वित्त वर्ष में दो किस्तों में अनुशंसित और जारी किए जाते हैं।
- पंद्रहवें वित्त आयोग (एक्सवीएफसी) के अनुदान के रूप में 1,133 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की है ।

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश, पंजाब और तेलंगाना में पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई)/ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को मजबूत करने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पंद्रहवें वित्त आयोग (एक्सवीएफसी) के अनुदान के रूप में 1,133 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की है । मध्य प्रदेश में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बंधनरहित अनुदान की दूसरी किस्त के रूप में 652.55



एआई इमेज

करोड़ रुपये रुपये जारी किए गए हैं। इस राशि से राज्य की सभी 52 पात्र जिला पंचायतों, 312 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 23,001 पात्र ग्राम पंचायतों को लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बंधनरहित अनुदान की पहली किस्त के रोके गए 77 लाख रुपये भी 3 अतिरिक्त पात्र ब्लॉक पंचायतों और 6 ग्राम पंचायतों को जारी किए गए हैं।

पंजाब के लिए केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बंधनरहित अनुदान की पहली किस्त के रूप में 222 करोड़ रुपये रुपये की राशि जारी की है। इस राशि से राज्य भर की सभी 13,262 पात्र ग्राम पंचायतों, 150 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 22 पात्र जिला पंचायतों को सहायता मिलेगी। वहीं, तेलंगाना राज्य के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के बंधनरहित अनुदान की पहली किस्त के रूप में 256.0295 करोड़ रुपये रुपये जारी किए गए हैं, जिससे 12,702 पात्र ग्राम पंचायतों को लाभ हुआ है। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2023-24 के बंधनरहित अनुदान की दूसरी किस्त के रोके गए हिस्से के रूप में 233.18 लाख रुपये भी 11 अतिरिक्त पात्र ग्राम पंचायतों और 40 ब्लॉक पंचायतों को जारी किए गए हैं। केंद्र सरकार पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के माध्यम से ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए राज्यों को पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुदान जारी करने की अनुशंसा करती है, जिसे बाद में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है। आवंटित अनुदान एक वित्त वर्ष में दो किस्तों में अनुशंसित और जारी किए जाते हैं।

# भारत-अमेरिका संयुक्त तकनीकी समूह की बैठक में हुई रक्षा सहयोग पर चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चिंताओं के बीच राजधानी में 24वें भारत-अमेरिका संयुक्त तकनीकी समूह की प्लेनरी बैठक हुई। जिसका आयोजन रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने किया था। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक में रक्षा विज्ञान और तकनीकी सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत की तरफ से इसमें डीआरडीओ के डॉ.चंद्रिका कौशिक और उप



सचिव (वॉर फार क्रिटिकल टेक्नोलॉजी) शामिल हुए। जबकि अमेरिकी पक्ष से वॉर फार रिसर्च एंड इंजीनियरिंग कार्यालय में अवर सचिव माइकल फ्रांसिस डोड शामिल हुए।

**इन मुद्दों पर दिया गया ध्यान :** मंत्रालय ने बताया कि 3 से 4 शेष पेज 5 पर

# बिलासपुर के लिए उपलब्धि एयरपोर्ट को मिला 'ऑल वेदर ऑपरेशन' का दर्जा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के लिए एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज की गई है। बिलासपुर एयरपोर्ट को 3C–VFR श्रेणी से उन्नत कर 3C–सभी मौसमों में संचालन (आईएफआर) श्रेणी की स्वीकृति मिल गई है। इस महत्वपूर्ण उन्नयन के साथ अब बिलासपुर एयरपोर्ट पर कोहरे, वर्षा या खराब दृश्यता जैसी परिस्थितियों में भी सुरक्षित विमान संचालन संभव हो सकेगा। इस



उपलब्धि की जानकारी केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने दी। उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन रेड्डी से इस संबंध में मुलाकात कर अपनी मांग रखी थी। उन्होंने मांग पूरी होने पर पीएम मोदी और उड्डयन मंत्री का धन्यवाद अदा किया। बिलासपुर एयरपोर्ट के आईएफआर श्रेणी में आने से न केवल हवाई परिचालन की विश्वसनीयता बढ़ेगी, शेष पेज 5 पर

## रिजर्व बैंक ग्राहकों की मदद के लिए नया नियम ला रहा


नया नियम इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग फ्रॉड में ग्राहक की जिम्मेदारी को लेकर भी जांच करेगा

# ऑनलाइन फ्रॉड में 50 हजार रुपए डूबे या 1 लाख, रिजर्व बैंक देगा सिर्फ 25000 रु. तक

### नए नियम में क्या?

- मुआवजा सिर्फ एक बार ही मिलेगा, हर साल नहीं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि लोग सतर्क रहें और बार-बार गलती न करें।
- आपको कितना पैसा वापस मिलेगा यह आपके नुकसान का 85% या 25,000 रुपए, जो भी कम हो, उतना होगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नए नियम लाने वाला है। रिजर्व बैंक के मुताबिक अगर किसी ग्राहक के साथ छोटा-मोटा ऑनलाइन फ्रॉड होता है तो उसे कुछ आर्थिक मदद दी जाएगी। हालांकि, इसकी



फाइल फोटो

लिमिट तय होगी। नए नियमों के मुताबिक अगर आपके साथ कभी ऑनलाइन शेष पेज 5 पर

### पिछले साल 5.2 अरब रुपए का नुकसान

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्ड और इंटरनेट से जुड़े फ्रॉड के 13,469 मामले सामने आए थे, जिनमें 5.2 अरब रुपए का नुकसान हुआ। इससे पहले 2023-24 में 29,080 फ्रॉड हुए थे और 14.57 अरब रुपए का नुकसान हुआ था।

### इस नियम की भी समीक्षा

रिजर्व बैंक साल 2017 के उस नियम की भी समीक्षा कर रहा है जिसमें बिना इजाजत के हुए इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग फ्रॉड में ग्राहक की कितनी जिम्मेदारी होगी, यह बताया गया है। इस नियम में शेष पेज 5 पर

## हम राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण और जाम की समस्या के समाधान के लिए उठा रहे हैं ठोस और दीर्घकालिक कदम

# दिल्ली यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के लिए विधेयक का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में शहरी परिवहन व्यवस्था में व्यापक सुधार के उद्देश्य से, दिल्ली सरकार ने दिल्ली यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (डीयूएमटीए) तथा एक समर्पित दिल्ली अर्बन ट्रांसपोर्ट फंड (डीयूटीएफ) के गठन हेतु एक व्यापक विधेयक का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस बात की जानकारी शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित कानून का उद्देश्य दिल्ली की वर्तमान में खंडित परिवहन व्यवस्था को एकीकृत, सुसंगत और समन्वित योजना एवं शासन ढांचे के अंतर्गत लाना है, ताकि राजधानी के लिए एक आधुनिक, कुशल, जन-केंद्रित और पर्यावरण की दृष्टि से सतत परिवहन प्रणाली विकसित की जा सके। यह पहल दिल्ली के शहरी परिवहन शासन में एक महत्वपूर्ण संस्थागत सुधार की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। प्रस्तावित कानून के शीघ्र और समावेशी मसौदे को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टास्क फोर्स में परिवहन, शहरी विकास, वित्त, योजना, लोक निर्माण और दिल्ली पुलिस सहित प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी), दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) और भारतीय रेलवे जैसे प्रमुख नागरिक एवं परिवहन संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी इसमें सम्मिलित किया गया है। वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और स्थानीय आवश्यकताओं के संतुलित समावेश के लिए मुख्यमंत्री ने शहरी परिवहन के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को सह नामित करने का भी सुझाव दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय शहरी योजनाकारों, परिवहन विशेषज्ञों और नागरिक हितधारकों की लंबे समय से चली आ रही उस मांग के अनुरूप है, जिसमें विभिन्न परिवहन एजेंसियों के बीच योजना, निवेश और संचालन के लिए एक प्रभावी एकीकृत प्राधिकरण की आवश्यकता जताई जाती रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीयूएमटीए दिल्ली की संपूर्ण शहरी गतिशीलता प्रणाली में समन्वय स्थापित करेगा। मेट्रो, बस, क्षेत्रीय रेल, रेलवे और फीडर सेवाओं जैसे सभी परिवहन साधनों को एकीकृत योजना क्षेत्राधिकार के अंतर्गत लाकर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि परिवहन समाधान कुशल, समावेशी और नागरिक केंद्रित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीयूएमटी सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने, अंतिम मील कनेक्टिविटी सुधारने और निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे सड़कों पर जाम में कमी आएगी। उन्होंने रेखांकित किया कि यह पहल वायु प्रदूषण से निपटने की सरकार की दीर्घकालिक रणनीति का एक अहम अंग है।



### दिल्ली सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए हर संभव प्रयास कर रही

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक समाधानों पर एक साथ काम कर रही है। यह समस्या पिछले वर्षों में संरचनात्मक सुधारों के अभाव में और गंभीर हुई। डीयूएमटीए की स्थापना निजी वाहनों पर निर्भरता घटाने और दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और कुशल गतिशीलता उपलब्ध कराने के लिए सबसे महत्वपूर्ण दीर्घकालिक हस्तक्षेपों में से एक होगी।

### यूएमटीए के अनुरूप है डीयूएमटीए

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति के तहत बड़े शहरों में एकीकृत महानगरीय परिवहन प्राधिकरण (यूएमटीए) की परिकल्पना की गई है, ताकि शहरी परिवहन की रणनीतिक योजना और समन्वित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। दिल्ली एनसीआर में बढ़ती जनसंख्या, प्रदूषण, सड़कों पर दबाव और सुव्यवस्थित सार्वजनिक परिवहन की बढ़ती आवश्यकता डीयूएमटीए की स्थापना को अत्यंत आवश्यक बनाती है। डीयूएमटीए की अवधारणा राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति 2006 के अंतर्गत प्रस्तावित यूएमटीए ढांचे के अनुरूप है। इस मॉडल में एकीकृत परिवहन प्राधिकरण को एक नोडल संस्था के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो परिवहन संचालकों, नगर निकायों, यातायात पुलिस और सड़क अवसंरचना एजेंसियों को एक संस्थागत ढांचे में लाता है।

### डीयूएमटीए के अपेक्षित लाभ

शहरी परिवहन की एकीकृत योजना और प्रबंधन को सक्षम बनाना, बहु माध्यम परिवहन सेवाओं का प्रभावी एकीकरण, तर्कसंगत और पारदर्शी किराया संरचना को बढ़ावा देना और अनुसंधान, नीति अध्ययन और जन जागरूकता को प्रोत्साहन करना है।

### डीयूएमटीए क्या करेगा

व्यापक गतिशीलता योजना के कार्यान्वयन की निगरानी, परिवहन निवेश कार्यक्रम की तैयारी, दिल्ली और एनसीआर में विभिन्न परिवहन एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय और दिल्ली अर्बन ट्रांसपोर्ट फंड का प्रबंधन

### टास्क फोर्स क्या करेगा

डीयूएमटीए की संरचना को अंतिम रूप देना, हितधारक परामर्श की प्रक्रिया संचालित करना, डीयूएमटीए विधेयक के अधिनियमन में सहायता, डीयूएमटीए के दृष्टि, मिशन और लक्ष्यों के निर्धारण हेतु बोर्ड बैठकों का आयोजन और दिल्ली में डीयूएमटीए के संचालन के लिए आवश्यक अन्य सभी कार्य शामिल हैं।

# नारको सिंडिकेट का भंडाफोड़, 5 करोड़ की ड्रग्स के साथ दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ टीम ने नशीली दवाओं की सप्लाई करने वाले एक नारको सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिंडिकेट से जुड़े दो मुख्य ऑपरेटिव गिरफ्तार किये गये हैं। इनके पास से 2604 ग्राम (21000 टैबलेट) अल्प्राजोलम बरामद की गई। बरामद ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये आंकी गई है। डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार सबसे पहले मनोज कुमार उर्फ मनु निवासी गांधी नगर, रोहतक, हरियाणा को चांदनी चौक, भागीरथ पैलेस मार्केट स्थित एक डिस्पेंसरी के पास से पकड़ा गया था। उस समय वह किसी अनजान ग्राहक को अल्प्राजोलम सप्लाई करने जा रहा था। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद पॉलिथीन बैग से 2352 ग्राम वजन की 19200 अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद हुई। पूछताछ के दौरान मनोज ने बताया कि वह पिछले तीन सालों से गैर-कानूनी दवाएं सप्लाई कर रहा था। उसने आगे बताया कि उसे दवाएं अयान नाम के एक सेल्समैन से मिलती थीं, लेकिन उसके फोन नंबर के अलावा वह अयान के बारे में और कुछ नहीं जानता था। यह भी पता चला कि वह फोन नंबर भी अयान के नाम पर जारी नहीं किया गया था। मनोज द्वारा अयान के बारे में दी गई



जानकारी के आधार पर उसके ठिकानों पर कई छापे मारे गए। टीम ने सेल्सपर्सन का भेष बदलकर दरियागंज में उसके ठिकानों पर रेकी भी की। आखिर में अयान को जगसन पाल बिल्डिंग के पास ढूंढ लिया गया। पूछताछ में उसका नाम तौहीद आलम उर्फ अयान निवासी गांव धुमगढ़, थाना ठाकुरगंज, जिला किशनगंज, बिहार पता चला। वह गैर-कानूनी दवाएं समीर से खरीदता था। दरियागंज के पटौदी हाउस में उसके किराए के कमरे की तलाशी के दौरान 252 ग्राम (1800 टैबलेट) अल्प्राजोलम बरामद की गई।

## पुलिस मुठभेड़ के बाद दो वांछित अपराधी पकड़े

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले के आरके पुरम इलाके में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों के नाम संजय उर्फ दरिंदा और सोनू बताये गये हैं। मुठभेड़ के दौरान संजय के पैर में गोली लगी है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि दो वांछित अपराधी देर रात सेक्टर-3 में आपराधिक गतिविधि को अंजाम देने के लिए आएंगे। सूचना के आधार पर उन्हें पकड़ने की योजना बनायी गयी। जब संदिग्ध उस इलाके में पहुंचे, तो पुलिस ने उन्हें रुकने के लिए कहा। इसके बजाय आरोपियों ने पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके दौरान संजय के पैर में गोली लगी और उसे काबू में कर लिया गया तथा सोनू को भागने की कोशिश के दौरान पकड़ लिया गया। आरोपियों के पास से एक पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, संजय एक कुख्यात अपराधी है जिसके खिलाफ 80 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।


## डीडीए की आवास योजना 2025 के लिए आवेदन करने का आखिरी मौका आज, ड्रॉ 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जनता आवास योजना 2025 के लिए आवेदन करने का आज शनिवार 7 फरवरी 2026 का दिन आखिरी मौका है। सूत्रों का कहना है कि इस योजना को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। जबकि योजना का लकी ड्रॉ 13 फरवरी 2026 को होगा। योजना में द्वारका मोड़ और गांव चांदन होला, छतरपुर मेन रोड पर 144 रेडी-टू-मूव-इन ईडब्ल्यूएस व जनता फ्लैट वर्ग के फ्लैट उपलब्ध हैं। डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि रेडी-टू-मूव फ्लैट योजना 2025 के तहत महज 12.6 लाख रुपए में अपने घर का सपना सच हो सकता है। इस योजना को भरपूर समर्थन मिला है, जबकि रजिस्ट्रेशन 7 फरवरी 2026 को बंद हो जाएगा, जबकि लॉटरी ड्रॉ 13 फरवरी 2026 को होगा। इस योजना को विस्तार देने के बाद फ्लैट्स के लिए 7 जनवरी 2026 से रजिस्ट्रेशन शुरू हुए थे। अधिकारी ने बताया कि रेडी टू मूव इन घर योजना के अंतर्गत फाइनेंशियल रूप से कमजोर वर्ग यानी ईडब्ल्यूएस को दिल्ली की प्रमुख लोकेशन पर तैयार जनता आवास फ्लैट किफायती कीमतों पर उपलब्ध कराए गए है। खास बात ये है कि ये फ्लैट कम आमदनी वाले लोगों के लिए हैं और सबसे अच्छी बात ये है कि द्वारका मोड़ जैसे बढ़िया इलाके में फ्लैट की शुरुआती कीमत सिर्फ 12.63 लाख रुपये है। योजना के तहत सभी फ्लैट पूरी तरह फ्रीहोल्ड हैं यानी पूरा मालिकाना हक मिलेगा और पार्किंग सुरक्षा जैसी सभी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। इस योजना में कुल 144 फ्लैट हैं जिनमें से 62 द्वारका मोड़ में हैं और 82 चांदनहौला में जो छतरपुर मेन रोड पर है. द्वारका मोड़ वाले फ्लैट की कीमत 12.63 लाख रुपये से शुरू होकर 13.24 लाख रुपये तक है. वहीं चांदनहौला वाले 23.05 लाख रुपये से शुरू होकर 24.37 लाख रुपये तक हैं। आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए उम्र कम से कम 18 साल और परिवार की सालाना आमदनी 10 लाख रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। पैन कार्ड जरूरी है और सबसे अच्छी बात कि दिल्ली में पहले से अपना घर या प्लॉट होने पर भी खरीद सकते हैं।

# ऑपरेशन शस्त्र के जरिये सोशल मीडिया पर रखी जा रही नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ सोशल मीडिया पर हथियार कल्चर रोकने के मकसद से शुरू किया ऑपरेशन

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियारों और धारदार हथियारों के प्रदर्शन को रोकने और उभरते हुये बदमाशों को सलाखों के पीछे धकेलने के लिये दिल्ली पुलिस ने कुछ समय पहले ऑपरेशन शस्त्र शुरू किया था। इसमें पुलिस को काफी सफलता मिली। इससे जुड़े मामलों में अब तक 61 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। इनमें 67 लोगों को गिरफ्तार किया गया। 15 नाबालिग भी हिरासत में लिये गये। इसके साथ ही 69 अवैध हथियार, 93 जिंदा कारतूस, 13 चाकू जब्त किये जा चुके हैं। दिल्ली पुलिस अब तक छह हजार से ज्यादा संदिग्ध सोशल मीडिया प्रोफाइल का एनालिसिस कर चुकी है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा के रणनीतिक मार्गदर्शन में ऑपरेशन शस्त्र को एक केंद्रित, सक्रिय, खुफिया जानकारी के नेतृत्व वाली और प्रौद्योगिकी सक्षम पुलिसिंग पहल के रूप में शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य ऑनलाइन हथियारों के महिमामंडन की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकना है। पुलिस आयुक्त का कहना है कि ऑपरेशन शस्त्र मॉडर्न पुलिसिंग के बदलते हुए रूप को दिखाता है, जहां टेक्नोलॉजी, कानूनी कार्रवाई और कम्युनिटी पार्टनरशिप एक साथ काम करते हैं। हमारा मकसद गैर-कानूनी कामों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है, साथ ही रोकथाम, जागरूकता और युवाओं को पॉजिटिव गाइडेंस देना भी है। डिजिटल इकोसिस्टम में क्राइम के बदलते नेचर को पहचानते हुए, स्पेशल स्टाफ, साइबर थाने और लोकल थानों के 2000 से ज्यादा पुलिसवालों वाली 500 से ज्यादा डेडिकेटेड टीमों ने सोशल मीडिया कंटेंट की सिस्टमैटिक निगरानी और एनालिटिकल रिव्यू किया, जहां लोग हथियार लहराते या दिखाते हुये क्रिमिनल लाइफस्टाइल को बढ़ावा देते पाए गए।

## लापता लड़कियों से जुड़ी खबरें बढ़ा-चढ़ा कर फैलाने के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने लापता लड़कियों से जुड़ी खबरें बढ़ा-चढ़ा कर प्रसार करने वालों के खिलाफ शुक्रवार को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी और कहा कि पैसों के लिए दहशत फैलाने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 1 से 15 जनवरी के बीच कुल 807 लोग लापता हुए, यानी प्रतिदिन औसतन 54 लोग लापता हुए। इनमें से 509 महिलाएं और लड़कियां तथा 298 पुरुष हैं। लापता लोगों में से 191 नाबालिग और 616 वयस्क हैं।

दिल्ली पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कुछ सुरागों के आधार पर उन्हें पता चला कि दिल्ली में लापता लड़कियों की संख्या पैसे देकर बढ़ा-चढ़ा कर प्रचारित करायी गयी। पैसों के लिए दहशत फैलाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बृहस्पतिवार को दिल्ली पुलिस ने लोगों की चिंताओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा कि घबराहट या भयभीत होने का कोई कारण नहीं है, क्योंकि आंकड़े असल में पिछले वर्षों की इसी अवधि की तुलना में गिरावट को दर्शाते हैं।

## केंद्रीय बजट है विकसित भारत@2047 के लक्ष्य की ठोस नींव रखने वाला : सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रैसवार्ता में कहा कि वर्ष 2026 का केंद्रीय बजट विकसित भारत@2047 के लक्ष्य की ठोस नींव रखने वाला बजट है। यह बजट न केवल आर्थिक दृष्टि से बल्कि वैचारिक और प्रतीकात्मक रूप से भी औपनिवेशिक सोच से पूर्ण मुक्ति का संदेश देता है। सूद ने कहा कि गुरुवार को राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने विपक्ष को स्पष्ट और सटीक आईना भी दिखाया। उन्होंने पिछली दिल्ली सरकार की सच्चाई देश के सामने रखी एक ऐसी सरकार जो शराब नीति के नशे में डूबी हुई थी, ईमानदारी के प्रमाणपत्र बांटने वाले लोग शीश महल में रह रहे थे। प्रधानमंत्री ने यह भी स्मरण कराया कि 2014 में जब हमारी सरकार बनी, तब भारत की अर्थव्यवस्था फ्रैजाइल फाइव में गिनी जाती थी। आजादी के समय भारत विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, लेकिन 75 वर्षों में देश को उस स्थिति तक पहुंचाने वाले लोग आज बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। सूद ने कहा कि विपक्ष का तरीका एक ही है हर साल वही रटा-रटाया बयान। अरविंद केजरीवाल ने हर बजट पर क्या कहा अगर उस पर नजर डाले तों 2016 में कहा कि मिडिल क्लास से धोखा, किसान उपेक्षित, 2018 में कहा कि बजट निराशाजनक,2020 में कहा कि दिल्ली के साथ सौतेला व्यवहार, 2021–22–23 में भी वही 'डिसअपॉइंटिंग', वही 'स्टेप मदरली ट्रीटमेंट', 2025 में मेरी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं और 2026 ये बजट महंगाई और बेरोजगारी दोनों को बढ़ाने वाला साबित होगा। हर साल वही भाषा, वही आरोप, लेकिन सरकार के किसी भी सकारात्मक प्रयास पर एक शब्द की सराहना नहीं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज वैश्विक अर्थव्यवस्था किसी एक देश के आधार पर नहीं चलती। चारों ओर युद्ध, व्यापारिक तनाव, टैरिफ और प्रतिबंधों का दौर है। ऐसे समय में आपदा को अवसर में बदलने का काम प्रधानमंत्री ने किया है। सूद ने कहा कि जो लोग कहते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था डूब रही है, उन्हें यह समझना चाहिए कि यदि भारत डूबती अर्थव्यवस्था होता, तो 27 देश एक साथ हमारे साथ समझौता क्यों करते। यह बजट अंत्योदय से सर्वोदय का बजट है।

## वैशाली द्वारका लाइन पर रविवार को मेट्रो परिचालन में मामूली बदलाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) की ब्लू लाइन (वैशाली-द्वारका) पर चल रहे जरूरी मरम्मत कार्य के चलते रविवार 8 फरवरी 2026 को परिचालन में मामूली बदलाव किया गया है। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार वैशाली-द्वारका सेक्टर 21 के रूट पर आवश्यक ट्रैक रखरखाव के कारण रविवार को मेट्रो परिचालन में मामूली बदलाव रहेगा। डीएमआरसी ने यात्रियों को सलाह देते हुए कहा है कि वह रविवार को अतिरिक्त समय लेकर यात्रा के लिए निकले। क्योंकि ट्रेनों की गति धीमी हो सकती है या फेरों में थोड़े बदलाव किए जा सकते हैं। जिसके चलते रविवार को सुबह से दोपहर या देर शाम तक मेट्रो परिचालन प्रभावित रह सकता है। यदि यात्री इस रूट पर यात्रा कर रहे हैं, तो मैजिक ब्रिक के अनुसार अपने गंतव्य पर समय से पहुंचने के लिए अतिरिक्त समय लेकर घर से निकलें। यदि आवश्यक हो, तो यात्रियों को इंडिया डॉट कॉम के अनुसार पीली या अन्य लाइनों के माध्यम से वैकल्पिक रूट का उपयोग करने की भी सलाह दी जाती है।

डीएमआरसी द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, मरम्मत के कारण किसी विशेष सेक्शन पर ट्रेनें एकल लाइन यानी केवल एक ही साइड के ट्रैक पर चलाई जा सकती है।

## मामूली विवाद में कपड़ा विक्रेता की हत्या, एक व्यक्ति घायल

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के बदरपुर थाना एरिया में सेंट्रो कार के 'साइड मिरर' को पहुंचे नुकसान के बाद उभरी रंजिश में एक कपड़ा विक्रेता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। गुरुवार रात यह घटना सामने आई। पुलिस ने मामले में दो नाबालिगों समेत चार लोगों को पकड़ लिया हैं। पुलिस के अनुसार गौतमपुरी इलाके में हुई चाकूबाजी की इस घटना के संबंध में बदरपुर थाने में पीसीआर से गुरुवार रात 10 बजे सूचना प्राप्त हुई। पुलिस की एक टीम गौतमपुरी में सार्वजनिक शौचालय और आयुर्वेद अस्पताल के पास तुरंत मौके पर पहुंची, जहां भीड़ जुटी हुई थी और घटनास्थल पर खून के धब्बे थे। घटनास्थल को तुरंत सुरक्षित किया गया और फोरेंसिक सबूत और तस्वीरें इकट्ठा करने के लिए जिला अपराध टीम को बुलाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कार का साइड मिरर टूटने के बाद कहासुनी शुरू हुई। दोनों समूहों के बीच पुरानी रंजिश के कारण इस कहासुनी ने जल्द हिंसक रूप ले लिया। पीड़ितों की पहचान कपड़ा विक्रेता अरुण (25) और एम्स में सफाई कर्मी शिवम (25) के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि चाकूबाजी में घायल दोनों लोगों को इलाज के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया था, जहां अरुण की गंभीर घाव के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई। मुख्य आरोपी समेत 16 वर्षीय दो नाबालिगों को हिरासत में लिया गया जबकि अमर (25) और विक्की (31) सहित दो अन्य को गिरफ्तार किया गया। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) (हत्या), 109 (हत्या का प्रयास), और 3(5) (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।


### मार्च 2026 माह के लिए ई–नीलामी कार्यक्रम

तिनसुकिया मंडल के क्षेत्राधिकार में रेलवे की रद्दी माल की बिक्री के लिए **मार्च' 2026** महीने के लिए ई–नीलामी कार्यक्रम।

| क्र.सं. | माह | तय तिथि |
|---|---|---|
| 1 | मार्च 2026 | तिनसुकिया मंडल के लिए 05/03/26, 13/03/26, 24/03/26 और 30/03/26 एवं जीएसडी/डिब्रूगढ़ टाउन के लिए 03/03/26, 11/03/26, 19/03/26 और 27/03/26 |

इच्छुक बोलीकर्ताओं से आग्रह किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिये ई–नीलामी में भाग लें।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिब्रूगढ़

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन चड्ढा** पुत्र मदन लाल चड्ढा, निवासी- ई-5/50, दूसरी मंजिल, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 424/16 धारा 287/304ए/506 भा.द.स, थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पवन चड्ढा** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **पवन चड्ढा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्‌घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **पवन चड्ढा, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 424/16 धारा 287/304ए/506 भा.द.स, थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.03.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री भारती बेनीवाल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05 (उत्तर)
कोर्ट रूम नंबर 114, पहली मंज़िल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/1438/ON/2026**



### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक के तहत रोहतक में एक एकड़ भूमि में डॉ. मंगलसेन मैमोरियल भवन का निर्माण (सिविल कार्य, प्लम्बिंग कार्य और विद्युत कार्य)। | 05.02.2026 26.02.2026 | रु.1326.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42802/I/88/7 दि. 06.02.26


## विपक्षी दलों ने सुझाव के साथ कमियां भी गिनाई

# निगम बजट पर चर्चा में भाजपा पार्षदों ने दिए राजस्व बढ़ाने के सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के वित्तीय वर्ष 2025-2026 के संशोधित बजट अनुमान एवं वर्ष 2026-2027 के बजट अनुमानों को लेकर दिल्ली नगर निगम के सदन की विशेष बैठक में सत्तापक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने अपने अपने सुझाव और कमियों का जिक्र किया। बैठक में भाजपा पार्षदों ने निगम के राजस्व को बढ़ाने पर जोर दिया तो वहीं, विपक्ष में आम आदमी पार्टी, इंद्रप्रस्थ विकास पाटी (आईवीपी), कांग्रेस दल की तरफ से पार्षदों ने कमियां गिनाते हुए तालमेल बिठाने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार दिल्ली को साफ



स्वच्छ सुन्दर एवं हरित शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस बैठक में सभी पार्षदों के सुझाव आमंत्रित हैं ताकि दिल्ली को बेहतरीन और सुंदर शहर बनाया जा सके। बैठक में भाजपा से पार्षद प्रीति ने पार्किंग में सुधार और राजस्व बढ़ाने के कई सुझाव दिए। जबकि आप की डिंपल आहूजा ने कहा कि बजट में कुछ खास नहीं हैं। आईवीपी के हेमचंद गोयल ने कहा कि हर वार्ड में एक हर्बल पार्क, एसी समुदाय भवन होना चाहिए। पार्षद फंड 2 करोड़ मिलना भी चाहिए। अनधिकृत कॉलोनी में कार्य करने की शक्तियां भी दी जाए। भाजपा से राजपाल सिंह ने कहा कि टोल टैक्स पर एक कमिटी का गठन किया जाए ताकि टोल वसूलने में निगम को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। आप के पार्षद विकास ने बजट की जन विरोधी बताया। भाजपा पार्षद रामनिवास ने कहा कि गांव व शहरों की दूरी कम करने वाला बजट हो। नरेंद्र गिरसा ने सभी वार्डों में बेहतर कार्य करने और राजस्व को बढ़ाने वाले सुझाव दिए। बता दें कि दो बजे की जगह तीन बजे शुरू हुई बजट बैठक रात साढ़े सात बजे तक चलती रही।

आईवीपी पार्षद साहिब कुमार ने कहा कि सफाई कर्मियों की भर्ती की जाए। भाजपा पार्षद सुंदर सिंह तंवर ने कहा कि 60 फुट से अधिक के मार्गों को कमर्शियल किया जाए ताकि निगम को राजस्व मिल सके। सफाई कर्मियों की संख्या उचित अनुपात में होनी चाहिए। भाजपा पार्षद संदीप कुमार ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण और कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण के लिए बजट का विशेष प्रावधान हो। अवैध पार्किंग पर लगाम लगाई जाए। दुकानों पर लगने वाले साइन बोर्ड की नीति में संशोधन होना चाहिए। भाजपा पार्षद अर्जुन मारवाह ने कहा कि दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की जरूरत है। विज्ञापन, साप्ताहिक बाजारों के लिए पारदर्शी नीति पर ध्यान देना होगा।




### पश्चिमी जिले के जनकपुरी की घटना, जलबोर्ड ने खोदा हुआ था 15 फुट गहरा गड्ढा

# निर्माणाधीन सड़क पर गड्ढे में गिरने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली में शुक्रवार सुबह एक जलबोर्ड द्वारा खोदे गये गड्ढे में गिरने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक का नाम कमल ध्यानी (27) पुत्र नरेश चंद ध्यानी निवासी आरजेड-13बी, गली नंबर 4, कैलाशपुरी, पालम कॉलोनी बताया गया है। शुरुआती जांच में पता चला कि युवक रोहिणी में एचडीएफसी बैंक के कॉल सेंटर में कार्यरत था और अपने ऑफिस से घर जा रहा था।

पुलिस ने बताया कि जनकपुरी इलाके में हुई इस घटना के संबंध में सूचना सुबह करीब आठ बजे मिली। महिला कॉलर ने बताया गया कि बी3बी, आंध्रा स्कूल के पास, जनकपुरी में एक आदमी 15 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया है, मदद चाहिए। इसके बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। देखा कि एक लड़का बेहोश हालत में है और एक अपाचे बाइक जोगिंदर सिंह मार्ग पर सी2बी रेडलाइट की ओर जाने वाले दिल्ली जलबोर्ड द्वारा खोदे गए गड्ढे के अंदर पड़ी है। युवक को दमकल विभाग के स्टाफ की मदद से गड्ढे से बाहर निकाला गया और दीन दयाल अस्पताल, हरि नगर ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में लड़के की पहचान कमल ध्यानी के रूप में हुई। पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



#### रातभर थानों के चक्कर लगाता रहा परिवार

*कमल के घर ना पहुंचने पर पीड़ित परिवार रातभर विकासपुरी और जनकपुरी थानों के चक्कर लगाता रहा, लेकिन कहीं कोई सुराग हाथ नहीं लगा। परिवार का कहना है कि रात लगभग 1.35 बजे कमल का भाई करण ध्यानी कुछ दोस्तों के साथ विकासपुरी थाने भी गया। उन्हें बताया गया कि इस नाम से किसी दुर्घटना या एमएलसी की कोई जानकारी नहीं है। उन्हें यह भी बताया गया कि उसकी बाइक नंबर की भी कोई रिपोर्टिंग नहीं है। चूंकि कमल ने आखिरी कॉल डिस्ट्रिक्ट सेंटर से की थी, इसलिए वे फिर जनकपुरी आए। सुबह 2:50 बजे शिकायतकर्ता करण ध्यानी जनकपुरी थाने पहुंचा था जहां उसने अपने भाई कमल ध्यानी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस स्टेशन में वे एसआई अवंत से मिले।*

#### पुलिस का तुरंत हरकत में आने का दावा

पुलिस का दावा है कि तुरंत एसआई ने कमल के मोबाइल की लोकेशन ट्रैक की जो पोसांगीपुर पार्क, जनकपुरी के पास दिखा रही थी। इसके अलावा कमल की डिटेल्स, फोटो और गाड़ी की जानकारी वेस्ट डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम, एसएचओ के ग्रुप और जनकपुरी थाने के व्हाट्सएप ग्रुप में सर्कुलेट की गई। हेड कांस्टेबल रामकेश, कांस्टेबल तेजपाल और होमगार्ड विकास ने परिवार वालों के साथ मिलकर लोकेशन के हिसाब से पार्क और आसपास की पार्किंग जगहों और कॉलोनी में कमल की तलाश की, लेकिन घंटों तक लगातार तलाश करने के बाद भी न तो कमल मिला और न ही उसकी गाड़ी। इस घटना के लिए जनकपुरी थाने सेक्शन 105 बीएनएस (गैर इरादतन हत्या) के तहत ठेकेदार और दिल्ली जल बोर्ड के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि जांच प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### दिल्ली में पिछले दो वर्षों के बड़े हादसे

- **27 जुलाई 2024 :** ओल्ड राजेंद्र नगर में कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में जलभराव, तीन अभ्यर्थियों की मौत।
- **31 जुलाई 2024 :** गाजीपुर में खुले नाले में डूबकर 23 वर्षीय महिला और उसके तीन वर्षीय बेटे की मौत।
- **7 अक्टूबर 2024 :** अलीपुर में पांच वर्षीय बच्चे की खुले नाले में गिरकर मौत।
- **5 मार्च 2025 :** उत्तर-पूर्व दिल्ली में सात वर्षीय बच्चे की खुले नाले में गिरकर मौत।
- **9 जुलाई 2025 :** महिंद्रा पार्क में चार वर्षीय बच्चे की मौत।
- **16 अगस्त 2025 :** वेलकम में पतंग के पीछे भागते समय सात वर्षीय बच्चे की खुले नाले में गिरकर मौत।

#### दिल्ली में हर माह औसतन चार लोगों की मौत

राजधानी में खुले नालों और मानसून के दौरान जलजमाव के कारण औसतन हर माह चार लोगों की जान जा रही है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि जनवरी 2024 से दिसंबर 2025 के बीच ऐसे हादसों में 89 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, इसके बावजूद लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही। इन मौतों के बाद न तो जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होती है और न ही कई मामलों में पीड़ित परिवारों तक मुआवजा पहुंच पाता है।

## दिल्ली सरकार ने सुरक्षा चूक पर तीन अधिकारियों को किया निलंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जल मंत्री मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने जनकपुरी स्थित जोगिंदर सिंह मार्ग पर बीती रात हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे का संज्ञान लेते हुए स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था में पर्यवेक्षण और अनुपालन में हुई चूक को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित तीन अधिकारियों को तत्काल निलंबित कर दिया। निलंबित अधिकारियों में कार्यकारी अभियंता (ईई), सहायक अभियंता (एई) और कनिष्ठ अभियंता (जेई) शामिल हैं। वहीं मंत्री प्रवेश ने कहा कि कार्य निष्पादन कर रही एजेंसी के विरुद्ध जांच प्रारंभ कर दी गई है तथा दोष सिद्ध होने की स्थिति में ब्लैकलिस्टिंग सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच दिल्ली पुलिस ने भी मामले में एफआईआर दर्ज कर स्वतंत्र जांच शुरू कर दी है। जल मंत्री प्रवेश ने बताया कि प्रारंभिक निरीक्षण में सामने आया कि चल रहे सीवर प्रोजेक्ट के तहत लगभग 6 मीटर लंबा, 4 मीटर चौड़ा और करीब 4.25 मीटर गहरा गड्ढा खोदा गया था। हालांकि सड़क के कुछ हिस्सों पर बैरिकेडिंग की गई थी, लेकिन प्रारंभिक तौर पर यह पाया गया कि खुदाई स्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी तरह नहीं थीं तथा वहां दोपहिया वाहनों की आवाजाही जारी थी, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि नोएडा में हुई एक समान घटना के बाद 24 जनवरी को दिल्ली जल बोर्ड द्वारा सभी अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को सुरक्षा मानकों के सख्त पालन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसी प्रकार पीडब्ल्यूडी तथा सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा भी सुरक्षा संबंधी निर्देश प्रसारित किए गए थे। वर्तमान घटना से इन निर्देशों के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन एवं निगरानी में कमी उजागर हुई है।

### डीजेबी का दावा, बैरिकेड्स और ग्रीन सेफ्टी मेश लगाकर यातायात किया था बंद

नई दिल्ली। जनकपुरी क्षेत्र में 5 फरवरी की रात दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने खोदे गए एक गड्ढे में गिरने से मोटर साइकिल सवार की मौत मामले पर गठित दो सदस्यीय जांच समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट सामने आई है। इस प्रारंभिक रिपोर्ट में डीजेबी ने दावा किया है कि 5 फरवरी 2026 की रात जनकपुरी क्षेत्र में सीवर लाइन पुनर्वास परियोजना स्थल पर एक दुखद दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। डीजेबी ने कहा है कि इस मामले की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि जिस सड़क पर कार्य चल रहा था, उसे बैरिकेड्स और ग्रीन सेफ्टी मेश लगाकर यातायात के लिए बंद किया गया था। डीजेबी का प्रारंभिक रिपोर्ट में दावा है कि दुर्घटना स्थल पर स्थित गड्ढा भी इसी बंद सर्विस रोड पर ग्रीन मेश से घेरा गया था। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, यद्यपि भूमिगत सीवर लाइन बिछाने के कार्य हेतु सर्विस रोड को सार्वजनिक सुरक्षा के दृष्टिगत बैरिकेड करके बंद कर दिया गया था। दो सदस्यीय जांच समिति ने माना कि बावजूद इसके फिर भी कुछ अतिरिक्त सुरक्षा उपाय अपनाए जाने की आवश्यकता थी।

### मृतक के परिजनों को दिया जाना चाहिए एक करोड़ का मुआवजा : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने जनकपुरी विधानसभा में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा खोदे गढडे में गिरने से कमल



नाम युवक की मृत्यु को दिल्ली सरकार की घोर लापरवाही बताते हुए मांग की है कि पीडित परिवार को तुरंत एक करोड़ का मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि  कि युवक की मौत सीधे सीधे सरकारी विभाग की लापरवाही के कारण हुई है, इसलिए जनकपुरी से विधायक और संबंधित विभाग के मंत्री आशिष सूद को यह जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। गड्ढे में गिरने से बाईक सवार 25 वर्षीय युवक की मौत के लिए सीएम रेखा गुप्ता को सीधे तौर जिम्मेदारी लेनी चाहिए। यादव ने कहा कि युवक की मौत पर मंत्री आशिष सूद सहानुभूति प्रकट करके डीजेबी को जिम्मेदार ठहराने की जगह सीसीटीवी फुटेज, जांच अन्य लापरवाही वाले बयान दे रहे है। उनके बयान से साफ जाहिर होता है कि भाजपा नेताओं में लोगों के प्रति सहानुभूति नही है।

### गड्ढे में गिरकर युवक की मौत हादसा नहीं, हत्या है : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने जनकपुरी में सड़क में खोदे गए गड्ढे में गिर कर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत के लिए भाजपा सरकार को सीधे जिम्मेदार बताया है। 'आप'



के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश की राजधानी में सड़क में खोदे गए गड्ढे में गिरकर युवक की मौत हादसा नहीं, बल्कि हत्या है। नोएडा की घटना से भी भाजपा ने कुछ नहीं सीखा। घोर लापरवाही और गैर-जिम्मेदार रवैया अब भाजपा सरकारों की पहचान बन चुका है, जिसका खामियाज़ा आम जनता भुगत रही है। ईश्वर उस परिवार को शक्ति दें, जिसने सरकार की लापरवाही की वजह से अपना बच्चा खो दिया। 'आप' का कहना है कि इस घटना ने बीते माह नोएडा के एक नाले में गिरकर हुई सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत की याद दिला दी है। बाइक सवार युवक रात भर गड्ढे में ही पड़ा रहा और तड़प कर मर गया। मृतक के परिजन दिल्ली के कई थानों में जाकर पुलिस से मदद मांगते रहे, पर कोई मदद नहीं मिली।

### सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे स्थानीय विधायक और मंत्री आशीष सूद



दिल्ली के शहरी विकास मंत्री और स्थानीय विधायक आशीष सूद ने जोगिंदर सिंह मार्ग पर जल बोर्ड के निर्माण कार्य के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने से युवक कमल की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि वह घटना से बहुत आहत हैं। मंत्री ने सूद ने घटनास्थल का दौरा किया और मृतक के परिवारजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पूरी दिल्ली सरकार दुख की इस घड़ी में इस परिवार के साथ खड़ी है। घटना की जांच के निर्देश दे दिए गए हैं और दोषियों को सख्त सजा दी जाएगी। मृतक के परिवार ने डीजेबी की ओर से लापरवाही का आरोप लगाया है और उसकी मौत में साजिश की आशंका भी जताई है।

## दिव्यांगजन अपने आत्मविश्वास से बन रहे हैं समाज के लिए प्रेरणा : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिव्यांगजन अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और परिश्रम से हर चुनौती को पार कर समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। यह बात शुक्रवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ दिल्ली द्वारा आयोजित तीसरी दिल्ली स्टेट सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर पैरा एथलेटिक्स मीट 2025-26 का आयोजन के अवसर पर कही। मंत्री इंद्राज इस आयोजन पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने प्रतिभागी दिव्यांग खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दिव्यांगजन अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और परिश्रम से हर चुनौती को पार कर समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण साधन है।

मंत्री इंद्राज ने कहा कि सबके अपने जीवन जीने की कला है। यदि कहीं यह महसूस हो कि उपेक्षा हो रही है, तो दिल्ली सरकार दिव्यांगजनों के साथ मजबूती से खड़ी है। दिव्यांगों के लिए किसी भी क्षेत्र में उपेक्षा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार दिव्यांग खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं, प्रशिक्षण और मंच उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि वे राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें। साल में एक बार नहीं, बल्कि 2-3 बार पैरा ओलंपिक में भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के उत्थान के लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह तत्पर है। सभी खिलाड़ी अपने-अपने क्षेत्र में गोल्ड मेडल लाएं, दिल्ली सरकार उनके साथ है। आप पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन करें।

### डीटीटीडीसी और भारत टैक्सी के बीच हुआ करार

# 'भारत टैक्सी' के सहकारी कैब मॉडल से जुड़ने वाला देश का पहला राज्य बना दिल्ली: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करते हुए दिल्ली देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने 'भारत टैक्सी' के सहकारी मोबिलिटी प्लेटफॉर्म के साथ औपचारिक साझेदारी की है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दी है।



मुख्यमंत्री ने कहा है कि इसका उद्देश्य दिल्ली आने वाले पर्यटकों और यहां के नागरिकों को सुरक्षित, भरोसेमंद और पारदर्शी टैक्सी सेवाएं देना तथा टैक्सी चालकों की आय व सम्मान को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यह समझौता एक साथ ईज ऑफ लिविंग, ईज ऑफ ट्रैवल और ईज ऑफ अर्निंग को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में आयोजित बैठक में दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) ने भारत टैक्सी की सहकारी इकाई सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री व डीटीटीडीसी के चेयरमैन कपिल मिश्रा, डीटीटीडीसी के प्रबंध निदेशक सुनील अंचिपाका और महाप्रबंधक डी. कार्तिकेयन भी उपस्थित थे। एसटीसीएल की ओर से वाइस चेयरमैन रोहित गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्नल हिमांशु और ऑपरेशंस व कम्युनिटी एंगेजमेंट की कार्यकारी आरुषि कौल उपस्थित रहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य दिल्ली में सहकारी मॉडल के तहत आधुनिक और भरोसेमंद टैक्सी सेवाओं को मजबूत करना है। परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ ऐसे मॉडल को आगे बढ़ाना है, जिसमें तकनीक के साथ-साथ मानवीय गरिमा और आजीविका की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। सहकारी टैक्सी मॉडल इसी सोच को जमीन पर उतारता है।

### मार्कशीट आपकी पहचान नहीं, आपका माइंडसेट और आत्मविश्वास ही आपकी असली है ताकत : सूद

नई दिल्ली। मार्कशीट आपकी पहचान नहीं, आपका माइंडसेट और आत्मविश्वास ही आपकी असली ताकत है। यह बात शुक्रवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मोती बाग-दो, नानकपुरा के सीएम श्री स्कूल में परीक्षा पे चर्चा -2026 कार्यक्रम के तहत संवाद करते हुए कही। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों से संवाद करते हुए परीक्षा पे चर्चा 2026 का लाइव प्रसारण देखा और उनसे संवाद करते हुए कहा कि परीक्षाएं डरने की नहीं, उत्सव की तरह लेने की चीज हैं। सूद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा ह आप अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस रखें, अपना लक्ष्य तय करें और उसे पाने के लिए निरंतर मेहनत करें। समय का सही प्रबंधन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। पढ़ाई के साथ खेल में भी हिस्सा लें इससे आपकी मानसिक और शारीरिक  दोनों का विकास होता है। शिक्षा मंत्री ने परीक्षा के तनाव पर बच्चों से बात करते हुए कहा कि परीक्षा से डरने की कोई जरूरत नहीं है।

### नरेला में 'जनकपुरी' जैसी घटना का डर

# नाले में समा सकती है सिंघु गांव की सड़क

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा स्थित सिंघु गांव से ताजपुर, बकौली और हमीदपुर को जोड़ने वाला नाले पर बना मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाली व सुरक्षा दीवार गिरने के चलते गंभीर खतरे का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस मार्ग पर ध्यान नहीं दिया गया तो जनकपुरी और नोएडा जैसी घटना हो सकती है। आरडब्ल्युए पदाधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि इस मार्ग पर लगातार छोटे-बड़े वाहन, स्कूल बसें और आम नागरिक आवाजाही करते हैं।

करीब दो साल पहले ही नाले पर बनी सड़क जगह-जगह धंस चुकी है और नाले की दीवार जगह जगह टूटकर अंदर समा गई है। इसके बावजूद जन प्रतिनिधि और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं, इस संबंध में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के संबंधित अधिकारी प्रदीप ने बताया कि उन्होंने हाल ही में पद संभाला है और इस सड़क की वर्तमान हालत की जानकारी ली है। जल्द ही यहां की



समस्याओं को दूर किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क और नाले के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हुआ है, जिसका खामियाजा अब आम जनता भुगत रही है। धुंध और रात के समय यह मार्ग और भी खतरनाक हो जाता है, जहां किसी भी समय वाहन नाले में गिर सकता है। लोगों ने आशंका जताई कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो जनकपुरी गड्ढे और नोएडा जैसी दर्दनाक घटना यहां भी दोहराई जा सकती है। स्थानीय निवासियों ने दिल्ली सरकार और प्रशासन से मांग की है कि तत्काल इस मार्ग की मरम्मत, नाले की मजबूती और सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि किसी निर्दोष की जान न जाए। उनका कहना है कि प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय अभी कदम उठाने चाहिए।

## खबर संक्षेप

### अवैध नशा बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** 5 फरवरी को अपराध शाखा सेक्टर-48 व अपराध शाखा एवीटीएस-2 की टीम ने अवैध नशा बेचने वाले अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए मोहम्मद चांद निवासी दीघौन जिला खगरिया, एसी नगर फरीदाबाद को 1250 ग्राम गांजा सहित नियर नीलम बाटा चौक के पास से काबू किया।



### साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने जस्ट डायल प्लेटफॉर्म पर फर्जी विक्रेता बनकर लोगों से ठगी करने वाले आरोपी विकास निवासी शास्त्री पार्क, चंद्रनगर, कृष्णा नगर ईस्ट दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-85 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में शिकायत दर्ज करवाई कि उसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामान की आवश्यकता थी।



### ठगी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 47,75,000 रुपए की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद अर्श निवासी टुकिनिया, थाना चौराइन, कानपुर यूपी तथा मोहम्मद तासिफ निवासी धिपियाना, कर्नलगंज, कानपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-88 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दी थी।

# वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मिल रही मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**खास बातें**

- सूरजकुंड शिल्प मेले में एक साथ आगे बढ़ रहे कौशल, संस्कृति और उद्यमिता
- प्रदर्शनी स्टॉल के माध्यम से एमएसएमई की विभिन्न उद्यमिता पहलों को किया जा रहा है प्रदर्शित



सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला रंग-बिरंगे शिल्प, लोक कलाओं और सांस्कृतिक विविधता के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध है। इसी जीवंत मंच पर राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान ने अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। निसबड द्वारा लगाए गई विशेष प्रदर्शनी स्टॉल के माध्यम से कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की विभिन्न उद्यमिता पहलों को प्रदर्शित किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य पारंपरिक कौशलों पर आधारित स्वरोजगार और सतत आजीविका को बढ़ावा देना है और युवाओं को अधिक से अधिक जागरूक करना है। यह मंत्रालय मेले में प्रदर्शनी स्टॉल के अलावा मेले में आए कारीगरों और उभरते उद्यमियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद भी कर रहा है। इन संवाद सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को सरकारी योजनाओं, एमएसएमई सहायता तंत्र, वित्तीय संसाधनों और व्यवसाय की बुनियादी समझ से अवगत कराया जा रहा है। यह पहल जमीनी स्तर पर उद्यमिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम की विशेष झलक रही समावेशी उद्यमिता का उत्सव, जिसमें हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कारीगरों, पर्यावरण-अनुकूल नवाचार करने वाले उद्यमियों तथा ट्रांसजेंडर उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। यह पहल न केवल पारंपरिक शिल्प को नया बाजार उपलब्ध करा रही है, बल्कि समाज के हर वर्ग को उद्यमिता से जोडऩे का सशक्त संदेश भी दे रही है। सूरजकुंड मेले में निसबड की यह सहभागिता वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान कर रही है, जहां कौशल, संस्कृति और उद्यमिता एक साथ आगे बढ़ रहे हैं।

### मेले में राजस्थान के गांव मौलाना से आए लक्ष्मी लाल कुमार ने लगाई हुई है मिट्टी के सजावटी सामान की स्टॉल

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेले में देश.विदेश से आए कलाकार कलाए संस्कृति तथा पारंपरिक शिल्पों का भव्य प्रदर्शन कर रहे हैं। सूरजकुंड मेले में मिट्टी के बर्तन, सजावटी वस्तुएं, हस्तकरघा उत्पाद और लोक कलाएं विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। राजस्थान की मिट्टी के बर्तन और अन्य सजावटी सामान मेले की शान बढ़ा रहे हैं और पर्यटक इनकी खरीददारी कर रहे हैं। रंग-बिरंगे घड़े, सुराही, दीये, पानी की बोतल, फूलदान और कलात्मक प्लेटें और चिकनी और काली मिट्टी से निर्मित अन्य सामान सहज ही पर्यटकों का अपनी और आकर्षित कर रही हैं। इन सामान और बर्तनों पर पारंपरिक राजस्थानी डिजाइन और चमकीले रंग बनाए जाते हैं, जो राज्य की समृद्ध संस्कृति को दर्शाते हैं। कई कारीगर वहीं चाक



पर मिट्टी को आकार देते हुए दिखाई देते हैं, जिससे आगंतुक उनकी कला को करीब से समझ पाते हैं। सूरजकुंड मेले में टेराकोटा और अन्य प्रकार की मिट्टी की वस्तुएं भी उपलब्ध हैं, जिनमें घर सजाने के लिए मूर्तियां, खिलौने और हस्तनिर्मित सजावटी सामान शामिल हैं। ये वस्तुएं केवल सजावट के लिए ही नहीं, बल्कि भारतीय ग्रामीण जीवन और परंपराओं की झलक भी प्रस्तुत करती हैं।

### विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई के प्रधान राहुल सिंह चिंडालिया ने की

# नगर निगम सैनिटेशन स्टाफ यूनियन के पदाधिकारी मुख्यालय के समक्ष दूसरे दिन भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सैनिटेशन स्टाफ यूनियन द्वारा नगर निगम मुख्यालय के समक्ष दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई के प्रधान राहुल सिंह चिंडालिया ने की एवं संचालन सचिव विशाल पारछा ने किया। प्रदर्शन में संघ के राज्य उप महासचिव सुनील चिंडालिया, जिला प्रधान दलीप बोहत एवं जिला सचिव अनिल चिंडालिया, रघुबीर चौटाला कैशियर, सुदेश जैनवाल उपप्रधान, अनूप चिंडालिया प्रधान सीवरमैन कर्मचारी यूनियन, बलबीर सिंह बालगुहेर प्रधान सफाई कर्मचारी यूनियन, नानक चंद खैरालिया जिला ऑडिटर, हेमवती नंदन प्रधान बेलदार कर्मचारी यूनियन, परसराम अधाना प्रधान नियमित चालक यूनियन, महेश फोगाट प्रधान चालक यूनियन, रणजीत शुक्ला प्रधान क्लर्क यूनियन, डा वेद प्रकाश शर्मा उपप्रधान वाटर सप्लाई यूनियन, रामरतन कर्दम सचिव वाटर सप्लाई यूनियन, जीतराम गोला सचिव बेलदार कर्मचारी यूनियन, मनोज शर्मा इलेक्ट्रिशन कर्मचारी यूनियन, महेन्द्र कुड़िया सचिव सफाई कर्मचारी यूनियन, श्रीनंद ढकोलिया वरिष्ठ उपप्रधान, नगर निगम मुख्यालय के गेट पर आज सैनिटेशन स्टाफ यूनियन के सैकड़ों कर्मचारी भोजन अवकाश के समय 3 सफाई दरोगाओं एवं एक सहायक सफाई निरीक्षक को 1 फरवरी 2026 रविवार अवकाश के दिन गलत तरीके से निलंबन एवं जारी किया गया जबकि इन सफाई दारोगाओं की ड्यूटी लिखित आदेश अनुसार अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में लगी हुई थी। रविवार अवकाश के दिन मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव साकेत कुमार ने शहर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर हमारें चार सफाई दरोगाओं को निलंबित कर दिया। संघ ने प्रशासन के इस अनावश्यक कार्यवाही का विरोध किया। नगर निगम फरीदाबाद के स्पेशल सैनिटेशन ऑफिसर अश्वीर नैन के द्वारा लगातार संघ के नेताओं के साथ गलत तरीके से पेश आ रहे है उक्त अधिकारी के व्यवहार से दुखी होकर आज सैनिटेशन स्टाफ यूनियन ने लगातार दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन कर लगाए गंभीर आरोप। संघ के नेताओं ने अपने भाषण में प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रशासन निलंबित हुए सफाई दरोगाओं एवं सहायक सफाई निरीक्षक को बहाल करें एवं उक्त अधिकारी के खिलाफ नियम अनुसार विभागीय कार्यवाही करें। जब तक प्रशासन इस मुद्दे पर बैठकें बातचीत नहीं करेगा। तब तक आंदोलन जारी रहेगा अगर फिर भी प्रशासन ने सुनवाई नहीं की तो संघ को मजबूरन हड़ताल जैसा ठोस कदम उठाना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी। आज के विरोध प्रदर्शन में अन्य के अलावा महिला नेता सुरेश देवी, कमलेश, राजवती, सफाई कर्मचारी नेता प्रेमपाल राकेश चिंडालिया, सैनिटेशन स्टाफ के कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र नागर, वरिष्ठ उपप्रधान मदन सिंह चिंडालिया, उप प्रधान सुनील खंडेलवाल, सह सचिव दीपचंद हंस, प्रचार सचिव दीपक, ओल्ड जोन के प्रधान राकेश, सचिव रोहतास, बल्लभगढ़ जोन के प्रधान श्यामवीर, सचिव विनोद चौटाला आदि।



### निगम आयुक्त ने प्लानिंग और लैंड ब्रांच के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



**फरीदाबाद।** नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने शुक्रवार को नगर निगम की प्लानिंग और लैंड ब्रांच के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। गम आयुक्त ने अधिकारियों को नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम के प्लानिंग विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर उचित दिशा निर्देश दिए। लैंड ब्रांच एवं लीगल ब्रांच से संबंधित लंबित अदालती मामलों के शीघ्र निपटान की दिशा में प्रभावी कदम उठाने तथा निगम भूमि से जुड़े न्यायालयों के आदेशों के अनुपालन से संबंधित मामलों पर विस्तार से चर्चा की। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि अदालतों के आदेशों का समयबद्ध और पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी अड़चन न आए। साथ ही अदालत के द्वारा ऐसे आदेशों को तुरंत प्रभाव से अमल में लाया जाए जिनमें अदालत द्वारा निगम को जमीन अपने अधीन लेने अथवा जमीन के संदर्भ में रिकवरी प्राप्त करनी है।

### अध्यक्ष ललित जायसवाल ने जानकारी देते हुए अवगत कराया

# कवि नगर रामलीला मैदान में आठ फरवरी को होगा विराट हिंदू सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष में हिंदू जागरण की दिशा में नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सभी हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति,सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 8 फरवरी को दोपहर 2:00 बजे से कवि नगर के रामलीला मैदान में किया जा रहा है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने बताया कि कवि नगर रामलीला मैदान में होने वाले हिंदू सम्मेलन के विषय में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि कार्यक्रम में स्वामी दीपांकर पवन सिन्हा, श्रद्धेय जीवन ऋषि महाराज, श्रद्धेय अरविंद भाई ओझा एवं श्रद्धेय नवनीत प्रिय दास की उपस्थिति रहेगीर हिंदुत्व, सनातन धर्म, संस्कार और राष्ट्र प्रेम के संबंध में सभी का उद्बोधन रहेगा।

### पुलिस ने छह दिन के रिमांड पर लिया

# ईओडब्ल्यू ने 32 माइल स्टोन के डायरेक्टर ध्रुव शर्मा को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 32 माइलस्टोन के डायरेक्टर ध्रुव शर्मा को गिरफ्तार किया है। ध्रुव शर्मा 100 करोड़ के फ्लैट वाली सबसे पॉश सोसाइटी दी कैमेलियाज में रहता है। आरोप है कि आरोपी ने सेक्टर-15 स्थित 32 माइलस्टोन बिल्डिंग की एक यूनिट का सेल एग्रीमेंट करवाकर फिर उस सेल की गई यूनिट को 25 लोगों को बेच दिया। एक व्यक्ति से उसने दो करोड़ 50 लाख रुपए लिए थे। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी।

### मंत्री नागर के भतोला निवास पर हर्षोल्लास से मना जन्मदिवस

# प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर के जन्मदिन पर हेलिकाप्टर से पुष्प वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री एवं वरिष्ठ जननेता राजेश नागर का जन्मदिन उनके भतोला स्थित निवास पर बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। एक रात पहले से ही समर्थकों, कार्यकर्ताओं और आमजन का तांता उनके निवास पर लगा रहा। जन्मदिन समारोह की सबसे खास और आकर्षक झलक उस समय देखने को मिली जब कार्यकर्ताओं द्वारा हेलीकॉप्टर के माध्यम से पुष्प वर्षा की गई। आसमान से फूलों की बारिश होते ही पूरा वातावरण उत्साह से भर गया। यह दृश्य देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे। मंत्री राजेश नागर ने आयोजन की शुरुआत



परिजनों का आशीर्वाद लेकर हवन के साथ की। इस खास अवसर पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पलवल जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला विशेष रूप से मंत्री राजेश नागर को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने पहुंचे।

### चार दशकों से अधिक लंबे कॅरियर में अहम भूमिका निभाई

# बिष्णु प्रसाद पाणिग्रहि लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बिष्णु प्रसाद पाणिग्रहि, ग्रुप हेड – मेडिकल स्ट्रैटेजी, फोर्टिस हेल्थकेयर को उनकी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए, 16वें एमटी इंडिया हेल्थकेयर अवाड्र्स 2026 में लाइफटाइम एचीवमेंट इन हेल्थकेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार हेल्थकेयर सेक्टर के प्रति डॉ पाणिग्रहि के पिछले कई दशकों के योगदान और भारत में क्लीनिकल गवर्नेंस, मरीज-केंद्रित देखभाल तथा हेल्थकेयर डिलीवरी प्रणालियों को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता प्रदान करता है। साथ ही, उनकी पेशेवर उत्कृष्टता तथा मेंटॉरशिप एवं निष्ठाभाव के साथ समाज के प्रति उनकी सेवाओं को भी सम्मानित करता है। अपने चार दशकों से भी अधिक लंबे कॅरियर में, डॉ पाणिग्रहि ने भारत के आधुनिक हॉस्पीटल इकोसिस्टम को आकार देने में अहम भूमिका निभाई है। देशभर में अग्रणी हेल्थकेयर संस्थानों के लिए फ्लैगशिप ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के कार्यान्वयन समेत कई प्रमुख टर्शियरी एवं क्वाटर्नरी केयर हॉस्पीटलस की प्लानिंग और उनकी स्थापना में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। फोर्टिस हेल्थकेयर के विस्तृत मल्टी-हॉस्पीटल नेटवर्क में डॉ पाणिग्रहि ने कई मेडिकल स्ट्रैटेजीस एवं ऑपरेशंस का नेतृत्व करने के साथ-साथ उनके मानकीकरण, क्लीनिकल गवर्नेंस को मजबूत बनाने तथा गुणवत्ता एवं मरीज-केंद्रित देखभाल पर ज़ोर देने वाली संस्कृति तैयार करने में भी उललेखनीय रूप से योगदान किया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मोहम्मद शफीक, पुत्रः** अब्दुल मजीद, **पताः** के–400 सुंदर नगरी, **दिल्ली Ct Case No: 46867/15, U/s.: 138 NI ACT, पुलिस थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद शफीक,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद शफीक,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद शफीक, Ct Case No: 46867/15, U/s.: 138 NI ACT, पुलिस थानाः भजनपुरा, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.03.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इसरा जैदी
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1568/NE/2026
(Court Matter)

### मोबाइल चोरी, दूध की कैन धोने व गोबर एकत्र करने को लेकर विवाद बना हत्या का कारण

# डेरी कर्मी हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना टीला मोड़ पलिस टीम द्वारा ग्राम रिस्तल में श्रीजी कामधेनु डेयरी पर काम करने वाले नौकर की हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्या का कारण गाय का गोबर उठाने व दूध का बर्तन धोने बताया गया है। आरोपी के कब्जे से अभियुक्त की निशानदेही से हत्या के समय द्वारा पहनी ऊनी जर्सी टी-शर्ट(खून के निशान लगी) व घटना स्थल से हत्या में प्रयुक्त 01 कुल्हाडी रक्त रन्जित बरामद हुई है । डीसीपी ने बताया कि वीरवल निवासी शिव विहार करावल नगर दिल्ली ने लिखित सूचना दी कि उसके भाई सुनील की रिस्तल गाँव में कुल्हाडी से अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर में चोट मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक सुनील भी 06 माह से रिस्तल गाँव में सत्यप्रकाश की डेयरी में काम करता था । इस सूचना पर तत्काल थाना टीलामोड़ पर धारा 103 (1) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया । घटनाक्रम में अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई, विवेचना के दौराने डेरी संचालक व गाँव में अन्य लोगों से की गई पूछताछ तथा संकलित साक्ष्य से श्रीजी कामधेनु डेयरी पर ही काम करने वाले दूसरे नौकर दुखराज उर्फ हीरा उर्फ अर्जुन पुत्र बजरंगी निवासी ग्राम गौरवा पोस्ट तीता तहसील लालगंज थाना हलिया जिला मिर्जापुर का नाम प्रकाश में आया ।

उन्होंने बताया कि थाना टीलामोड़ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर दुखराज उर्फ हीरा उर्फ अर्जुन निवासी ग्राम गौरवा पोस्ट तीता तहसील लालगंज थाना हलिया जिला मिर्जापुर उम्र करीब 35 वर्ष को श्रीजी कामधेनू डेयरी रिस्तल स्थित अभियुक्त के कमरे से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त दुखराज उर्फ हीरा उर्फ अर्जुन उपरोक्त से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आये कि 2017 से रिस्तल गाँव में सत्यप्रकाश कसाना की श्रीजी कामधेनु डेयरी में काम कर रहा था, 5-6 महीने से सुनील उर्फ मामा अभियुक्त के साथ डेयरी पर काम करता था इसी दौरान 01 माह पूर्व अभियुक्त का मोबाइल खो गया था ।जिसकी वजह से अभियुक्त की सुनील उर्फ मामा से कहासुनी हो गयी थी और आरोपी अपने रिश्तेदारो के यहाँ दिल्ली चला गया था जब अभियुक्त 02 दिन बाद वापस आया तो सुनील और अभियुक्त आपस में कम बात करते थे। कुछ दिन बाद आरोपी का सुनील से दूध की कैन धोने व गाय का गोबर इक्ट्ठा करने को लेकर झगडा हुआ था।

### हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा की मीटिंग में 12 फरवरी की हड़ताल को समर्थन

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद डिपो में सांझा मोर्चा ने 12 फरवरी 2026 की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर गेट मीटिंग की। बस डिपो प्रधान जयपाल, नरेश व राजपाल ने सांझा ब्यान जारी करते हुए कहा कि सरकार कि कर्मचारी विरोधी नीति चार लेबर कोड, हिट एण्ड रन का काला कानून, हाई कोर्ट का फैसला कच्चे कर्मचारियो को पक्का करना, 18 महीने के बकाया डीए का भुगतान, पुरानी पेंशन, कैशलेस मैडिकल सुविधा, डी ग्रुप के कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर करते हुए पदोन्नति देना, कच्चे कर्मचारियों को समय पर वेतन देना, सभी कैटेगरियों की वेतन विसंगतियों को दूर करना, एचकेआरएन के कर्मचारियों को 4 माह से वेतन का भुगतान न करना, 2016 के चालकों को पक्का न करना आदि मुद्दों को लेकर 12 फरवरी को फरीदाबाद डिपो के कर्मचारी हडताल करेंगें। राज्य प्रधान नरेन्द्र दिनोद, उपप्रधान जय कुमार दहिया, कार्यालय सचिव सतबीर मुंढाल, के नेता राम आसरे यादव ने सरकार कि जमकर नीतियों का विरोध किया।

**कोटिया एंटरप्राइजेज लिमिटेड**
CIN: L74110DL1980PLC010678
पंजी. कार्यालय : 211, नई दिल्ली हाउस, 27, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001
Tel: - 91-11 -40045955 E mail: compliance@kotiaenterprises.com, Website: www.kotiaenterprises.com

**31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

(रुपए लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त अवधि हेतु 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | 30.09.2025 (अअंकेक्षित) | 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 4.42 | 5.22 | 11.34 | 17.46 | 78.30 | 88.72 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (10.94) | (11.33) | 1.24 | (27.72) | 0.18 | (5.08) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (10.94) | (11.33) | 1.24 | (27.72) | 0.18 | (5.08) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (10.95) | (11.35) | 1.19 | (27.76) | 0.13 | (4.93) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (427.67) | (161.43) | 1.19 | (573.02) | 0.13 | 2913.15 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 702.05 | 702.05 | 702.05 | 702.05 | 702.05 | 702.05 |
| 7 | रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार | - | - | - | - | - | 3165.57 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों के बाद) (रु. 10/- प्रत्येक के) बेसिक : | (0.16) | (0.16) | 0.02 | (0.40) | 0.00 | (0.07) |
| | डायल्युटेड : | (0.16) | (0.16) | 0.02 | (0.40) | 0.00 | (0.07) |

**टिप्पणी :–**

1. 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु उपरोक्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और तब 06 फरवरी 2026 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।
2. उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 और लागू सीमा तक अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज एवं नीतियों के तहत निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों संशोधन नियमों, 2016) द्वारा संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 के मान्यता और मापन सिद्धांतों के अनुपालन में तैयार किए गए हैं।
3. पूर्ववर्ती अवधि के आंकड़े जहां आवश्यक हुआ, रिग्रुप्ड कर लिए गए हैं ताकि वर्तमान अवधि के वर्गीकरण की पुष्टि के अनुसार बनाए जा सके।
4. वैधानिक अंकेक्षकों ने 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही हेतु सीमित समीक्षा पूर्ण कर ली है, यद्यपि प्रबंधन इसके मामलों के उपलब्ध करवाए गए वित्तीय परिणामों का सत्य और निष्पक्ष व्यू सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक यथा परिश्रम कर चुका है।
5. समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com और www.msei.in) और कम्पनी की वेबसाइट www.kotiaenterprises.com पर उपलब्ध है।

कृते कोटिया एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता/-
विकास बंसल
(निदेशक)

दिनांक: 06 फरवरी 2026
स्थान : नई दिल्ली

## खबर संक्षेप

### 24 आईपीएस अफसरों के बाद 5 के फिर तबादले

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पुलिस प्रशासन में बड़ा फेरबदल करते हुए पांच वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। गृह विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार, महत्वपूर्ण पदों पर नए अफसरों की तैनाती की गई है, जिससे आने वाले समय में कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और आंतरिक प्रशासन को मजबूती मिले है। गौरतलब कि इससे पहले 24 आईपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर हुए थे।





### 5 लाख घूस लेते सहायक निदेशक गिरफ्तार

**पटना।** बिहार में एक बड़े पदाधिकारी को निगरानी की टीम में घूस का बड़ा अमाउंट लेते गिरफ्तार कर दिया। युवा एवं कौशल विकास विभाग के सहायक निदेशक परमजय सिंह को पांच लाख की रकम लेते रंगे हाथ दबोचा गया। विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने उस वक्त रंगे हाथों गिरफ्तार किया जब वे नियोजन भवन परिसर में अपनी कार के भीतर रिश्वत के रूप में इतनी बड़ी रकम ले रहे थे।



### यूट्यूबर शादाब जकाती पर रेप का केस

**मेरठ।** '10 रुपए वाला बिस्किट कितने का है' से फेमस हुए मेरठ के यूट्यूबर शादाब जकाती पर छत्तीसगढ़ की महिला ने रेप का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने शादाब की पत्नी व बेटे पर भी केस दर्ज कराया। कहा कि वह मेरठ में रहकर शादाब के साथ वीडियो बनाने का काम करती थी।



## महिला आयोग ने सभी 75 जिलों के डीएम को लिखा पत्र

# यूपी में 5वीं तक की कक्षाओं में मोबाइल होगा बैन?

**उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने बच्चों, विशेषकर बालिकाओं में बढ़ती डिजिटल लत को गंभीर सामाजिक संकट बताते हुए इस पर तत्काल नियंत्रण की आवश्यकता जताई है। गाजियाबाद जनपद में तीन सगी बहनों द्वारा आत्महत्या की अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक घटना को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए उन्होंने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर सख्त निर्देश जारी किए हैं।**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने बच्चों, विशेषकर बालिकाओं में बढ़ती डिजिटल लत को गंभीर सामाजिक संकट बताते हुए इस पर तत्काल नियंत्रण की आवश्यकता जताई है।

गाजियाबाद जनपद में तीन सगी बहनों द्वारा आत्महत्या की अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक घटना को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए उन्होंने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर सख्त निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन शिक्षा एक मजबूरी थी, जिसके चलते मोबाइल फोन के माध्यम से पढ़ाई कराई गई। लेकिन वर्तमान में सामान्य परिस्थितियां होने के बावजूद अनेक स्कूलों द्वारा बच्चों के होमवर्क, असाइनमेंट और अन्य शैक्षणिक गतिविधियां अनिवार्य रूप से व्हाट्सएप ग्रुप और अन्य डिजिटल माध्यमों से भेजी जा रही हैं। इससे बच्चों के हाथ में लगातार मोबाइल बने रहने की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

**कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन शिक्षा एक मजबूरी थी**



महिला आयोग अध्यक्ष ने चिंता जताई कि कम उम्र के बच्चे मानसिक, भावनात्मक और व्यवहारिक रूप से मोबाइल के आदी होते जा रहे हैं। अनियंत्रित गेमिंग, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल गतिविधियां बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। इसका भयावह उदाहरण गाजियाबाद की आत्महत्या की घटना के रूप में सामने आया है।

### बच्चों को मोबाइल पर निर्भर न बनाया जाए

डॉ. बबीता सिंह चौहान ने निर्देश दिए हैं कि कक्षा 5 तक के सभी शासकीय, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में विषम और अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर मोबाइल फोन के माध्यम से होमवर्क, असाइनमेंट अथवा अन्य शैक्षणिक कार्य भेजने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय में ही समस्त शैक्षणिक कार्य पूर्ण कराए जाएं और बच्चों को मोबाइल पर निर्भर न बनाया जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल अनुशासन अब समय की आवश्यकता है और बच्चों की सुरक्षा के लिए इसे अनिवार्य रूप से लागू किया जाना चाहिए।

## नीतीश कैबिनेट बैठक में 17 एजेंडों पर लगी मुहर

# सात समंदर पार भी मौत हुई तो सरकार लाएगी पार्थिव शरीर, सड़क दुर्घटना का मुआवजा दोगुना

बिहार कैबिनेट ने 17 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसमें प्रवासी मजदूरों के शवों को सरकारी खर्च पर लाने और दुर्घटना मुआवजे को दोगुना करने जैसे बड़े फैसले शामिल हैं।

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार सरकार की कैबिनेट बैठक में शुक्रवार को लोक-कल्याण और प्रशासनिक सुधारों को लेकर बड़े फैसले लिए गए हैं। मंत्री श्रवण कुमार के कड़े रुख के बीच सरकार ने 17 महत्वपूर्ण एजेंडों को मंजूरी देकर यह साफ कर दिया है कि राज्य का विकास और जनता की सुरक्षा ही सर्वोपरि है। कैबिनेट ने प्रवासी मजदूरों के लिए एक बेहद संवेदनशील और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब यदि किसी प्रवासी मजदूर की राज्य के बाहर या देश के बाहर मौत होती है, तो उनकी डेड बॉडी को राज्य सरकार अपने खर्च पर बिहार वापस लाएगी। इतना ही नहीं, अगर कोई मजदूर बाहर दुर्घटना का शिकार होता है, तो उसके इलाज का पूरा खर्च भी अब सरकार उठाएगी। यह फैसला उन लाखों परिवारों के लिए बड़ी राहत है जो रोजी-रोटी के लिए पलायन करते हैं।



**पीड़ित परिवारों को आर्थिक संबल मिल सकेगा**

सड़क हादसों में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए सरकार ने मुआवजे की राशि को दोगुना कर दिया है। अब दुर्घटना के शिकार लोगों को मिलने वाली सरकारी मदद पहले के मुकाबले दोगुनी होगी, जिससे पीड़ित परिवारों को आर्थिक संबल मिल सकेगा।

### जिलों की बैठकों में जनप्रतिनिधियों का बढ़ेगा दबदबा

प्रशासनिक पारदर्शिता लाने के लिए अब जिलों की महत्वपूर्ण बैठकों में सांसद और विधायकों के प्रतिनिधि भी शामिल हो सकेंगे। इस फैसले से नौकरशाही पर लगाम लगेगी और विकास योजनाओं में जनता की आवाज (जनप्रतिनिधियों के माध्यम से) ज्यादा मजबूती से गूंजेगी। नगर परिषद में स्थायी सशक्त समिति को लेकर भी निर्णायक फैसला लिया गया है, जिससे शहरी विकास कार्यों में तेजी आएगी।


### बिहार में कैशलेस मेडिकल पर भाजपा के विधायकों ने ही सरकार को घेरा

**सम्राट चौधरी बोले- हम तैयार हैं**

बिहार विधानसभा में भाजपा के ही विधायकों ने एमएलए के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा को लेकर नीतीश कुमार सरकार को घेर लिया। भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के सवाल पर पार्टी के दूसरे विधायक और पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा ने भी कैशलेस मेडिकल सुविधा देने की मांग की। सीएम नीतीश की मौजूदगी में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने इलाज की इस समय चल रही व्यवस्था का बचाव किया और कहा कि बिहार की व्यवस्था सीजीएचएस से बेहतर है। हालांकि उन्होंने कहा कि अगर सदस्यों की सहमति होगी तो सरकार कैशलेस के लिए तैयार है। इस पर स्पीकर प्रेम कुमार ने सरकार से एक सप्ताह में इस पर बैठक बुलाने का निर्देश दिया।

## रांची में पार्षद पद के 76 नामांकन रद्द

# मेयर के सभी 19 पर्चे सही आज से प्रतीक चिह्न आवंटन



एजेंसी ▶▶ रांची

चुनाव के मद्देनजर रांची नगर निगम क्षेत्र के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी प्रक्रिया गुरुवार को पूरी कर ली गई। पार्षद पद के लिए प्राप्त हुए 466 नामांकन पत्रों में से स्क्रूटनी में 76 आवेदन रद्द कर दिए गए। इस तरह अब इस पद के लिए 390 आवेदन सही पाए गए हैं। इनमें 242 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं।

समाहरणालय स्थित निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय में निर्धारित तिथि और समय पर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवेदनों की स्क्रूटनी की गई। स्क्रूटनी के दौरान नामांकन पत्रों के साथ संलग्न दस्तावेजों की वैधता, शपथ पत्र, प्रस्तावक-समर्थक से जुड़े विवरण सहित सभी आवश्यक बिंदुओं की गहन जांच की गई।

### बुंडू में भी स्क्रूटनी का काम पूरा

बुंडू नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए सात अभ्यर्थियों तथा वार्ड पार्षद पद के लिए 50 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। बुंडू में पार्षद पद के लिए योग्य महिला उम्मीदवारों की संख्या 27 है। निर्वाचन से संबंधित शुक्रवार को नाम वापसी और शनिवार को प्रतीक चिह्न आवंटन किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशासन की ओर से सभी अभ्यर्थियों से आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन करने की अपील की गई है।

## पेज एक का शेष

### केंद्र ने नेटफ्लिक्स...

प्रदेश के लखनऊ में हजरतगंज थाने में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है, जबकि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक शिकायत के बाद सूचना और प्रसारण मंत्रालय को नोटिस जारी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्र के त्वरित और प्रभावी निर्णय का हार्दिक अभिनंदन! 'घूसखोर पंडत' फिल्म जैसी अपमानजनक सामग्री को न केवल प्लेटफॉर्म से हटवाया गया है, बल्कि इस मामले में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। इस तरह का कोई भी कृत्य, जो किसी भी समाज के विरुद्ध है, पूरी तरह से अस्वीकार्य है। फिल्म निर्माता नीरज पांडे ने साफ किया कि यह एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है और इसका किसी भी जाति, धर्म या समुदाय से कोई संबंध नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी ऐलान किया कि फिलहाल सीरीज के सभी प्रमोशनल मटीरियल हटा लिए गए हैं।

### सूर्यवंशी का पराक्रम...

कप में खेलने वाले दुनिया के बड़े से बड़े दिग्गज वीरेंद्र सहवाग, क्रिस गेल सहित कोई भी बल्लेबाज ऐसा नहीं कर सका। वैभव ने थोड़ा समय लेने के बाद एक बाद ऐसे प्रचंड प्रहार लगाए कि इंग्लैंड के बल्लेबाज त्राहिमाम-त्राहिमाम कर उठे। खासकर शतक पूरा करने के बाद वैभव और खूंखार हो उठे। जमीन में घसीटा कम और हवा में मारा ज्यादा। और जब उनकी 80 गेंदों पर 175 रन की तूफानी पारी खत्म हुई, तो वैभव वह कर चुके थे, तो अंडर-19 विश्व कप के पिछले 37 साल के इतिहास में कभी नहीं हुआ था। वैभव अंग्रेज जूनियरों की खाल में भूसा भरते हुए 15 छक्के लगा चुके थे। अपनी पारी में उन्होंने इतने ही चौके भी लगाए।

**वैभव ने फरहान की गेंदों पर की छक्कों की बरसात :** वैभव ने 15वें ओवर में स्पिनर फरहान अहमद की शुरुआती दो गेंदों पर दो छक्के लगाए। इस तरह मैच में उन्होंने पांच छक्के पूरे किए। वहीं, टूर्नामेंट में यह उनका 20वां छक्का रहा। इन दो छक्कों के साथ ही वैभव अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने 2022 अंडर-19 विश्व कप में डेवाल्ड ब्रेविस द्वारा लगाए गए कुल 18 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा। वैभव ने इसके बाद 17वें ओवर में भी फरहान अहमद की लगातार चार गेंदों पर चार बाउंड्रीज लगाईं। इनमें तीन छक्के और एक चौका शामिल है। इसी के साथ वैभव सूर्यवंशी भारत की ओर से अंडर-19 विश्व कप फाइनल में शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। इससे पहले 2012 में उन्मुक्त चंद और 2018 में मंजोत कालरा ने शतक जड़ा था। वह अंडर-19 विश्व कप फाइनल के हाईएस्ट इंडिविजुअल स्कोरर भी बन गए हैं।

**वैभव ने 55 गेंदों में शतक पूरा किया:** भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हालांकि, जब भारत को चौथे ओवर में एरॉन जॉर्ज (9) के रूप में झटका लगा, तो ऐसा लगा कि म्हात्रे का फैसला गलत है, लेकिन इसके बाद हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान में वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे का कहर बरपा। दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और चौके-छक्कों की बरसात कर दी। इसी कड़ी में 14 साल के वैभव ने 55 गेंदों में शतक पूरा किया और अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। उन्होंने इस मामले में चार साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा।

### भारत का भविष्य...

अंडर-19 वर्ल्ड कप जीत लिया। भारतीय टीम ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में खिताब जीता था। भारतीय टीम का ये लगातार छठा और कुल 10वां फाइनल था। दूसरी ओर इंग्लैंड ने सिर्फ 1 बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीता है। साल 1998 के फाइनल में उसने न्यूजीलैंड को पराजित किया था।

**ऐसा रहा है भारतीय टीम का सफर :** भारत ने इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत शानदार अंदाज में की और पहले मैच में संयुक्त राज्य अमेरिका को डीएलएस नियम के तहत 6 विकेट से हराकर जीत का खाता खोला। इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ भी भारतीय टीम ने दबदबा बनाए रखा और डीएलएस नियम के जरिए 18 रनों से मुकाबला अपने नाम किया. ग्रुप चरण के आखिरी मैच में भारत का सामना न्यूजीलैंड से हुआ, जहां टीम इंडिया ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए डीएलएस नियम के तहत 7 विकेट से बेहतरीन जीत हासिल की। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत ने एकतरफा मुकाबले में 204 रनों की विशाल जीत दर्ज कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। इसके बाद सुपर-6 के दूसरे मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 58 रनों से हराकर टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली और खिताब की ओर मजबूती से कदम बढ़ाए। सेमीफाइनल में भारत का सामना अफगानिस्तान से हुआ, जिसमें उसने 7 विकेट से जीत हासिल की।

### 'परीक्षा पे चर्चा' में...

रखना जरूरी होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। इस बार आयोजन में दिल्ली, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, हरियाणा सहित अन्य राज्यों से आए छात्रों ने भाग लिया। जबकि कार्यक्रम के लिए 4 करोड़ 50 लाख से अधिक छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पंजीकरण कराया था। पीएम ने बच्चों का स्वागत असम का गमछा पहनाकर किया और उसके बाद उनसे बातचीत का आगाज किया। बताते चलें कि 2018 में परीक्षा पे चर्चा की शुरुआत हुई थी। जबकि 2025 में हुए 8वें संस्करण में 3.56 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए थे। इस बार रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 4 करोड़ के पार पहुंच गया।

**75 का हो गया, 25 अभी बाकी हैं... :** प्रधानमंत्री ने छात्रों से बातचीत में कहा, पिछले साल 17 सितंबर को मेरे जन्मदिन के दिन एक नेता ने मुझे फोन किया और कहा कि आप तो 75 साल के हो गए हैं। तो जवाब में मैंने कहा कि अभी 25 साल बाकी बचे हुए हैं। मैं बीते हुए को नहीं बल्कि बाकी बचे हुए को गिनता हूं। इसलिए जीवन में, मैं आपको भी कहता हूं कि जो बीत गया है, उसकी गिनती में समय बर्बाद मत कीजिए। जो बचा है। उसको जीने के लिए सोचिए।

**सुझाव सुनो, अपना मूल पैटर्न मत छोड़ो :** प्रधानमंत्री ने सुझाव देते हुए छात्रों से कहा कि आपका पढ़ाई का जो तरीका है। उस पर पूरी तरह से भरोसा करें। हालांकि जो भी सुझाव आपको मिलते हैं। उन्हें भी ध्यान से सुनने और समझने की कोशिश करें। फिर आपको लगे कि अगर दूसरे के सुझाव को मानने से आपका अध्ययन का तरीका और बेहतर बनता है। तो उसे जरूर स्वीकार करें। लेकिन किसी के कहने पर नहीं, अपने अनुभव से ही ऐसा करें। अपने मूल पैटर्न को कभी न छोड़ें। उन्होंने बताया कि जब मैंने परीक्षा पे चर्चा की शुरुआत की थी। तब इसका एक पैटर्न था। अब धीरे-धीरे मैं इसमें सुधार करता जा रहा हूं। इस बार मैंने अलग-अलग राज्यों में भी किया। तो भी सिर्फ अपनी पैटर्न बदली, मूल पैटर्न को नहीं छोड़ा। अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा अलग-अलग पैटर्न सुझाने से होने वाले असमंजस को लेकर पीएम से गुजरात की छात्रा सानवी आचार्य ने सवाल पूछा था।

**शिक्षकों को दी जरूरी सीख :** मध्य-प्रदेश के एक छात्र आयुष तिवारी ने पीएम से पूछा कि कई बार स्कूल में शिक्षक की पढ़ाने की स्पीड को मिस कर देने से होने वाली परेशानी से बचने के लिए क्या करना चाहिए? जवाब में प्रधानमंत्री ने शिक्षकों को सुझाव दिया कि वो कक्षा में बच्चों को कोई पाठ पढ़ाने से पहले उसके बारे में बता दें। ये वैसा ही है जैसे किसान खेत को जोतता है। वैसे ही शिक्षकों को छात्रों के मन को जोतना चाहिए, फिर जोड़ना चाहिए और फिर पढ़ाई के जो विषय रखने हैं, रखो। उसके बाद आप हमेशा छात्रों को सफल पाओगे। उदाहरण के लिए जनवरी के प्रत्येक सप्ताह में पढ़ाए जाने वाले पाठ के बारे में बच्चों को महीने की शुरुआत में ही बता देना चाहिए। जिससे आप भी उनके बारे में पहले से पढ़कर आ सकते हैं। जिससे कक्षा में पढ़ाते वक्त विषय को समझने में दिक्कत नहीं होगी और आनंद भी आएगा।

**लाइफ-प्रोफेशनल स्किल दोनों जरूरी : त**कनीक-रोबोटिक्स से ज्यादा स्किल या मार्क्स की अहमियत को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में पीएम ने कहा, किसी भी एक चीज की तरफ झुकोगे तो गिरोगे। जीवन में हर चीज में संतुलन होना चाहिए। अगर सही संतुलन बनाकर चलोगे तो कभी गिरोगे नहीं। मैं तो कहूंगा कि शिक्षा और स्किल एक-दूसरे के जुड़वा भाई-बहन हैं। वह अलग-अलग नहीं हैं। लेकिन स्किल जीवन में बहुत अनिवार्य है। ये दो तरह के होते हैं। लाइफ और प्रोफेशनल। इसलिए दोनों पर ध्यान देना चाहिए। जीवन जीने के लिए जिस स्किल की जरूरत है। वो आनी चाहिए और प्रोफेशनल जीवन में जिन चीजों की आवश्यकता होती है। वो भी आनी चाहिए। लेकिन इसका ये अर्थ नहीं कि आप लाइफ स्किल से कोई समझौता करें। जिस पेशे में आपकी रुचि है, उसमें लगातार नया करते जाना अच्छा रहता है।

**ऑनलाइन गेमिंग में ढूंढे बेस्ट क्वालिटी :** एक छात्र ने ऑनलाइन गेमिंग को लेकर अपनी रुचि और उसमें करियर बनाने पर सवाल किया। जिसे लेकर पीएम मोदी ने कहा, भारत में कई कथा-कहानियां भरी हुई हैं। आप किसी विषय को लेकर गेम बना सकते हैं। जैसे हनुमान जी की कथा, अभिमन्यु की घटना जैसी कई चीजें हैं, जिन पर काम हो सकता है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा, गेमिंग में रुचि अच्छी चीज है। आप कभी संकोच मत कीजिए। लेकिन टाइम पास और देश में डाटा सस्ते होने की वजह से बस मस्ती के लिए नहीं खेलना चाहिए। जैसे जुआ चलता है, वो हमें देश में नहीं होने देना है। मैंने अभी कानून बनाया कि जो गेम से जुआ खेलते हैं। पैसा लगाते हैं। वो बर्बादी है। उसको नहीं होने देना। बच्चों को सतर्कता रखनी चाहिए। अच्छी गुणवत्ता का गेम ढूंढकर अपनी विशेषज्ञता का प्रयास करना चाहिए।

### विकसित भारत के...

बनाने से रोक नहीं सकती है। एआई का इस्तेमाल अपने लाभ के लिए करें। केवल दोस्तों के बीच गप्पे मारने के लिए न करें। हर साल एक स्वदेशी चीज अपनाएं।

### सपनों को गुनगुनाते ...

हमें अपने मन के सपने सार्वजनिक नहीं करने चाहिए। उन्हें कहीं पर लिख कर रखना है। क्योंकि जैसे ही हम इन्हें बाहर बता देते हैं तो मजाक भी खूब उड़ता है। पीएम ने छात्रों को जीवन में टाइम मैनेजमेंट का महत्व समझाया और कहा कि अगर आपने इसे सीखा, समय का सदुउपयोग किया तो आप देखिए कि आपको कभी भी प्रेशर व थकान नहीं होगी।

### विपक्ष के हंगामे में स्वाहा...

शुरुआत 29 जनवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश की गई आर्थिक समीक्षा के साथ हुई थी। इसके बाद 1 फरवरी को आम बजट पेश किया गया। जबकि 28 जनवरी को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र में अपना अभिभाषण दिया था। जिस पर इस बार शोर शराबे के बीच प्रधानमंत्री अपना संबोधन भी नहीं दे पाए।

### बजट में मिलेगा बोलने ...

कृपया सदन की कार्रवाई को चलने दीजिए। उन्होंने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपनी सीटों पर जाकर बैठने का कई बार अनुरोध किया। जिसे पूरी तरह से अनुसना कर दिया गया। इस तरह से सदन में पोस्टर, बैनर दिखाना नियमों के खिलाफ है। तन्नेटी ने विपक्षी सांसदों से फिर से अपील की कि वो अपने स्थान पर जाकर बैठ जाएं। साथ ही कहा कि हंगामे से लगता है कि आप लोग नहीं चाहते कि आपको बोलने का मौका दिया जाए।

### भारत-अमेरिका संयुक्त...

फरवरी को हुई इस बैठक में विश्वविद्यालयों में प्रमाणिक शोध केंद्रों, रक्षा प्रयोगशालाओं सहकारी शोध-विकास में उद्योग जैसे कदमों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही डीआरडीओ और डिफेंस इनोवेशन यूनिट के बीच नवाचार फ्रेमवर्क के तहत प्रोजेक्ट समझौता को अंतिम रूप दिया गया। यह बैठक भारत और अमेरिका के बीच रक्षा साझेदारी को लेकर स्थापित फ्रेमवर्क पर आधारित विजन और नीतिगत दिशानिर्देशों के तहत की गई है। साझेदारी पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके अमेरिकी समकक्ष पीट हेगसेथ ने पिछले साल अक्टूबर महीने में हस्ताक्षर किए थे। प्रतिनिधिमंडलों ने वार्ता में रक्षा विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में मौजूदा सहयोग की समीक्षा की। इसके अलावा अन्य चुनौतियों, भविष्य में जटिल और उभरते हुई रक्षा तकनीक के क्षेत्र में सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में रक्षा मंत्रालय के अलावा विदेश मंत्रालय सहित अन्य भागीदार पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### बिलासपुर के लिए...

बल्कि उड़ानों के रद्द होने या विलंब की समस्या में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। यात्रियों को मिलेगा सीधा लाभ आईएफआर प्रणाली के तहत विमान पायलट आधुनिक नेविगेशन उपकरणों और तकनीकी प्रणालियों की मदद से सभी मौसमों में सुरक्षित लैंडिंग और टेक-ऑफ कर सकेंगे। इससे यात्रियों को समयबद्ध उड़ानें, बेहतर कनेक्टिविटी और अधिक सुरक्षित यात्रा का लाभ मिलेगा। साथ ही, भविष्य में नई उड़ानों और बड़े विमानों के संचालन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

**क्षेत्रीय विकास को मिलेगी गति :** एयरपोर्ट के इस उन्नयन से बिलासपुर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापार, उद्योग, स्वास्थ्य सेवाओं और पर्यटन को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। बेहतर हवाई संपर्क से निवेश के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**नेतृत्व और मार्गदर्शन का परिणाम :** तोखन साहू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, "यह उपलब्धि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राममोहन नायडू के सहयोग से संभव हुई है। राज्य सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से छत्तीसगढ़ का विमानन बुनियादी ढांचा लगातार मजबूत हो रहा है।

**विकास के पथ पर छत्तीसगढ़ :** बिलासपुर एयरपोर्ट का यह उन्नयन 'विकसित भारत—विकसित छत्तीसगढ़' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे न केवल आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि राज्य की विकास यात्रा को भी नया आयाम प्राप्त होगा।

### ऑनलाइन फ्रॉड में ...

धोखाधड़ी होती है और आपके पैसे डूब जाते हैं, तो आरबीआई आपको 25,000 रुपए तक की मदद दे सकता है। यह कदम ग्राहकों को डिजिटल पेमेंट में और ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए उठाया जा रहा है। रिजर्व बैंक जल्द ही इस बारे में ड्राफ्ट गाइडलाइंस जारी करेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गवर्नर ने बताया कि यह नियम इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग फ्रॉड में ग्राहक की जिम्मेदारी को लेकर भी जांच करेगा।

### इस नियम की ....

बताया गया है कि किन हालातों में ग्राहक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी और किन में थोड़ी जिम्मेदारी होगी। रिजर्व बैंक जल्द ही इस पर लोगों की राय जानने के लिए संशोधित निर्देश जारी करेगा।

## दरभंगा में दलित समाज पर हमला 200 ब्राह्मणों पर एफआईआर दर्ज



एजेंसी ▶▶ दरभंगा


बिहार के दरभंगा में कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के हरिनगर गांव में इन दिनों सन्नाटा और खौफ का माहौल है। ऐसा बताया जा रहा है कि मामूली पैसे के लेनदेन से शुरू हुआ एक विवाद इतना बढ़ा कि अब गांव के 70 ब्राह्मणों समेत करीब 200 से ज्यादा लोगों पर केस दर्ज हो चुका है, जिससे पूरे इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। बताया जा रहा है कि असर्फी पासवान ने गांव में आए एक शख्स से अपने बेटे की पुरानी मजदूरी के पैसे मांगे थे। असर्फी पासवान का आरोप है कि साल 2015 में उनके बेटे ने हेमकांत झा के घर में काम किया था, जिसके ढाई लाख रुपए बकाया थे। जब पैसे मांगे गए, तो दर्जनों लोगों ने लाठी-डंडों और रॉड से उनके परिवार पर हमला कर दिया, जिसमें महिलाओं और बच्चों को भी गंभीर चोटें आईं। असर्फी पासवान ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि हमलावरों ने न केवल मारपीट की बल्कि घर में घुसकर गहने, नगद राशि और मोबाइल तक लूट लिए।

### पोती की कमर की हड्डी तोड़ दी

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पोती की कमर की हड्डी तोड़ दी गई और बाहर खड़ी गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया गया। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने गांव के 70 नामजद और करीब 150 अज्ञात लोगों पर **SC/ST** एक्ट के तहत मामला दर्ज कर 12 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


### 'दुरुपयोग हो रहा है कानून का'

दूसरी ओर, ब्राह्मण परिवार की महिलाओं का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई एक तरफा है। गांव की जानकी देवी और अनीशा झा ने बताया कि मारपीट दोनों तरफ से हुई थी, लेकिन निशाना केवल एक पक्ष को बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि जिन लोगों के नाम **FIR** में हैं, उनमें से कई तो सालों से गांव में रहते ही नहीं हैं।



# एक्शन-थ्रिलर फिल्म सूबेदार का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** सूबेदार फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा ना होने के चलते इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। इस मूवी में अनिल कपूर और राधिका मदान लीड रोल में नजर आएंगे। यह एक एक्शन-थ्रिलर मूवी है। फिल्म सूबेदार के पोस्टर में अनिल कपूर स्वैग के साथ पंच मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में ताबड़तोड़ एक्शन करेंगे। यह मूवी अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। हालांकि. अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन जल्द ही यह फिल्म रिलीज हो सकती है।



## लाइफ Style

# यामी

## धुरंधर-2 में एक्शन मोड में देंगी दिखाई

धुरंधर की सक्सेस के बाद अब 'धुरंधर 2' आने वाली है। ये फिल्म मार्च में आएगी और इसमें यामी गौतम का कैमियो होगा। जी हां, ये बात अब कन्फर्म हो गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधर द रिवेंज' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अब एक और बड़ा नाम जुड़ गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस और आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम के फिल्म में कास्ट होने की खबर पक्की हो गई है। आइए आपको बताते हैं कि उनका फिल्म में रोल कैसा होगा। फिल्म में यामी का सिर्फ कैमियो होगा, लेकिन कहानी को आगे बढ़ाने में उनका रोल बड़ा अहम होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यामी ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। सूत्रों का कहना है कि 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'आर्टिकल 370' में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं यामी इस फिल्म में एक्शन मोड में दिखाई देंगी। फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यामी का किरदार फिल्म के नैरेटिव (कहान) को एक नई दिशा देगा। हालांकि, यह एक छोटा रोल है, लेकिन इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दर्शक हैरान रह जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि 'उरी' (2019) के करीब 7 साल बाद आदित्य धर और यामी गौतम फिर से साथ में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। स्टार कास्टः फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में होंगे। उनके अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे दिग्गज कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। 'धुरंधर 2' 19 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'धुरंधर' 2025 की सबसे बड़ी हिट साबित हुई थी।

## हॉलीवुड मसाला



# अमेरिका में आजादी से काम नहीं कर सकती

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ट्विलाइट' फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नहीं करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नहीं है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। एक बातचीत में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं।




# मेलानिया बनी सबसे महंगी डॉक्यूमेंट्री!

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइफ और अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की नॉर्थ अमेरिका में वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग रही। हालांकि, फिल्म क्रिटिक्स से इस फिल्म को खराब रिव्यूज़ मिले हैं। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन ब्रेट रैटनर ने किया है। बता दें कि यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण से 20 दिन पहले की कहानी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहले ट्रंप सपोर्टर्स ने इसे बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड पर करीब 7 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई तक पहुंचाया। यह आंकड़ा एक डॉक्यूमेंट्री के लिए बहुत बड़ा है। उम्मीद की जा रही है कि यह करीब एक दशक में अपनी तरह की सबसे अच्छी परफॉर्म करने वाली डॉक्यूमेंट्री बन जाएगी।



# शक्ति शालिनी में नजर आएगा विशाल


**मुंबई।** 'शक्ति शालिनी' मैडॉक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म में 'सैयारा' स्टार अनीत पड्डा नजर आएंगी। इस मूवी की शूटिंग मार्च में शुरू होगी। फिल्म में जबरदस्त ड्रामा और एक्शन देखने को मिलेगा। हाल ही इस फिल्म के मेल एक्टर को लेकर भी अपडेट सामने आई है। शक्ति शालिनी एक फीमेल-लेड एक्शन ड्रामा फिल्म है। एक खबर के मुताबिक विशाल जेठवा ने यह फिल्म साइन कर ली है। मैडॉक यूनिवर्स की इस फिल्म में वह अनीत पड्डा के साथ नजर आएंगे। वह फिल्म में अनीत के किरदार के लवर का रोल करेंगे। 'शक्ति शालिनी' में जबरदस्त एक्शन के साथ-साथ एक पर्सनल और इमोशनल एंगल भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स आगे भी मजेदार फिल्में ला रहा है।



# भागम भाग-2 में हुई मनोज की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी कल्ट फिल्मों के सीक्वल बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब साल 2006 में आई कल्ट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' का सीक्वल भी बनने जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि फिल्म इस साल फ्लोर पर आ जाएगी। इस बीच अब 'भागम भाग 2' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। इसमें फिल्म की कास्ट को लेकर बड़ा दावा किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भागम भाग 2' की कास्ट में एक बड़ा बदलाव किया गया है। सीक्वल में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। वहीं गोविंदा की जगह फिल्म में मनोज बाजपेयी नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माताओं ने मनोज बाजपेयी को कास्ट कर लिया है।

## टीवी मसाला



# गुमनामी के साये में दूरदर्शन की रामायण के 'भगवान शिव'

**नई दिल्ली।** 1987 में टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण शो को पहली बार टेलीकास्ट किया गया था। निर्देशक रामानंद सागर के इस माइथोलॉजिकल शो की कास्ट की चर्चा अक्सर की जाती है। खासतौर पर भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले कलाकारों का नाम इसमें शामिल रहता है। लेकिन बहुत कम बार रामायण के गुमनाम कलाकारों के बारे में बात की जाती है। इस आधार पर आज हम आपको टीवी की रामायण में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विजय कविश का नाम शामिल होता है। टीवी सीरियल रामायण में विजय कविश ने बखूबी भगवान राम की भूमिका को निभाया था। अपने कमाल की एक्टिंग के लिए उनकी काफी प्रशंसा हुई। लेकिन, आज वह कहां और क्या कर रहे हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। हम आपको बता दें कि विजय मुंबई में बतौर डायरेक्टर और एडिटर सक्रिय हैं। वह यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर अपनी शॉर्ट फिल्में और सीरीज को अपलोड करते हैं। हालांकि, फिल्मों और टीवी सीरियल्स में उनका उतना मौका नहीं मिल रहा है। एक तरह से रामायण से रातों-रात शोहरत हासिल करने वाले विजय कविश फिलहाल एक तरह से संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। गौर किया जाए उनके लुक की तरफ तो समय के साथ-साथ उनकी उम्र हो गई है और लुक पूरी तरह से बदल गया है। जिसका अंदाजा आप उनकी इन तस्वीरों को देखकर आसानी से लगा सकते हैं। रामानंद सागर की रामायण के अलावा विजय कपिश उत्तर रामायण में भी नजर आए थे, जिसमें उन्होंने महर्षि वाल्मीकि का किरदार अदा किया था। सिर्फ छोटे पर्दे के शो के अलावा विजय कविश ने बतौर अभिनेता फिल्मों में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।

## नहीं हुई है एल्विश और जिया की सगाई

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस जिया शंकर की निजी जिंदगी हाल ही में कई डेटिंग अफवाहों के कारण सुर्खियों में रही है। सबसे पहले, एक्ट्रेस की सगाई की अटकलें अभिषेक मल्हान से लगाई गईं और बाद में एक मिस्ट्री मैन के साथ उनकी एक तस्वीर वायरल हुई, जिससे इन अफवाहों को और हवा मिली। अब जिया एक बार फिर सुर्खियों में हैं जब एल्विश यादव ने उनका हाथ पकड़े हुए अपनी तस्वीर शेयर की, जिसमें हीरे की अंगूठी थी और जिया शंकर को टैग किया। इस फोटो ने सगाई की अफवाहों को और हवा दी। लेकिन इसका सच तो कुछ और ही निकला। दरअसल, दोनों ने अपने नए शो के प्रमोशन के लिए ये हथकंडा अपनाया था। 'बिग बॉस ओटीटी' विनर एल्विश यादव के अकाउंट पर शेयर की गई स्टोरी में कैप्शन था, 'प्यार को एक और मौका दिया और मुझे मेरा दिल मिल गया,' जिससे यह हिंट मिला कि दोनों की सगाई हो गई है क्या!



# अरिजीत सिंह ने नए गाने में यूलिया के साथ दी आवाज

**मुंबई।** प्लेबैक सिंगिंग से अपने रिटायरमेंट की घोषणा करने के बाद से अरिजीत सिंह लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब अरिजीत सिंह के नए गाने का टीजर सामने आया है। अरिजीत ने ये गाना शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' में गाया है, जिसमें यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत सलमान खान के म्यूजिक लेबल के तहत तैयार किया गया है। जो राजन द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' के पहले गीत 'तेरे संग' का टीजर शुक्रवार को जारी किया गया है। गाने में यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी नजर आ रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने यूलिया के साथ मिलकर गाया है। यह गाना सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक के बैनर तले लॉन्च किया गया है। यूलिया का नाम पिछले काफी वक्त से सलमान खान के साथ जोड़ा जाता रहा है। ऐसे में अब यूलिया की शॉर्ट फिल्म के गाने को भी सलमान खान द्वारा ही लॉन्च किया गया है। इससे दोनों की नजदीकियों को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



'इकोज ऑफ अस' में दीपक तिजोरी और यूलिया वंतूर के अलावा स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। 'तेरे संग' गाना यूलिया और अरिजीत का पहला कोलैबरेशन है। इस शॉर्ट फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया है। पिछले साल 28 जून 2025 को सलमान खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'इकोज ऑफ अस' की टीम को शुभकामनाएं देते हुए फिल्म की रिलीज के लिए बधाई दी थी। साथ ही 47 सेकंड का पहला लुक टीजर भी साझा किया था।

# रामायण फिल्म में विजय सेतुपति विभीषण का निभाएंगे किरदार...



**मुंबई।** फिल्म रामायण को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, वहीं दूसरा पार्ट अगले साल की दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रणबीर कपूर जहां राम भगवान का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, साउथ एक्टर यश, रावण के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में एक यह खबर सामने आई है कि फिल्में विजय सेतुपति भी होंगे। 'रामायण' में विजय सेतुपति रावण के रोल भाई का रोल करेंगे वह विभीषण के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में यह किरदार अच्छाई का प्रतीक है। विभीषण, अपने भाई रावण के बजाय भगवान राम का साथ देते हैं। फिल्म में विजय सेतुपति यह किरदार निभाएंगे, इसे लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आंएगे। फिल्म को मेकर्स पैन इंडिया रिलीज करने वाले हैं। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं।

## क्वीन ऑफ चेस में दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला की जिंदगी का सफर

# धमाकेदार होगा फरवरी का पहला सप्ताहांत; रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। शुक्रवार 6 फरवरी को कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज हुईं। वहीं, बॉर्डर 2 और मर्दानी 3 पहले से लगी हैं। लेकिन, जिन दर्शकों को वीकएंड पर थिएटर्स जाने में दिलचस्पी नहीं है या सर्द मौसम में घर बैठे ही कोई बढ़िया फिल्म-सीरीज एंजॉय करना चाहते हैं तो उनके लिए भी दिलचस्प ऑप्शन हैं। जानिए फरवरी के पहले वीकएंड पर ओटीटी की लिस्ट में क्या है?*


### द राजा साब

प्रभास अभिनीत फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे रही है। फिल्म 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है। यह हॉरर कॉमेडी फिल्म है। थिएटर्स में फिल्म खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है। देखना दिलचस्प होगा कि यह ओटीटी पर क्या कमाल करती है।

### किस किस प्यार करूं 2

कपिल शर्मा अभिनीत फिल्म 'किस किस प्यार करूं 2' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। यह फिल्म आज शुक्रवार 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।






### 'डेथ व्हिसपरर 3

इस वीक थाई हॉरर फिल्म 'डेथ व्हिस्परर 3' भी देखने के लिए उपलब्ध है। यह फिल्म अक्तूबर 2025 में थिएटर्स में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर रही थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 04 फरवरी 2026 से यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

### क्वीन ऑफ चेस

यह एक डॉक्यूमेंट्री है। इसमें दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला 'जुडिट पोल्गर' की जिंदगी को दिखाया गया है। सीरीज में पुरुष प्रधान खेल में उनके सफर की कहानी बयां की गई है। इसे 6 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### पराशक्ति

साउथ इंडस्ट्री की फिल्म 'पराशक्ति' भी आज शुक्रवार से ओटीटी पर रिलीज हो रही है। एक्टर शिवकार्तिकेयन की यह फिल्म 10 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फरवरी में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसने दस्तक दी है। इसे 07 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

### 'शबद रीत और रिवाज

यह छह एपिसोड की ड्रामा सीरीज है। यह 16 वर्षीय किशोर घुप्पी की कहानी है, जिसे हकलाने की बीमारी है। फुटबॉल के लिए उसमें गजब का जुनून है। इसके चलते पिता के साथ उसका टकराव होता है। दरअसल, उसके पिता चाहते हैं कि घुप्पी, परिवार की भक्ति वाले रागी गायन की पवित्र परंपरा को आगे बढ़ाए। सीरीज पंजाब के खूबसूरत बैकग्राउंड पर बेस्ड है। इसमें घुप्पी के संघर्ष, डर, महत्वाकांक्षा को दिखाया है। कमी के बावजूद अपनी मेहनत के बूते वह अपना सफर तय करता है। इस सीरीज को 06 फरवरी से जी5 पर देख सकते हैं।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नई दिल्ली में सांसदों के साथ किया सहभोज और संवाद

# भाजपा की डबल इंजन वाली प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव सरकार से होगा मप्र का सर्वांगीण विकास: हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों के साथ सहभोज एवं संवाद किया। केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके के आवास पर इस दौरान प्रदेश के विकास एवं विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से वन टू वन चर्चा हुई। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने सौजन्य भेंट की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के नये आयाम स्थापित करेगा। भाजपा की डबल इंजन वाली मोदी-मोहन सरकार से मध्यप्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा। प्रदेश के विकास में सांसदों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्यप्रदेश के विकास के लिए केन्द्र सरकार पूरी तरह समर्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को आधार मानकर प्रदेश को विकसित मध्यप्रदेश बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।


नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट करते खंडेलवाल।

### यह सांसद रहे उपस्थित

सहभोज एवं संवाद में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, जॉर्ज कुरियन, डॉ. एल. मुरुगन, दुर्गादास उइके, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद गणेश सिंह, भारत सिंह कुशवाह, संध्या राय, लता वानखेड़े, राहुल लोधी, जनार्दन मिश्रा, डॉ. राजेश मिश्रा, हिमाद्री सिंह, आशीष दुबे, भारती पारधी, दर्शन सिंह चौधरी, आलोक शर्मा, माया नारोलिया सहित अन्य उपस्थित रहे।



## गुरुदेव समाधि मंदिर मूर्ति स्थापना समारोह के अंतर्गत संत सम्मेलन को संबोधित कर बोले सीएम

### सीएम डॉ. यादव ने हरिद्वार में संत सम्मेलन को किया संबोधित

# भारत माता मंदिर समाज और राष्ट्र में ऊर्जा का कर रहा है अद्भुत संचारः डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि सनातन संस्कृति को नए आयाम तक पहुंचाने में आदि शंकराचार्य का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। मध्यप्रदेश की धरा से आदि शंकराचार्य का विशेष संबंध रहा है। सनातन की धारा शाश्वत रूप से बहती रहे, इस उद्देश्य से संतवृंद और सरकार समन्वित रूप से प्रयासरत है।

हरिद्वार में समन्वय सेवा ट्रस्ट द्वारा स्थापित भारत माता मंदिर समाज और राष्ट्र में ऊर्जा का संचार कर रहा है। डॉ यादव गुरुवार को हरिद्वार में समन्वय सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित गुरुदेव समाधि मंदिर मूर्ति स्थापना समारोह के अंतर्गत संत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हरिद्वार में गुरुदेव समाधि मंदिर के मूर्ति स्थापना समारोह में शामिल हुए।

### संत एवं महात्माओं को दिया सिंहस्थ का निमंत्रण

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आदि शंकराचार्य की परंपरा के संवाहक, वैदिक सनातन संस्कृति के उन्नायक, देश के प्रथम भारत माता मंदिर के संस्थापक पद्मभूषण स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उन्हें नमन किया। डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार भव्य और दिव्य सिंहस्थ के आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं और विकास कार्यों पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी संत महात्माओं को सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन पधारने के लिए निमंत्रण दिया।

### योगगुरु स्वामी रामदेव के साथ किया योगाभ्यास

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने गुरुवार को पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में योगगुरु स्वामी रामदेव के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग आज भारत की प्राचीन परंपरा से निकलकर वैश्विक जन-आंदोलन बन चुका है। हम सभी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ, संतुलित व ऊर्जावान जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। डॉ यादव ने पतंजलि योगपीठ के वातावरण से प्रभावित होकर कहा कि योगपीठ का संस्कार, साधना और आत्मबल से परिपूर्ण वातावरण मन को अपार शांति प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने स्वामी रामदेव के साथ हरिद्वार में भारत माता मंदिर में दर्शन, पूजन और यज्ञ में शामिल होकर सभी के मंगल एवं कल्याण की कामना की।



## मध्यप्रदेश बना फार्मर रजिस्ट्री के शत-प्रतिशत अनुपालन वाला पहला राज्यः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सीएम डॉ. यादव ने कहा है कि फार्मर रजिस्ट्री के निर्धारित मानकों का 100 प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने वाला मप्र देश का पहला राज्य बन गया है। इसके लिए किसानों को सशक्त बनाने और कृषि व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने के लिए तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। एआई आधारित डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से राज्य में ग्रामीण डेटा प्रणाली को एक नई दिशा प्रदान की गई है। उन्नत तकनीक, पारदर्शी डेटा प्रबंधन और केंद्र-राज्य समन्वय से यह पहल किसानों के हित में मजबूत डिजिटल आधार तैयार कर रही है। डॉ यादव ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से खेत पर उपस्थित होकर फसल की फोटो लेकर जानकारी सुरक्षित की जा रही है। जियो-फेंसिंग तकनीक से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सर्वे केवल वास्तविक खेत स्थल पर ही किया जाए। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इंटरनेट उपलब्ध न होने की स्थिति में भी सर्वे की विश्वसनीयता बनी रहे। सर्वे के दौरान ली गई फोटो की प्रामाणिकता प्रणाली द्वारा की जाती है। सर्वे केवल निर्धारित समयावधि में ही संभव है और समय सीमा के बाहर या मोबाइल समय में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ होने पर सर्वे स्वतः रुक जाता है।

## कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में परीक्षा पे चर्चा को लेकर राज्यस्तरीय कार्यक्रम

# परीक्षा पर मुख्यमंत्री का मंत्र, दबाव नहीं उत्सव की तरह लें विद्यार्थी


कैथल। परीक्षा पे चर्चा को लेकर राज्यस्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को शिक्षा निदेशालय द्वारा आरकेएसडी कॉलेज कैथल के सभागार में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एग्जाम वॉरियर्स विशेष एपिसोड के लाइव प्रसारण देखा। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को परीक्षा का दबाव न लेने का आह्वान करते हुए कहा कि परीक्षा आपकी पहचान नहीं बल्कि परीक्षा के लिए किए गए आपके प्रयास, मेहनत व सोच ही आपकी असली

■ शपरीक्षा में केवल अंकों की बात नहीं है, बल्कि यह आपके

पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सबने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को सुना। प्रधानमंत्री जी ने परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के मन में उठने वाले डर और तनाव को लेकर एक बहुत ही महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ष बच्चों की परीक्षाओं से पहले उनसे जुड़कर चर्चा करते हैं। आज भी उन्होंने परीक्षा के अलावा विकसित भारत, स्वच्छता एवं कर्तव्य पालन को लेकर विद्यार्थियों से बातचीत की और इन सभी विषयों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### कई बार अंक कम आ जाते हैं, घबराना नहीं चाहिए

प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि आज जो बच्चे हैं, वे विकसित भारत के मजबूत स्तंभ होंगे। इसलिए हम सभी को हमारे देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सामूहिक रूप से अधिक मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि वे स्वच्छता जैसे अभियानों में बढ़चढ़ कर भाग लें। सैनी ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा केवल अंकों की बात नहीं है।

mgi
MODERN DEGREE COLLEGE OF LAW
DELHI-MEERUT ROAD, NEAR RAPIDX STATION DUHAI GHAZIABAD
Mob.: 7291982147 / 48, 8958115424
REQUIRES
PRINCIPAL, LECTURERS
FOR LLB THREE YEARS COURSE
Qualification & Experience As Per BCI & CCS University, Meerut, Norms
Send Applications with in 10 Days with one Photograph and all Documents.
E-Mail mdcghaziabad@gmail.com

## खबर संक्षेप

### डॉ. सोलंकी बने प्रदेश अध्यक्ष और प्रो. वास्केल सचिव

**भोपाल।** मप्र जनजातीय कला एवं संस्कृति संरक्षण संगठन का गठन किया है। डॉ. एलएस सोलंकी को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रो. वास्केल को सचिव मनोनीत करते हुए तीस सदस्यीय प्रांतीय कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया है। इसके अलावा संगठन में समाज के वरिष्ठ तथा समर्पित समाज बंधुओं को कार्य कारिणी सदस्यों तथा वरिष्ठ संरक्षक, सलाहकार परिषद के सदस्यों के रूप में मनोनयन करते हुए सूची जारी की गई है।

## राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय अलिपुर में गैलरीवाक एक्जीबिशन का आयोजन



**नई दिल्ली** । राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय , अलिपुर में हरियाणा शिक्षा विभाग और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा जीवन कौशल एक्जीबिशन का आयोजन किया गया । जिसमें स्कूल प्रधानाचार्या लक्ष्मी राघव जी मुख्यअतिथि की रूप में उपस्थित रही । प्रधानाचार्या जी के अलावा मैजिक बस फाउंडेशन की ओर से आशा ( सिनियर स्कूल स्पॉट ऑफिसर , मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन ) स्कूल स्टाफ , ज्योती मैम , बबलेश मैम अंगनवाड़ी वर्कर और विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल हैड लक्ष्मी के द्वारा किया गया । गैलरी वाक एक छात्र सहभागिता गतिविधि है जहाँ विद्यार्थीयों का समूह कक्षा में स्थापित विभिन्न शेशनों के साथ वार्ता करते हैं । इस कार्यक्रम में मैजिक वर्क शीट में अपने कौशल में मैजिक बुक शीट में अपना कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्कूली विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया । इस दौरान चिंतन आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## लाखों की स्कॉलरशिप पाकर एसजीटीयू छात्रों के खिले चेहरे

### हर छात्र को 'टेक्नो सेवी' बनना होगा: दीप्ति धर्माणी

गुरुग्राम। श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राई सेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटीयू), गुरुग्राम के परिसर में आज आयोजित मेधा सम्मान समारोह में सैकड़ों प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी, उल्लास और भविष्य के सपने साकार करने का जुनून दिखाई दिया। एसजीटीयू की ओर से उन्हें लाखों रुपये की स्कॉलरशिप वितरित की गई। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति और कार्यक्रम की चीफ गेस्ट प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी, एसजीटीयू के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) हेमंत वर्मा, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, जानी-मानी एजुकेटर व 'गेस्ट ऑफ ऑनर' सौम्या सिंह की उपस्थिति में स्कॉलरशिप राशि के चेक हाथ में लेकर फोटो खिंचवाते छात्रों ने कामयाबी का लक्ष्य पाने की प्रतिबद्धता दिखाई। मुख्य अतिथि चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि आज दुनिया तेजी से बदल रही है। इस दौर में यदि अपने ज्ञान, संज्ञान, विवेक व शिक्षा में समयानुकूल बदलाव नहीं किया तो हम पीछे रह जाएंगे और फिर लक्ष्य दूर होता जाएगा। हर छात्र को 'टेक्नो सावी' होना होगा।




अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आस मोहम्मद पुत्र श्री मोहम्मद राय निवासी गली नंबर 8, जवाहर पार्क, शहीद नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 53/2020 U/S 392/411/34 IPC,** अन्तर्गत **थाना सीमापुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आस मोहम्मद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आस मोहम्मद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 53/2020 U/S 392/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना सीमापुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आस मोहम्मद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.03.2026.** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या सिंह कश्यप
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-06
कमरा नंबर 25, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/1657/SHD/2026(Court Matter)

## तीन नक्सलियों के ढेर होने और एक जवान के वीर गति को प्राप्त होने की खबर

### पुलिस के सी-60 ने नक्सलियों के खिलाफ चलाया ऑपरेशन

# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नक्सली-जवानों के बीच जबरदस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर शुक्रवार सुबह से नक्सली और जवानों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस नक्सल ऑपरेशन में अब तक तीन नक्सली ढेर हुए हैं। वहीं एक जवान के वीरगति प्राप्त होने की खबर है। दूसरी ओर एक जवान को एयरलिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया गया।

मुठभेड़ स्थल से एके-47 और एक इंसास राइफल बरामद हुई है। हालांकि इसकी आधिकारिकतौर पर पुष्टी नहीं हुई है। जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। दोनों तरफ से फायरिंग जारी है। सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र पुलिस के विशेष दस्ता सी-60 ने नक्सलियों के खिलाफ यह ऑपरेशन चलाया। अबूझमाड़ के दुर्गम इलाके में सर्चिंग और डोमिनेटिंग ऑपरेशन के दौरान उन्हें नक्सलियों की मौजूदगी के सटीक जानकारी मिली।



### सुरक्षा एजेंसियों की हालात पर नजर

फिलहाल इलाके में नक्सल ऑपरेशन जारी है। सुरक्षा एजेंसियां हालात पर नजर बनाए हुई हैं। ऑपरेशन खत्म होने के बाद पूरी जानकारी साझा की जायेगी। इससे पूर्व गुरुवार को बीजापुर जिले में हुई मुठभेड़ में नक्सली कमांडर उधम सिंह मारा गया था। वहीं 46 लाख के इनामी 12 माओवादी ने आत्मसमर्पण किया था। इनमें आठ महिला नक्सली भी शामिल थी। ये सभी माओवादी संगठन के साउथ सब जोनल ब्यूरो से जुड़े थे। इन्होंने बस्तर पुलिस की पूना मर्जेम (पुनर्वास से सामाजिक पुनर्स्थापन) पहल के तहत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने सरेंडर किया। अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर इन्होंने मुख्यधारा में लौटने का फैसला लिया। इनमें सोमडू मड़काम (42) डिविजनल कमेटी मेंबर और कटेकल्याण एरिया कमेटी प्रभारी, हुंगी कुंजाम (19) और पायकी कुंजाम (22) शामिल हैं, जो अलग अलग यूनिट के पार्टी मेंबर थे। इन तीनों पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसके अलावा तीन अन्य नक्सलियों पर पांच-पांच लाख रुपये, एक पर दो लाख रुपये और पांच पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

उत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | (1) रेवाड़ी अस्थल बोहर खंड पर एल०एच०एस० संख्या 37ए, आरओके–पीएनपी खंड में एलसी 17, 22, 32 के स्थान पर एलएचएस, और आरओके–एचएनएस खंड में एलएचएस संख्या 25, 28, 62, 63, 82, 96, 119, 218, 221, 259, 266, 276, 293, 301, 312, 340, 345, 366, 368, 370, 373, 381, 392, 394 के लिए मानक ऊंचाई गेज का प्रावधान। (निविदा संख्या 118-25-26-W-IV) |
| 2. | अनुमानित लागत | (1) Rs. 2,30,95,065.42 |
| 3. | धरोहर राशि | (1) Rs. 2,65,500.00 |
| 4. | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 17.02.2026 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 03.03.2026 को 15:00 बजे |
| 5. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्र संख्या 128–डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 118/25-26–डब्लू–4 दिनांक :– 05.02.2026
417/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# सालों से जो बोया, वही काट रहा है पाकिस्तान

जैसा बोएंगे, वैसा काटेंगे। यह कहावत पाकिस्तान पर पूरी तरह से सटीक उतरती है। सालों तक आतंकवाद का पालन-पोषण करने के बाद आज पाकिस्तान खुद उसी आतंकवाद से जूझ रहा है। पाकिस्तान ने सरकारी नीति बनाकर आतंकवाद को शह दी। सरकारी संरक्षण की वजह से वहां आतंकवाद दिन दूनी, रात चौगुनी तेजी से फैला। हालात यह हो गए हैं कि भारत सहित दुनिया के तमाम हिस्सों में होने वाली किसी भी आतंकी वारदात में प्रत्यक्ष या परोक्ष पाकिस्तान का हाथ निकल ही जाता है। भारत सालों से पाकिस्तानी आतंकवाद का शिकार रहा है। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों पर हुए भारतीय हमलों में मारे गए आतंकियों के जनाजों को कंधा देते हुए पाकिस्तानी सैन्य अफसरों के फोटो व वीडियो दुनिया ने देखे हैं। शुक्रवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक शिया मस्जिद में कथित आत्मघाती बम विस्फोट में दर्जनों लोगों की मौत हो गई और डेढ़ सौ से अधिक लोग घायल हो गए। शहजाद टाउन क्षेत्र स्थित तरलाई इमामबारगाह में शुक्रवार की नमाज के दौरान विस्फोट हुआ। यह घटना उस समय हुई जब उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्ज़ियोयेव पाकिस्तान के दौरे पर थे। फिलहाल किसी भी समूह ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि हमलावर एक विदेशी नागरिक था और उसके संबंध 'फितना अल ख्वाराजी' से थे। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को 'फितना अल ख्वाराजी' कहा जाता है। टीटीपी तालिबान का एक सहयोगी संगठन है, जो मुख्य रूप से पड़ोसी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सक्रिय है। हमला किसने किया, यह जांच का विषय हो सकता, लेकिन यह आतंकवादी हमला था, इस पर कोई शक नहीं है। सवाल यह है कि जिस तालिबानी संगठन का नाम इस विस्फोट से जुड़ रहा है, उसको पाकिस्तान ने ही पाला-पोसा और बड़ा बनाया। बदली परिस्थितियों में पाकिस्तान का वही सृजन उसके लिए चुनौती बन गया है। पाकिस्तान के कई राज्यों में ऐसी घटनाएं लगातार हो रही है। आतंकी घटनाओं का दुखद और मानवीय पहलू यह है कि इसके शिकार हमेशा निर्दोष और मासूम लोग ही होते हैं। इनमें बड़ी संख्या बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की होती है। किसी आतंकी घटना में बचे लोग भी लंबे समय उसकी दहशत से नहीं उबर पाते। असल में आतंकवाद किसी सरकार या देश से अधिक मानवता के खिलाफ अपराध होता है। पाकिस्तान के शासकों ने शायद ही कभी इस बात को समझा हो, क्योंकि आज भी भारत के खिलाफ उसकी यह नीति जारी है। भारत के सख्त रुख के बाद उसकी गतिविधियां कुछ कम तो हुई हैं, लेकिन वह अब भी अजहर मसूद जैसे दुर्दांत आतंकी को प्रश्रय दे रहा है। कई आतंकी कैंप चला रहा है। वह अब भी यह मानने को तैयार नहीं है कि आतंकवाद की उसकी सरकारी नीति ने पाकिस्तान के आम लोगों की जिंदगी को नरक बना दिया है। जो संसाधन लोगों की भलाई के लिए इस्तेमाल होने थे, वे आतंकवाद को पोषित करने में लग रहे हैं। अब तो यह हालात हो गए है कि पाकिस्तान का कोई इलाका सुरक्षित नहीं है। करीब तीन महीने पहले भी इस्लामाबाद में जिला एवं सत्र न्यायालय की इमारत के बाहर एक आत्मघाती बम विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई थी। इसी महीने की शुरुआत में एक अन्य आत्मघाती हमले में खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिण वज़ीरिस्तान स्थित एक कैडेट कॉलेज में छह लोग घायल हो गए थे। बेहतर हो कि पाकिस्तान अब अपने गिरेबां में झांके।

# 'ऑरेंज इकॉनमी' युवाओं का भविष्य




करियर
ममता कुशवाहा

पारंपरिक क्षेत्रों में जहां विकास का आधार मुख्यतः प्राकृतिक संसाधन या विनिर्माण उद्योग रहे हैं, वहीं ऑरेंज इकॉनमी विचारों, प्रतिभा, डिजिटल रचनात्मकता, डिजाइन, मीडिया, मनोरंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति पर आधारित है। भारत जैसे युवाओं की विशाल आबादी वाले देश, जहां समृद्ध सांस्कृतिक विरासत मौजूद है, ऑरेंज इकॉनमी न केवल एक नया आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, बल्कि बेरोजगारी की समस्या के समाधान, कौशल विकास के विस्तार और वैश्विक रचनात्मक उद्योगों में नेतृत्व स्थापित करने का एक सशक्त अवसर भी प्रदान करती है। युवाओं के लिए यह केवल एक नया करियर विकल्प नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति, नवाचार और वैश्विक प्रभाव का द्वार है।

ऑरेंज इकॉनमी की अवधारणा इस बात में एक क्रांतिकारी बदलाव का संकेत देती है कि देश रचनात्मकता, नवाचार और सांस्कृतिक उद्योगों को आर्थिक विकास के प्रमुख स्रोत के रूप में कैसे देखते हैं। पारंपरिक क्षेत्रों में जहां विकास का आधार मुख्यतः प्राकृतिक संसाधन या विनिर्माण उद्योग रहे हैं, वहीं ऑरेंज इकॉनमी विचारों, प्रतिभा, डिजिटल रचनात्मकता, डिज़ाइन, मीडिया, मनोरंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति पर आधारित है।

भारत जैसे देश के लिए, जहां युवाओं की विशाल आबादी और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत मौजूद है, ऑरेंज इकॉनमी न केवल एक नया आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, बल्कि बेरोज़गारी की समस्या के समाधान, कौशल विकास के विस्तार और वैश्विक रचनात्मक उद्योगों में नेतृत्व स्थापित करने का एक सशक्त अवसर भी प्रदान करती है। अपने मूल स्वरूप में ऑरेंज इकॉनमी के अंतर्गत एनीमेशन, विज़ुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, डिज़ाइन, डिजिटल कंटेंट निर्माण, संगीत, फिल्म, विज्ञापन, फैशन और रचनात्मक तकनीक जैसे क्षेत्र शामिल हैं। ये सभी उद्योग तेज़ी से डिजिटल प्लेटफॉर्म और वैश्विक बाज़ारों से जुड़े हुए हैं, जिससे दूर-दराज़ क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं के लिए भी इनमें प्रवेश संभव हो गया है। इंटरनेट की बढ़ती पहुंच और डिजिटल उपकरणों के प्रसार के साथ रचनात्मकता अब केवल शौक नहीं, बल्कि एक सम्मानजनक और टिकाऊ करियर विकल्प बनती जा रही है। यह बदलाव पारंपरिक रोजगार मॉडल से अलग है, जहां सफलता का रास्ता मुख्यतः इंजीनियरिंग, चिकित्सा या सरकारी नौकरियों जैसे परंपरागत पेशों से जुड़ा हुआ था। ऑरेंज इकॉनमी का सबसे आशाजनक पक्ष इसकी व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन की क्षमता है। जैसे-जैसे रचनात्मक उद्योगों का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे विभिन्न प्रकार के कौशलों की मांग भी बढ़ रही है, जैसे एनीमेशन और कोडिंग में तकनीकी दक्षता, कहानी लेखन, डिज़ाइन थिंकिंग, मार्केटिंग और डिजिटल रणनीति। सरकारें और शैक्षणिक संस्थान अब इस संभावना को गंभीरता से समझने लगे हैं। स्कूलों और कॉलेजों में क्रिएटिव लैब की स्थापना, पाठ्यक्रमों में रचनात्मक कौशलों का समावेश और डिजिटल कला से जुड़े व्यावसायिक प्रशिक्षण पर जोर, भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यबल तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

अनुमान है कि 2030 और उसके बाद लाखों युवा रचनात्मक क्षेत्रों में अवसर प्राप्त कर सकेंगे, जिससे आर्थिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक समृद्धि भी बढ़ेगी। इस परिवर्तन की आधारशिला कौशल विकास है। पारंपरिक शिक्षा प्रणाली अक्सर रटंत विद्या और सैद्धांतिक ज्ञान पर केंद्रित रही है, जिसमें रचनात्मकता और नवाचार के लिए बहुत कम स्थान होता है। जबकि ऑरेंज इकॉनमी एक ऐसे दृष्टिकोण की मांग करती है, जो प्रयोग, आलोचनात्मक सोच, सहयोग और बहुविषयक अध्ययन को प्रोत्साहित करे। जब छात्रों को प्रारंभिक स्तर से ही रचनात्मक उपकरणों और डिजिटल प्लेटफॉर्म से परिचित कराया जाता है, तो उनमें न केवल तकनीकी दक्षता विकसित होती है, बल्कि आत्मविश्वास और उद्यमशीलता की भावना भी जागृत होती है। यही मानसिक बदलाव उन्हें वैश्विक रचनात्मक अर्थव्यवस्था



में प्रतिस्पर्धा करने के लिए सक्षम बनाता है। ऑरेंज इकॉनमी का एक महत्वपूर्ण पहलू अवसरों का लोकतंत्रीकरण है। पूंजी-प्रधान उद्योगों के विपरीत, रचनात्मक क्षेत्रों में प्रवेश के लिए अपेक्षाकृत कम निवेश की आवश्यकता होती है। एक लैपटॉप, इंटरनेट कनेक्शन और रचनात्मक सोच, ये तीनों मिलकर डिजिटल कंटेंट, डिज़ाइन या गेमिंग जैसे क्षेत्रों में करियर की शुरुआत के लिए पर्याप्त हो सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से उन युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों या ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और जिनके पास पारंपरिक करियर विकल्पों तक पहुंच सीमित होती है। रचनात्मक कौशल और डिजिटल साक्षरता से उन्हें सशक्त बनाकर ऑरेंज इकॉनमी सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को कम करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। फिल्म, संगीत, फैशन और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से सांस्कृतिक कथाएं अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचती हैं। जैसे-जैसे भारतीय रचनात्मक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है, वैसे-वैसे देश की सांस्कृतिक उपस्थिति और आर्थिक प्रभाव भी मजबूत होता जाता है। हालांकि, एक सशक्त ऑरेंज इकॉनमी की दिशा में यात्रा चुनौतियों से मुक्त नहीं है। आधारभूत संरचना की कमी, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का अभाव, वित्तीय संसाधनों तक सीमित पहुंच और अपर्याप्त नीति ढाँचे विकास में बाधा बन सकते हैं। इन बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थानों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। ऐसी नीतियां बनाई जानी चाहिए, जो स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करें, बौद्धिक संपदा की रक्षा करें, नवाचार को बढ़ावा दें और रचनात्मक उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करें।

इसके अतिरिक्त, ऑरेंज इकॉनमी के विकास के लिए सामाजिक दृष्टिकोण में भी परिवर्तन आवश्यक है। अनेक समाजों में रचनात्मक पेशों को आज भी अस्थिर या कम प्रतिष्ठित माना जाता है, जबकि पारंपरिक नौकरियों को अधिक सुरक्षित समझा जाता है। इस मानसिकता को बदलना युवाओं की प्रतिभा को पूरी तरह विकसित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। जब रचनात्मकता को एक वैध और मूल्यवान आर्थिक संपत्ति के रूप में स्वीकार किया जाएगा, तब युवा बिना सामाजिक या आर्थिक भय के अपने जुनून को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। दीर्घकालिक दृष्टि से देखा जाए तो ऑरेंज इकॉनमी रोजगार और आर्थिक विकास की संरचना को नए सिरे से परिभाषित कर सकती है। जैसे-जैसे स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पारंपरिक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर कम कर रही हैं, वैसे-वैसे रचनात्मक उद्योग अधिक प्रासंगिक और टिकाऊ बनते जा रहे हैं। मानवीय कल्पना, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को मशीनें आसानी से प्रतिस्थापित नहीं कर सकतीं। इसलिए रचनात्मकता में निवेश करना केवल एक आर्थिक रणनीति नहीं, बल्कि डिजिटल युग में सतत विकास की अनिवार्य आवश्यकता है। ऑरेंज इकॉनमी युवाओं के सशक्तिकरण, कौशल विकास और राष्ट्रीय प्रगति के लिए एक नए क्षितिज का उद्घाटन करती है।

रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करके, शिक्षा प्रणाली में सुधार लाकर और सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करके भारत जैसे देश ऑरेंज इकॉनमी की शक्ति का उपयोग कर चुनौतियों को अवसरों में बदल सकते हैं। युवाओं के लिए यह केवल एक नया करियर विकल्प नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति, नवाचार और वैश्विक प्रभाव का द्वार है। जैसे-जैसे दुनिया ज्ञान और रचनात्मकता आधारित भविष्य की ओर बढ़ रही है, ऑरेंज इकॉनमी आशा की किरण बनकर उभरती है, जो मानव रचनात्मकता और सांस्कृतिक समृद्धि पर आधारित समृद्धि का वादा करती है।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी

सतीश सिंह




# मौद्रिक समीक्षा पर महंगाई का साया

महंगाई को 4% के लक्ष्य पर स्थिर रखने की प्रतिबद्धता, खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव और अनिश्चित वैश्विक आर्थिक माहौल के कारण और विकास की रफ्तार को बनाए रखने के लिए सतर्क रुख अपनाते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने 6 फरवरी को नीतिगत ब्याज दर को 5.25% के स्तर पर अपरिवर्तित रखा। रिजर्व बैंक का प्राथमिक लक्ष्य महंगाई को नियंत्रित करना है। अस्तु,खाद्य पदार्थों की कीमतों में अनिश्चितता के कारण रिजर्व बैंक ने फिलहाल दरों को कम न करने का निर्णय लिया ताकि महंगाई और न बढ़े। दुनिया भर में आर्थिक अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनावों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगातार दबाव बना हुआ है, जिसके कारण सतर्कता बरतना आवश्यक है। डॉलर के मुकाबले रुपये की अस्थिरता और बॉन्ड यील्ड के दबाव के कारण भी केंद्रीय बैंक ने रेपो दर में कटौती करने से गुरेज किया। दिसंबर 2025 में रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 0.25% की कटौती की थी, जिससे यह मौजूदा स्तर पर आ गया। वैसे, 2025 की शुरुआत से रिजर्व बैंक नीतिगत दरों में 125 आधार अंकों की कटौती कर चुका है, लेकिन अभी तक बैंकों ने इस कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को नहीं दिया है, क्योंकि अभी भी नये ऋणों में आधार अंकों की कटौती करना शेष है. इसलिए, रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों को यथावत रखने के बाद भी उधारी दरों में कटौती की गुंजाइश बनी हुई है। रिजर्व बैंक,जिस दर पर बैंकों को ऋण देता है, उसे रेपो दर कहते हैं। जब रिजर्व बैंक इसे घटाता है तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और बैंक इसका लाभ आमजन और जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं। हालांकि,नीतिगत दरों में कटौती नहीं करने के बावजूद जरूरत पड़ने पर रिजर्व बैंक नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कटौती करके और ओपन मार्केट ऑपरेशंस (ओएमओ) के जरिये बैंकिंग प्रणाली की तरलता को बढ़ा सकता है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बैंक ने 29 जनवरी 2026 को हुई नीलामी सहित, ओएमओ के माध्यम से रिजर्व बैंक बैंकिंग प्रणाली में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये डाल चुका है। सबसे महत्वपूर्ण,भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की गति अच्छी है। केंद्रीय बैंक मौद्रिक समीक्षा के दौरान वित्त वर्ष 2026 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि अनुमान को 7.3% से बढ़ाकर 7.4% कर दिया, जबकि वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में इसके 6.9% रहने का अनुमान जताया है, जो इसके पहले 6.7% था, वहीं, वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में जीडीपी के 7% रहने का अनुमान जताया है, जो पहले 6.8% था। इसके अलावा, हाल ही में अमेरिकी सरकार ने टैरिफ को 50% से घटाकर 18% कर दिया है, जिससे निर्यात में इजाफा, आर्थिक गतिविधियों में तेजी, व्यापार घाटा में कमी आने, विदेशी मुद्रा में इजाफा आदि होने की उम्मीद है, जिससे अर्थव्यवस्था में मजबूती आएगी। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान महंगाई के 2.1% रहने का अनुमान जताया है, जो पहले 2% था। वहीं, वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में इसके 3.2% रहने का अनुमान जताया है, जो पहले 2.9% था। महंगाई के कारण लोगों की क्रय शक्ति में कमी, जीवनयापन की लागत में वृद्धि, और बचत के वास्तविक मूल्य में गिरावट आती है। इससे गरीबों पर सबसे अधिक असर पड़ता है, क्योंकि उन्हें बुनियादी आवश्यकताओं, जैसे भोजन और स्वास्थ्य के मद में ज्यादा खर्च करना पड़ता है। यह आर्थिक विकास को भी बाधित करती है और कंपनियों के मुनाफे को भी कम करती है। महंगाई दर के जमा दर से अधिक होने पर बैंक में जमा पैसों की वास्तविक कीमत घट जाती है और भविष्य के लिए जमा की गई पूंजी कम हो सकती है और बुढ़ापे में वित्तीय संकट पैदा हो सकता है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार जनवरी, 2026 में, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की ऋण वृद्धि दर धीमी होकर वर्ष दर वर्ष के आधार पर 13.1% रह गई, जो दिसंबर 2025 में 14.5% थी। वहीं, 5 जनवरी, 2026 को खत्म हुए पखवाड़े तक जमा वृद्धि दर कम होकर वर्ष दर वर्ष के आधार पर 10.6% रह गई। इस तरह, इस अवधि में बैंक जमा में लगभग 3 लाख 57 हजार करोड़ रुपये की कमी आई, जिससे क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात रिकॉर्ड 82.2% के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इस वजह से फिलवक्त,बैंक तरलता की कमी का सामना कर रहे हैं और उन्हें जरूरतमंदों को ऋण देने में मुश्किलें आ रही है। निष्कर्ष के तौर पर कह सकते हैं कि महंगाई आमजन और विकास की राह में एक बहुत बड़ी बाधक है। चूंकि, आगामी महीनों में इसमें तेजी आने की आशंका है, इसलिए, रिजर्व बैंक ने सतर्कता बरतते हुए रेपो दर को यथावत रखा है। बैंक जमा में लगातार कमी आने के कारण मौजूदा समय में बैंक पूंजी की भारी कमी का सामना कर रहे हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित
दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है। स्वाभाविक है कि इससे टकराव बढ़ेगा।

# बिना चिंतन के कीर्तन का कोई लाभ नहीं



संकलित
प्रेरणा

राजा के मन में आया कि अगर मैं भी भागवत की कथा सुन लूं तो मेरा भी कल्याण हो जाएगा। राजा ने एक पण्डित जी से बात की। पण्डित जी भागवत सुनाने के लिए तैयार हो गए। निश्चित समय पर भागवत-कथा आरंभ हुई। सात दिन बीतने पर कथा समाप्त हुई। दूसरे दिन राजा ने पण्डितजी को बुलाया और कहा- पण्डित जी ! न तो आपने भागवत सुनाने में कोई कमी रखी, न मैंने सुनने में कोई कमी रखी, फिर भागवत सुनने पर कोई फर्क तो नहीं पड़ा, बात क्या है? पण्डित जी ने कहा- महाराज! इसका उत्तर तो मेरे गुरु जी ही दे सकते हैं। राजा ने कहा- आप अपने गुरुजी को आदरपूर्वक मेरे यहां ले आएं, हम उनसे पूछेंगे। राजा ने अपनी शंका गुरु जी के सामने रखी कि, भागवत सुनने पर भी मेरा कल्याण क्यों नहीं हुआ? गुरुजी ने राजा से कहा कि थोड़ी देर के लिए मुझे अपना अधिकार दे दो। राजा ने उनकी बात स्वीकार कर ली। गुरु जी ने आदेश दिया कि राजा और पण्डित जी दोनों को बांध दो। राजपुरुषों ने दोनों को बांध दिया। अब गुरुजी ने पण्डित जी से कहा कि, तुम राजा को खोल दो। और राजा से कहा- तुम पण्डित जी को खोल दो। दोनों ने उत्तर दिया कि हम बंधे है कैसे एक-दूसरे को खोल सकते हैं। गुरु जी ने कहा- महाराज! मैंने आपके प्रश्न का उत्तर दे दिया! राजा ने कहा- मैं समझा नहीं! गुरुजी बोले- जैसे खुद बंधा हुआ आदमी दूसरे को बन्धन-मुक्त नहीं कर सकता है, वैसे ही स्वयं ज्ञान को अपने अनुभव में उतारे बिना कोई दूसरे का कल्याण कैसे कर सकता है?

## अंतर्मन




## आज की पाती


### डिजिटल क्रांति का सच

आज का दौर डिजिटल क्रांति का है, लेकिन यही क्रांति अब बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बनती जा रही है। भारत में तेजी से बढ़ते इंटरनेट उपयोग और सस्ते डेटा ने जहां अवसरों के नए द्वार खोले हैं, वहीं यह बच्चों के लिए एक अदृश्य खतरा भी बनकर उभरा है। इकोनोमिक सर्वे 2025-26 ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि डिजिटल एडिक्शन और अत्यधिक स्क्रीन टाइम अब सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम का रूप ले रहा है, क्योंकि स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और गेमिंग प्लेटफॉर्म बच्चों के व्यवहार, सीखने की क्षमता और मानसिक संतुलन पर मापने योग्य प्रभाव डालने लगे हैं। यही नहीं, रिपोर्ट ने यह भी सुझाया है कि कम उम्र के उपयोगकर्ताओं की अधिक संवेदनशीलता को देखते हुए सोशल मीडिया के लिए आयु-आधारित सीमाएं तय करने पर विचार किया जाना चाहिए। *- रोहित कुमार यादव*

## करंट अफेयर

# पूर्व मीडिया दिग्गज लाई को सोमवार को मिलेगी सजा


हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई को चीन द्वारा लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दिसंबर में दोषी ठहराए जाने के बाद सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक लाई (78) को इस मामले में आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। लाई के खिलाफ कार्रवाई की कुछ विदेशी सरकारों ने आलोचना की है। न्यायपालिका ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर जानकारी दी कि वह सोमवार को पूर्वाह्न 10 बजे सजा सुनाए जाने की कार्यवाही शुरू करेगी। लाई चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के मुखर आलोचक रहे हैं और उन्हें 2020 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था। चीन पिछले वर्ष हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शहर की स्थिरता के लिए इस कानून को आवश्यक मानता है। लाई के खिलाफ मुकदमे को व्यापक पैमाने पर हांगकांग में प्रेस की स्वतंत्रता के पतन के एक संकेतक के रूप में देखा गया है। लाई को सजा सुनाए जाने से चीन और विदेशी सरकारों के बीच तनाव पैदा हो सकता है। लाई की दोषसिद्धि की अमेरिका और ब्रिटेन ने आलोचना की थी। लाई को विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत कर राजद्रोहपूर्ण लेख प्रकाशित करने की साजिश रचने का दोषी पाया गया।



## ऑफ बीट

# चार लाख साल पहले ग्रीनलैंड हरा-भरा था

लगभग 400,000 साल पहले, ग्रीनलैंड के बड़े हिस्से बर्फ-मुक्त थे। द्वीप की उत्तर-पश्चिमी उच्चभूमि पर झाड़ीदार टुंड्रा सूर्य की किरणों का आनंद लिया करता था। साक्ष्य बताते हैं कि कीड़ों से गुलजार स्प्रूस पेड़ों का जंगल, ग्रीनलैंड के दक्षिणी हिस्से में फैला हुआ था। उस समय वैश्विक समुद्र का स्तर बहुत अधिक था, आज के स्तर से 20 से 40 फुट ऊपर। दुनिया भर में, वह भूमि जो आज करोड़ों लोगों का घर है, पानी में डूबी हुई थी। वैज्ञानिक काफी समय से जानते हैं कि ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पिछले दस लाख वर्षों में किसी न किसी समय गायब हो गई थी, लेकिन निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि यह कब गायब हुई थी। ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर के लगभग एक मील मोटे हिस्से के नीचे से शीत युद्ध के दौरान निकाली गई जमी हुई मिट्टी का उपयोग करके तारीख निर्धारित की। समय - लगभग 416,000 वर्ष पहले, जिसमें बड़े पैमाने पर बर्फ-मुक्त स्थितियाँ 14,000 वर्षों तक चलीं - महत्वपूर्ण है। उस समय, पृथ्वी और इसके प्रारंभिक मानव सबसे लंबे अंतर-हिमनद काल से गुजर रहे थे क्योंकि बर्फ की चादरें 25 लाख वर्ष पहले उच्च अक्षांशों को ढके हुए थीं।



## ट्रेंड

### ऐतिहासिक समझौता



यह एक ऐतिहासिक समझौता है, जो विशेष रूप से पूर्वी नागालैंड के विकास पथ को गति प्रदान करेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि इससे लोगों के लिए अवसरों और समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। यह पूर्वोत्तर में शांति, प्रगति और समावेशी विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### 'भारत विस्तार' प्लेटफार्म



किसानों की उत्पादकता बढ़ाने और उनकी आजीविका में सुधार लाने के लिए हमने एआई के उपयोग का फैसला किया है। 'भारत विस्तार' प्लेटफार्म भी हम बना रहे हैं, जिस पर बीज, खाद, दवा और योजनाओं के सवाल और समाधान सब मिल जाएगा।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंदीय कृषि मंत्री**

### सार्थक विकास



विकास वही सार्थक होता है जो अपनी सभ्यता, अपनी संस्कृति के मूल्यों का संरक्षण और सम्मान करते हुए हमें नित नए सोपान की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सके।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### शिक्षा विरोधी सोच



भाजपा की शिक्षा विरोधी सोच ही सरकारी स्कूलों को बंद करवा रही है। भाजपाई जानते हैं कि शिक्षा से लोगों में जागरूकता और वैज्ञानिक चेतना आती है जो भाजपा की दक़ियानूसी, रूढ़िवादी, संकीर्ण सोच और तंग नज़रिये को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# तृणमूल कांग्रेस सरकार के बजट में मौलवी, मुअज्जिन और मदरसा पर खजाना लुटायाः त्रिवेदी

## ममता का बंगाल लगातार तुष्टीकरण की गहरी खाई में गिरता जा रहाः भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने पश्चिम बंगाल सरकार के बजट पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जहां एक ओर देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास, पारदर्शिता और समावेशी प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है, वहीं पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार का बजट तुष्टीकरण और असंतुलित प्राथमिकताओं को दर्शाता है। पश्चिम बंगाल सरकार ने अपने बजट में माइनॉरिटी अफेयर्स और मदरसों के लिए 5713 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, जबकि इंडस्ट्री और कॉमर्स के लिए मात्र 1400 करोड़ रुपए रखे हैं। ममता बनर्जी ने मां, माटी, मानुष की जगह मौलवी, मुअज्जिन और मदरसा के लिए पूरी ममता का खजाना लुटा दिया है। शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए ये बातें कही।

त्रिवेदी ने कहा कि देश गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों की ओर आगे बढ़ रहा है, जिसका स्पष्ट प्रतिबिंब हाल ही में प्रस्तुत केंद्रीय बजट में देखने को मिला है। वहीं दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य तुष्टीकरण की गहरी खाई में लगातार गिरता चला जा रहा है, जिसकी अत्यंत विद्रूप झलक पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में दिखाई पड़ती है। माइनॉरिटी अफेयर्स और मदरसों के लिए 5713 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है, जबकि इंडस्ट्री और कॉमर्स के लिए मात्र 1400 करोड़ रुपए रखे गए हैं। यानी उद्योग और वाणिज्य के लिए केवल 1400 करोड़ रूपये जबकि माइनॉरिटी मदरसों के लिए 5713 करोड़ रूपये। इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के लिए 217 करोड़, माइनॉरिटी मदरसों के लिए 5700 करोड़ रुपए। साइंस व रिसर्च के लिए केवल 82 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के उत्तरी और पश्चिमी भाग के विकास के लिए क्रमशः 920 करोड़ और 810 करोड़ रुपए प्रावधान किया गया है। मदरसों को दिया जाए, इसमें कोई आपत्ति की बात नहीं है, लेकिन एक तरफ यह कहा जाता है कि माइनॉरिटी कम्युनिटी में शिक्षा की स्थिति खराब है और दूसरी तरफ केवल मुअज्जिनों को, जिन्हें बहुत से लोग नहीं जानते कि वे वही होते हैं जो उस समय अजान लगाते हैं और लाउडस्पीकर पर जाते हैं, उनकी तनख्वाह दी जाती है। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि ममता बनर्जी द्वारा प्रस्तुत बजट में विकास के प्रति पूरी तरह निर्ममता दिखाई देती है और मां, माटी, मानुष की जगह मौलवी और मदरसा को ममता दी गई है। मां, माटी, मानुष की जगह मौलवी, मुअज्जिन और मदरसा के लिए पूरी ममता का खजाना लुटा दिया गया है। इसके लिए पश्चिम बंगाल सरकार को दोष देना सही नहीं होगा, क्योंकि उनके मंसूबे पूरी तरह साफ हो चुके हैं। ममता बनर्जी ने कुछ दिन पहले कहा था कि 30 प्रतिशत की कम्युनिटी है और वो रोड रेज कर सकती हैं। ममता बनर्जी से सवाल यह है कि यह प्यार से दिया गया है या डर के कारण, क्योंकि उन्होंने स्वयं कहा है कि रोड रेज हो सकती है?


भाजपा सांसद त्रिवेदी ने कहा कि वर्ष 2021 में तृणमूल कांग्रेस के मुख्य रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बयान दिया था कि उनकी गिनती 30 प्रतिशत से शुरू होती है। जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी भागीदारी के सिद्धांत पर बजट में किसने किसकी बाजी मारी? ममता बनर्जी से एक प्रश्न हैं, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्जी ने कहा था कि पश्चिम बंगाल के कुछ मदरसे, जिन्हें मान्यता प्राप्त मदरसा बोर्ड से समर्थन मिलता है, देश विरोधी गतिविधियों के केंद्र हैं। यह बात कोई और नहीं बल्कि ममता बनर्जी से पहले मुख्यमंत्री रहे बुद्धदेव भट्टाचार्य ने कही थी। 9 सितंबर 2006 को एक बैठक में आंतरिक सुरक्षा के संदर्भ में बुद्धदेव भट्टाचार्य जी ने कहा था कि पाकिस्तान की आईएसआई द्वारा प्रायोजित अनेक मदरसे पश्चिम बंगाल में काम कर रहे हैं और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलग्न हैं, जिनमें से कई बॉर्डर एरिया में सक्रिय हैं। ममता बनर्जी जवाव दें कि जिन मदरसों के एक बड़े हिस्से को पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य ने आईएसआई प्रायोजित बताया था, यदि उनकी सरकार उन्हें पोषित कर रही है, तो क्या यह राष्ट्र की सुरक्षा और सद्भावना की कीमत पर राजनीति करना नहीं है?

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि एक तरफ मुस्लिम समाज की 87 में से 78 जातियों को ओबीसी का दर्जा देकर पहले उन पर संवैधानिक ममता उड़ेली गई और अब वित्तीय ममता भी उढेली जा रही है। महत्वपूर्ण बात यह है कि मौलवी और मुअज्जिन को जो पैसा मिलेगा, उसके लिए किसी प्रकार का रेजिडेंशियल या रेजिडेंसी प्रूफ भी नहीं मांगा जा रहा है। इससे यह साफ हो जाता है कि इंडी गठबंधन, जो अपने जिस मूल विचार पर चल रहा है, वह तमिलनाडु से लेकर पश्चिम बंगाल तक अत्यंत विद्रूप और विकृत स्वरूप में दिखाई पड़ रहा है। इसके लिए केवल तृणमूल कांग्रेस ही दोषी नहीं है, बल्कि माइनॉरिटी कम्युनिटी की एक ऐसी ताकत भी है, जो यह दर्शाती है कि वे कुछ भी करेंगे और सरकारों व सेक्युलर दलों को झुकाने में सफल होंगे।

## खबर संक्षेप

### भूकंप से हिला गोंडा 3.7 रही तीव्रता


**गोंडा।** शुक्रवार सुबह गोंडा भूकंप के झटकों से हिल गया। भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई। इसका केंद्र



इटियाथोक क्षेत्र के इटहिया नवीजोत गांव के आसपास बताया गया है।सुबह-सुबह अचानक धरती में कंपन महसूस होते ही लोग घरों से बाहर निकल आए। हालांकि राहत की बात यह रही कि अब तक किसी प्रकार की धनहानि या जनहानि की सूचना नहीं मिली है।

### 17वीं मंजिल से बेकरी मालिक ने लगाई छलांग

**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर में एक समय मशहूर रही मुल्तानी बेकरी के मालिक द्वारा आत्महत्या



किए जाने की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। व्यक्ति की पहचान 60 वर्षीय सुनील सदारंगानी के रूप में हुई है। उन्होंने पनाश अपार्टमेंट की 17वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। पुलिस पड़ताल कर रही है।

### सबरीमाला में सोना गायब, एक्टर को समन

**सबरीमाला।** सोने की चोरी के मामले में जांच जारी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया



कि प्रवर्तन निदेशालय ने चोरी के मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए एक्टर जयराम को समन भेजा है। एजेंसी कथित मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को भी समन भेजने की तैयारी कर रही है। वे बेल मिलने के बाद जेल से बाहर आए हैं।

### जालंधर में आप नेता ओबेरॉय की हत्या

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में गुरुद्वारा साहिब के बाहर आप नेता लक्की ओबरॉय की गोली मारकर



हत्या कर दी गई है। सुबह-सुबह गोलियों की आवाज से इलाके में सनसनी फैल गई। वारदात शुक्रवार सुबह उस समय हुई जब लक्की ओबरॉय मॉडल टाउन में गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर लौट रहे थे। बदमाशों ने आठ-दस राउंड फायरिंग की।

### एयर इंडिया का यह कायाकल्प टेस्ट जैसा

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया का कायाकल्प अब किसी क्रिकेट टेस्ट मैच के 5वें दिन की सुबह जैसा है,



जहां खेल निर्णायक मोड़ पर होता है। एयर लाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने एयरलाइन की मौजूदा स्थिति को बयां करने के लिए क्रिकेट की यह दिलचस्प उपमा दी है।

## कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने लगाया आरोप

# प्रधानमंत्री का मनोबल टूट चुका, वे राहुल के सवालों से डरे हैं सदन में ही नहीं बैठते

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी एपस्टीन फाइल आने को लेकर विचलित हैं, इसी कारण उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के सामने अपने घुटने टेक दिए और भारतीय किसानों के हितों की बलि दे दी। खरगे ने कहा कि ट्रेड डील से अमेरिकी किसान अमीर और भारतीय किसान गरीब होंगे, जिस पर अमेरिका की कृषि मंत्री ने खुश होकर कहा है कि इससे अमेरिका के पास खूब पैसा आएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय संबोधन पर तीखा पलटवार करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने इसे ₹स्तरहीन₹ और 'झूठ से भरा' बताया। राज्यसभा में प्रधानमंत्री के 97 मिनट के भाषण को तथ्यों से परे बताते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के पास विपक्ष के सवालों का कोई ठोस जवाब नहीं है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रधानमंत्री के भाषण पर प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता नहीं है, फिर भी उनकी स्तरहीन बातों का जवाब देना जरूरी है क्योंकि झूठी बातों को दोहराना उनका पुराना काम रहा है। खरगे ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का मनोबल टूट चुका है और वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सवालों से इस कदर डरे हुए हैं कि सदन में बैठने से कतराते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संसद को जानबूझकर नहीं चलाना चाहती और लगातार संसद ठप होना लोकतंत्र की विफलता है। इंटेलिजेंस इनपुट के बहाने पीएम के लोकसभा में न आने पर खरगे ने पूछा कि अगर सरकार की इंटेलिजेंस इतनी ही चौकस है, तो पुलवामा हमला क्यों हुआ? देश में दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर हो रही लिंचिंग को इंटेलिजेंस क्यों नहीं रोक पाती?

पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब को लेकर खरगे ने मोदी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब यह किताब सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है, तो रक्षा मंत्री और गृह मंत्री संसद में यह क्यों कह रहे हैं कि किताब प्रकाशित ही नहीं हुई? खरगे ने इसे संसदीय विशेषाधिकार का हनन बताते हुए कहा कि राहुल गांधी द्वारा उठाए गए तथ्यों से सरकार घबरा गई है। उन्होंने कहा कि जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यह मुद्दा उठाया, तो सरकार को मिर्ची लग गई और तथ्यों का जवाब देने के बजाय व्यक्तिगत हमले किए गए।

सिख समुदाय के अपमान वाले प्रधानमंत्री के बयान को खरगे ने खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सिखों का पूरा सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा डॉ. मनमोहन सिंह को दो बार प्रधानमंत्री बनाना इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाया कि मोदी ने खुद डॉ. मनमोहन सिंह के लिए 'रेनकोट पहनकर नहाने' जैसी अभद्र टिप्पणी कर सिखों का अपमान किया था। उन्होंने आगे कहा कि सदन के बाहर दो लोगों के बीच दोस्ताना बातचीत को सिखों का अपमान बताया जा रहा है जबकि प्रधानमंत्री मोदी न सिखों का आदर करते हैं, न दलितों का और न ही आदिवासियों का। कांग्रेस अध्यक्ष ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी द्वारा स्थापित किए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 'दिवाला निकालने वाले कारखाने' कहे जाने को देश के गौरवशाली इतिहास का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि नेहरू जी के शासन में एचएमटी, एचएएल और भेल जैसे संस्थानों ने देश के औद्योगिक विकास की नींव रखी, लेकिन मौजूदा सरकार उन्हें खत्म करने का इरादा रखती है। खरगे ने भाजपा को दलित विरोधी बताते हुए यह भी याद दिलाया कि 2014 में भाजपा सरकार चाहती तो अपने विवेकाधीन अधिकारों का इस्तेमाल कर उन्हें नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सकता था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।

## राज्यसभा में प्रधानमंत्री के भाषण पर जयराम रमेश का तीखा हमला

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो )।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और संचार प्रभार जयराम रमेश ने राज्यसभा में प्रधानमंत्री के हालिया भाषण को लेकर तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरुवार शाम के भाषण ने एक बार फिर यह उजागर कर दिया कि उनके भीतर कितनी गहरी असुरक्षा, पूर्वाग्रह और कड़वाहट भरी हुई हैं। प्रधानमंत्री लगातार झूठ फैलाते रहे और उनके वक्तव्य में विष और नकारात्मकता साफ झलकती रही। रमेश ने प्रधानमंत्री के 97 मिनट लंबे भाषण को 'दयनीय' करार देते हुए कहा कि इसे दयनीय कहना भी बहुत हल्का आकलन होगा। उनका आरोप है कि प्रधानमंत्री अपनी ही निजी नफरतों के कैदी बन चुके हैं और उन्होंने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा उठाए गए किसी भी गंभीर सवाल का कोई ठोस जवाब नहीं दिया। प्रधानमंत्री चाहे जितनी बार स्वयं को महान साबित करने की कोशिश करें, लेकिन ऐसा करने से यह और स्पष्ट होता जाता है कि वे न तो अच्छे व्यक्ति हैं और न ही कभी हो सकते हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर और विदेश नीति पर सवाल

जयराम ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि इस समय वाशिंगटन डीसी में बैठे प्रधानमंत्री के 'अच्छे मित्र' लगातार यह दावा कर रहे हैं कि 10 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर को रुकवाने में उन्होंने हस्तक्षेप किया था। यह दावा अब बार-बार दोहराया जा रहा है और इसकी संख्या 'शतक के करीब' पहुंच चुकी है, लेकिन इसके बावजूद प्रधानमंत्री इस गंभीर मुद्दे पर पूरी तरह मौन हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि जिस तरह 19 जून 2020 को पूर्वी लद्दाख में बीस से अधिक भारतीय जवानों की शहादत के बाद प्रधानमंत्री ने चीन को कथित 'क्लीन चिट' दी थी और बाद में इस विषय पर चुप्पी साध ली थी, वही स्थिति अब भी देखने को मिल रही है।

### संसद में जवाबदेही का मुद्दा

जयराम ने कहा कि संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है और यहां प्रधानमंत्री से गंभीर सवालों के स्पष्ट जवाब अपेक्षित होते हैं। लेकिन राज्यसभा में दिए गए हालिया भाषण में प्रधानमंत्री ने आलोचनाओं और सवालों का सामना करने के बजाय केवल आरोप-प्रत्यारोप और आत्मप्रशंसा का रास्ता अपनाया।

## 8 वर्ष बाद परिणाम, 1711 पदों पर 39 का चयन

# हरियाणा के युवाओं से एचपीएससी ने फिर धोखा कियाः कुमारी सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) की भर्ती प्रणाली पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि वर्ष 2019 में निकली स्नातकोत्तर शिक्षक (कंप्यूटर साइंस) के 1711 पदों की भर्ती का परिणाम 2026 में आना और उसमें भी सिर्फ 39 अभ्यर्थियों का चयन होना हरियाणा के युवाओं के साथ एक बहुत बड़ा धोखा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि आठ वर्षों तक हज़ारों युवाओं को उम्मीद में बाँधे रखना और अंत में उन्हें अयोग्य घोषित कर देना, उनकी मेहनत, आत्मसम्मान और भविष्य, तीनों पर सीधा हमला है। इस दौरान भर्ती के नियम बार-बार बदले गए, मानदंडों में फेरबदल किया गया और परीक्षा पद्धति में लगातार बदलाव किए गए, जिससे अभ्यर्थी भ्रम में रहे। इसी बीच सैकड़ों युवा आयु सीमा पार कर चुके हैं। उन्होंने सवाल किया इस नुकसान की जिम्मेदारी कौन लेगा।

उन्होंने कहा कि हाल में घोषित असिस्टेंट प्रोफेसर की मुख्य परीक्षा के नतीजे भी भर्ती व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर करते हैं। सामान्य वर्ग में केवल 336 अभ्यर्थियों को पास किया गया, जबकि नियमों के अनुसार 2020 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना चाहिए था। आरक्षित वर्ग के साथ तो और भी बड़ा अन्याय हुआ जहाँ 1016 के स्थान पर मात्र 166 अभ्यर्थियों को ही पास किया गया। जिन अभ्यर्थियों को एसकेटी परीक्षा में पास किया गया उनमें से 80 प्रतिशत से भी अधिक अभ्यर्थी बाहर के यानी हरियाणा से दूसरे राज्यों के हैं। कई सब्जेक्ट में तो हरियाणा के मात्र 8 प्रतिशत छात्र ही पास किए गए हैं। यह हरियाणा के युवाओं के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। अंग्रेज़ी विषय में स्थिति अत्यंत चौंकाने वाली है। आरक्षित वर्ग के लिए 301 पद थे, लेकिन केवल 16 अभ्यर्थियों को पास किया गया और 285 पद खाली छोड़ दिए गए। अनुसूचित जाति की ओएससी व डीएससी श्रेणियों के लिए 120 पदों में से केवल 3 अभ्यर्थी पास हुए। कुल 613 अंग्रेज़ी पदों के विरुद्ध मात्र 151 अभ्यर्थी ही योग्य घोषित किए गए। सामान्य वर्ग में भी 502 पदों के सामने केवल 336 अभ्यर्थियों को पास किया गया, जबकि 1004 अभ्यर्थियों को बुलाया जाना चाहिए था।

कुमारी सैलजा ने कहा कि एएमओ और पीजीटी की भर्तियों में भी 35 प्रतिशत की कठोर सीमा लगाकर हजारों अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से बाहर कर दिया गया, जिससे अधिकांश पद खाली रह गए। यह स्पष्ट करता है कि समस्या युवाओं की योग्यता में नहीं, बल्कि भर्ती प्रक्रिया की खामियों और मनमानी में है। उन्होंने मांग की कि विषय ज्ञान परीक्षा में कुल पदों के कम से कम दो गुना अभ्यर्थियों को पास कर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाए, सभी विज्ञापित पद भरे जाएँ और पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच करवाई जाए।

## सीएम उमर का बजट में ऐलान

# यहां 554 स्कूलों में वोकेशनल एजुकेशन, 200 ई-बसें चलेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को केंद्र



शासित प्रदेश के लिए 1.13 लाख करोड़ का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय योजना का मकसद केंद्र शासित प्रदेश में स्थायी विकास, सामाजिक सद्भाव और आर्थिक समृद्धि के लिए एक मजबूत नींव रखना है।अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में 2आयुष अस्पताल की घोषणा की। राजौरी, बारामूला और डोडा में कैथ लैब व उरी और पुंछ में इमरजेंसी अस्पताल खोले जाएंगे। एम्स कश्मीर 2026 में शुरू किए जाने का ऐलान किया गया। सीमावर्ती जिलों के लिए बुलेट प्रूफ एंबुलेंस सेवा भी शुरू होगी। 554 स्कूलों में वोकेशनल एजुकेशन की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने लक्ष्य रखा कि 200 नई ई-बसें चलाई जाएंगी। नए कल्चरल सेंटर बनाए जाएंगे। नौकरियों को बढ़ावा देने के लिए कठुआ और हंदवाड़ा बायोटेक पार्क को फिर से शुरू किया जाएगा। किसानों को भी सुविधाएं दी।

## दिल्ली में खुला महाराजा लाउंच




नई दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे पर एयर इंडिया द्वारा खोला गया 'महाराजा लाउंज' का एक दृश्य।

## भाजपा-एआईएमआईएम ने मिलाया हाथ

# अमरावती में भाजपा के तेजवानी बने महापौर, सचिन उपमहापौर

**अमरावती।** महाराष्ट्र की अमरावती महानगरपालिका के मेयर चुनाव में राजनीति के अप्रत्याशित समीकरण सामने आए हैं। भाजपा की कट्टर विरोधी मानी जाने वाली एआईएमआईएम की पार्षद मीरा कांबले ने ऐन वक्त पर भाजपा उम्मीदवार श्रीचंद तेजवानी के पक्ष में मतदान किया। इससे भाजपा के श्रीचंद तेजवानी अमरावती के मेयर निर्वाचित हो गए। उपमहापौर पद के लिए भी चुनाव हुआ, जिसमें युवा स्वाभिमान पार्टी के सचिन भेंडे को उपमहापौर चुना गया।



## होली के निकट आने पर लोगों की आवाजाही बढ़ी

# रेलवे चलाएगा 1410 स्पेशल ट्रेन, यूपी-बिहार होंगे लाभान्वित

## जरूरत पड़ने पर ट्रेनों की संख्या 1500 तक बढ़ाई जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होली का त्योहार नजदीक आते ही देशभर में यात्रियों की आवाजाही तेज होने लगी है। रंगों के इस पर्व को मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने अपने घरों की ओर रवाना होंगे। ऐसे में रेलवे ने स्टेशन पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे ने खास तैयारी की है। रेलवे ने ऐलान किया है कि होली 2026 के दौरान रिकॉर्ड 1410 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर इन ट्रेनों की संख्या 1500 तक बढ़ाई जा सकती है। रेलवे ने साल 2025 में होली के लिए कुल 1144 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया था। रेल मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय रेल हर बड़े त्योहार के दौरान यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सुचारू परिचालन के लिए लगातार प्रतिबद्ध है।



### पूर्व मध्य रेलवे 285 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा

रेल मंत्रालय ने जोन के हिसाब से होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन तय किया है। इसमें पूर्व मध्य रेलवे सबसे आगे है। यहां से 285 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। इसके बाद पश्चिम रेलवे पश्चिमी रूटों पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए 231 ट्रेन चलाए जाने की योजना है। मध्य रेलवे की ओर से 209 होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। दक्षिण मध्य रेलवे कुल 160 ट्रेनों का संचालन करेगा। उत्तर रेलवे 108 और उत्तर पश्चिम रेलवे 71 स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना पर काम कर रहा है।

### बाकी जोन में भी बढ़ेंगी सुविधाएं

बाकी जोन के लिए भी स्पेशल ट्रेनों का प्लान तैयार किया है। दक्षिण पश्चिम रेलवे द्वारा 47 ट्रेनें चलाई जाएंगी। पश्चिम मध्य रेलवे ने 43 ट्रेन चलाएगा।

## मुख्यमंत्री सरमा ने कहा

### सिलीगुड़ी रेलवे टनल होगी नॉर्थईस्ट कनेक्टिविटी के लिए वरदान

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने सिलीगुड़ी कॉरिडोर से होकर प्रस्तावित अंडरग्राउंड रेलवे टनल का स्वागत किया। उन्होंने इसे एक



गेम-चेंजिंग पहल बताते हुए कहा कि इससे नॉर्थईस्ट और देश के बाकी हिस्सों के बीच कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित होगी। यह रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूती देगा। यह सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर निर्भर रहा है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए U/s 84 BNSS**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **नाजिम पुत्रः** निज़ामुद्दीन **पताः** गली नंबर 12, बी ब्लॉक, कादी विहार, दिल्ली ने **e-FIR No. 749/2022 U/s 380/411 IPC स्वरूप नगर, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नाजिम** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नाजिम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **e-FIR No. 749/2022 U/s 380/411 IPC थानाः स्वरूप नगर, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **नाजिम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रीमती ज्योति नैन
जेएमएफसी–02, कमरा नंबर–6
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1599/ON/2026
(Court Matter)

## रियल एस्टेट उद्योग तथा विशेषज्ञों ने निकाला निष्कर्ष

# नीतिगत दर स्थिर रखने से मकान खरीदने वाले ग्राहकों को मिलेगा प्रोत्साहन

■ घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रियल एस्टेट उद्योग तथा विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कहा कि आरबीआई के नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने से ग्राहकों की मकान खरीदने और डेवलपर की नई परियोजना लाने की धारणा को बल मिलेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई में नरमी, वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने के साथ बजट में सरकारी खर्च में वृद्धि तथा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बनी सहमति के बाद शुल्क को लेकर दबाव कम होने के बीच नीतिगत दर को यथावत रखने की उम्मीद की जा रही थी।

## नई परियोजना लाने की धारणों को मिलेगा बल

### मकान खरीदने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन

रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा, '' घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं और वृद्धि का परिदृश्य सकारात्मक है। इस समय ब्याज दरों को स्थिर बनाए रखना मकान खरीदने वालों को खरीदारी का फैसला लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इससे डेवलपर को भी ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए नई परियोजनाएं शुरू करने का प्रोत्साहन मिलेगा।''



### बजट में छोटे शहरों को बढ़ावा

जैन ने कहा, '' ऐसे समय में, जब केंद्र सरकार ने आम बजट में पांच लाख या उससे अधिक आबादी वाले शहरों के विकास पर विशेष जोर दिया है, स्थिर ब्याज दरें छोटे व मझोले शहरों को उल्लेखनीय बढ़ावा दे सकती हैं। कुल मिलाकर यह फैसला रियल एस्टेट क्षेत्र और देश की अर्थव्यवस्था के लिए स्थिरता एवं सतत वृद्धि का बढ़ावा देने वाला है।''

### रियल स्टेट क्षेत्र के लिए सकारात्मक

क्रेडाई (कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि रेपो दर को बरकरार रखने का फैसला वैश्विक मुद्रा की अस्थिरता और बॉन्ड प्रतिफल के दबाव के बीच नीतिगत स्थिरता प्रदान करता है। यह निरंतरता रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए सकारात्मक है, जहां वित्तपोषण लागत को लेकर निश्चितता, मांग और निवेश धारणा को बनाए रखने के लिए आवश्यक है।''

### रेपो दर को यथावत रखना संतुलित कदम : बैंक

उभरती वैश्विक और घरेलू परिस्थितियों के बीच केंद्रीय बैंक का रेपा दर को यथावत और तटस्थ रुख को बरकरार रखने का फैसला संतुलित कदम को बताता है। साथ ही लघु उद्योगों को बढ़ावा देने, धोखाधड़ी से निपटने के लिए प्रस्ताव और शिकायत निवारण के लिए उपायों से ग्राहकों का भरोसा और सेवा गुणवत्ता में सुधार होगा। बैंक अधिकारियों ने शुक्रवार को यह कहा।

### रेपो दर बरकरार रखी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष की छठी और अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इंडियन ओवरसीज बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा,मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर को यथावत रखने और तटस्थ रुख को बरकरार रखना बदलते वैश्विक और घरेलू हालात में एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

### ऋण प्रवाह बढ़ाने पर जोर

महंगाई के नियंत्रण में रहने से वृद्धि को समर्थन देने की पर्याप्त गुंजाइश बनी हुई है। उन्होंने कहा, ''भारत की वृद्धि के दृष्टिकोण में केंद्रीय बैंक का विश्वास घरेलू मांग की मजबूती और हाल के नीतिगत उपायों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है।

## तांबे की मांग 10 से 12 फीसदी बढ़ने का अनुमान : इक्रा

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने शुक्रवार को कहा कि देश में तांबे की घरेलू खपत अगले दो वर्षों में सालाना 10-12 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है जो चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में दर्ज 14-15 प्रतिशत वृद्धि से कम होगी। इक्रा ने कहा कि धातु की ऊंची कीमतों से निकट भविष्य में मांग पर असर पड़ेगा। भारत में शहरीकरण, बुनियादी ढांचा विकास और हरित ऊर्जा रूपांतरण के कारण तांबे का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। रेटिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा, ''घरेलू स्तर पर तांबे की ऊंची कीमतों से निकट भविष्य में मांग में बढ़ोतरी पर असर पड़ने की आशंका है, भले ही मांग के मुख्य कारण मजबूत बने हुए हैं। इक्रा के मुताबिक, मध्यम अवधि में तांबे की मांग मुख्य रूप से ऊर्जा-बदलाव से जुड़े उपयोग, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा, पावर ग्रिड, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं, से बढ़ने की उम्मीद है।

**मार्केट न्यूज**

## हालात के खिलाफ संघर्ष की कहानी 'वध 2' और दर्द के खिलाफ मजबूती का साथ 'आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो

**चंडीगढ़।** जसपाल सिंह संधू के निर्देशन में बनी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'वध 2' एक बार फिर दर्शकों को झकझोरने के लिए तैयार है। यह फिल्म 2022 में रिलीज हुई चर्चित फिल्म 'वध' की अगली कड़ी है, जिसने अपनी दमदार कहानी और गहरे सामाजिक संदेश से दर्शकों को प्रभावित किया था। फिल्म में एक बार फिर संजय मिश्रा और नीना गुप्ता मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे, जिनकी अदाकारी पहले भाग में खूब सराही गई थी। वहीं, फिल्म 'वध 2' की सफलता की कामना करते हुए एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर डा. संजीव जुनेजा ने कहा कि जैसे फिल्म का नायक हालात के आगे झुकने के बजाय मजबूती से खड़ा होता है, उसी तरह डा. ऑर्थो स्ट्रांग तेल शरीर के जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। इसी सोच को साझा करते हुए उन्होंने अपने आयुर्वेदिक ब्रांड डा. ऑर्थो को फिल्म के साथ को-ब्रांडिंग पार्टनर के रूप में जोड़ा है। इस दौरान दिविसा हर्बल कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि हमारा प्रोडक्ट डा. ऑर्थो स्ट्रांग तेल लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरा हैं उन्होंने बताया कि आज भारतवर्ष में लगभग हर घर में डा. ऑर्थो का कोई न कोई प्रोडक्ट अवश्य मौजूद है, जोकि उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि डा.ऑर्थो स्ट्रांग तेल जोड़ों के दर्द की सबसे प्रसिद्ध औषधि है। इतना ही नहीं, डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक स्ट्रांग तेल के साथ-साथ कैप्सूल, आइंटमेंट, बाम, स्प्रे, प्रीमियम क्वालिटी के नी कैप, बैक स्पोर्ट, पोश्चर कोरक्टर, एंकल बाइंडर, प्रीमियम सर्वाइकल पिल्लो, मैटरस आदि भी बाजार में उपलब्ध है।

## मेरठ रेलवे स्टेशन पर दिखेगी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की झलकः अश्विनी वैष्णव

■ केंद्रीय रेल मंत्री ने राज्यसभा में मेरठ के ऐतिहासिक महत्व और स्टेशन पुनर्विकास पर दी जानकारी

■ सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी के सुझावों और नए डिजाइन के आधार पर चल रहा है कार्य

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में मेरठ की ऐतिहासिक विरासत और वहां के रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मेरठ का इतिहास हमारे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) से गहराई से जुड़ा हुआ है और सरकार की यह प्राथमिकता है कि रेलवे स्टेशन का स्वरूप इस गौरवशाली इतिहास को प्रतिबिंबित करे। इतिहास और आधुनिकता का संगम सदन को संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने बताया कि मेरठ का इतिहास जितना भव्य है, उसी के अनुरूप स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मेरठ इतिहास में एक विशेष स्थान रखता है। जिस तरह का मेरठ का गौरवशाली इतिहास है, उसके हिसाब से ही वहां के स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है। सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी की पहल की सराहना अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी के प्रयासों की विशेष प्रशंसा की। रेल मंत्री ने बताया कि उन्होंने स्वयं सांसद महोदय से व्यक्तिगत अनुरोध किया था कि वे मेरठ के वरिष्ठ नागरिकों और प्रबुद्ध जनों के साथ चर्चा करें, ताकि स्टेशन के डिजाइन में स्वतंत्रता आंदोलन की वास्तविक झलक को समाहित किया जा सके। मंत्री ने कहा, मैं माननीय सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस दिशा में बहुत ही सकारात्मक पहल की। उन्होंने स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठकर मंथन किया।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार पहुंचा नए उच्चस्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। इससे भी पहले सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचा था।

## हिंदुस्तान कॉपर का लाभ दोगुना होकर 156 करोड़

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी हिंदुस्तान कॉपर का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत लाभ दोगुने से ज्यादा होकर 156.30 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले की समान तिमाही में 62.87 करोड़ था। अक्टूबर-दिसंबर, 2025 के दौरान कंपनी का एकीकृत राजस्व बढ़कर 687.34 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 327.77 करोड़ रुपये था।

## चांदी में 6,000 रुपये प्रति किलो की बढ़त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में शुक्रवार को तेज गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों के लगातार दूसरे दिन मुनाफावसूली जारी रखने से चांदी बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जबकि सोना 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, चांदी 13,000 रुपये यानी 4.85 प्रतिशत टूटकर 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) रह गई। यह बृहस्पतिवार को 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,400 रुपये यानी 2.12 प्रतिशत टूटकर 1,57,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों समेत) रह गया। इसका पिछला बंद भाव 1,60,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सराफा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू कीमतों में गिरावट मुख्य रूप से ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली के कारण हुई, जबकि वैश्विक कीमती धातुओं की दरों में दिन के उत्तरार्द्ध में उछाल आया।



**सोना 3,000 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ा**

## मौद्रिक नीति से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 266 अंक मजबूत

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने और 'रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट' (रीट) को कर्ज देने की मंजूरी के प्रस्ताव के बाद घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 266 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी 51 अंक की तेजी में रहा। कारोबारी सत्र के अंतिम चरण में हुई लिवाली से बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक चढ़कर 83,580.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में दिन के निचले स्तर 82,925.35 से 655.05 अंक का तेज उछाल देखने को मिली। निफ्टी 50.90 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। आरबीआई ने अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। केंद्रीय बैंक की छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। सेंसेक्स की कंपनियों में से आईटीसी में सर्वाधिक 5.09 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड और बजाज फिनसर्व के शेयर भी बढ़त में रहे।



## एनएसडी का 25वां भारत रंग महोत्सव 10वें दिन पहुंचा

**नई दिल्ली।** नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा द्वारा आयोजित दुनिया का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय थिएटर फेस्टिवल, 25वां भारत रंग महोत्सव (बीआरएम), अपने 10वें दिन भी भारत और दुनिया भर से अलग-अलग तरह के थिएटर प्रदर्शनों के शक्तिशाली प्रदर्शन के साथ दर्शकों को लुभाता रहा। जब तक यह खबर पाठकों तक पहुंचेगी, बीआरएम 2026 भारत में 19 जगहों पर 130 से ज़्यादा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन - जिसमें माइक्रो ड्रामा और वन-एक्ट प्ले शामिल हैं - पहले ही दिखा चुका होगा। इन प्रदर्शनों में 31 माइक्रो ड्रामा, 5 वन-एक्ट प्ले और 9 नुक्कड़ नाटक शामिल थे, जिन्हें दिल्ली-एनसीआर के कॉलेजों के अलग-अलग छात्र समूहों ने पेश किया, जिससे फेस्टिवल की लाइनअप में गहराई, रचनात्मकता और युवा ऊर्जा जुड़ी। इन नाटकों के अलावा, बीआरएम 2026 में अब तक विभिन्न इन्फोटेनमेंट कार्यक्रम - जिसमें बैंड परफॉर्मेंस, टॉक शो, साहित्यिक चर्चाएं, फिल्म स्क्रीनिंग और बच्चों की थिएटर वर्कशॉप शामिल हैं - भी इसका हिस्सा रहे हैं। फेस्टिवल के 10वें दिन कहानी कहने का एक समृद्ध स्पेक्ट्रम दिखाया गया, जिसमें आकर्षक उर्दू और हिंदी कहानियों से लेकर कश्मीरी लोक परंपराएं शामिल थीं, साथ ही पोलैंड और रूस के अंतर्राष्ट्रीय प्रोडक्शन भी थे - जो वैश्विक कहानियों को एक ही मंच पर लाए। इस दिन एक आकर्षक नुक्कड़ नाटक सेगमेंट, गौतम किशनचंदानी टीस जोसेफ टॉक शो भी हुआ, जिसने दर्शकों की ज़बरदस्त भागीदारी हासिल की और फेस्टिवल में एक जीवंत, इंटरैक्टिव परत जोड़ी। दिन का पहला फुल-लेंथ नाटक "बदज़ात" था, जिसे बिलकिस ज़फरुल हसन ने लिखा था और जावेद समीर ने निर्देशित किया था, जिसे क्रिएटिव अड्डा, दिल्ली ने प्रस्तुत किया।



mgi
MODERN DEGREE COLLEGE
DELHI-MEERUT ROAD, NEAR RAPIDX STATION DUHAI GHAZIABAD
Mob.: 7291982147 / 48, 8958115424
REQUIRES LECTURERS
FOR BBA, BCA & B.COM COURSES
Qualification & Experience As Per UGC & CCS University, Meerut, Norms
Send Applications with in 10 Days with one Photograph and all Documents.
E-Mail mdcghaziabad@gmail.com

**मार्केट न्यूज**

## हंसी और सेहत साथ - साथ 'भाबीजी घर पर हैं' संग पेट सफा

**चंडीगढ़।** प्रसिद्ध टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं!' पर आधारित फिल्म दर्शकों के लिए भरपूर हास्य और मनोरंजन का पैकेज लेकर आ रही है। इस फिल्म को शशांक बाली और राजन वाघधरे ने निर्देशित किया है। फिल्म में आसिफ शेख, रोहिताश्व गौर, सौम्या टंडन, शुभांगी अत्रे, नेहा पेंडसे और विदिशा श्रीवास्तव जैसे लोकप्रिय कलाकार नजर आएंगे। एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर डॉ. संजीव जुनेजा ने 'भाबीजी घर पर हैं!' फिल्म की टीम को फिल्म के अच्छा बिजने करने की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं फिल्म के कलाकारों का कहना है कि जब मन खुश और शरीर हल्का होता है, तभी मनोरंजन का असली मजा आता है। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए दिविसा हर्बल्स प्रा. लि. के प्रवक्ता ने बताया कि फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं!' की सकारात्मक ऊर्जा और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता को देखते हुए, उन्होंने अपने सर्वोत्तम प्रोडक्ट पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स को फिल्म की प्रमोशन के लिए चयनित किया है। क्योंकि यह पेट संबंधी बीमारियां जैसे कब्ज, गैस, एसिडिटी को दूर कर आपको देता है हर पल को खुशी से जीने का अहसास। पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स बहुमूल्य 16 जड़ी बूटियां जैसे सोनामुखी, काला नमक, अजवायन, हरितकी, निशोथ, सर्जिक्षार, सेंधा नमक, सौंफ एवं आंवला आदि के मिश्रण से तैयार आयुर्वेदिक औषधि है। यह पहली रात से असर दिखाता है और इसकी आदत भी नहीं पड़ती। यह पूर्णतः आयुर्वेदिक है।

## स्वर्ण ऋण को लेकर कोई चिंता की बात नहीं: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई।** सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि वह वित्तीय प्रणाली में कीमती धातु के बदले दिए जाने वाले कर्ज (स्वर्ण ऋण) को लेकर पूरी तरह सहज है और इसे लेकर कोई चिंता नहीं है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय बैंक ने स्वर्ण ऋण सहित कुछ अन्य ऋणों की समीक्षा की है और इस निष्कर्ष पर पहुंचा है। मल्होत्रा ने कहा, ''स्वर्ण ऋण को लेकर हम बहुत सहज हैं। इस परिसंपत्ति वर्ग को लेकर चिंता का कोई कारण नहीं है।''नवंबर 2025 तक के दो वर्षों में पूरी वित्तीय प्रणाली में कुल स्वर्ण ऋण बकाया लगभग दोगुना हो गया है, क्योंकि सोने की कीमतों में उछाल ने ऋणदाताओं को अधिक सहज बना दिया। पिछले कुछ दिनों में इस जिंस की कीमतों में तेज गिरावट ने चिंताएं बढ़ा दी हैं।



## तमिलनाडु में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता : जगत प्रकाश नड्डा

■ नकली उर्वरकों के खिलाफ केंद्र सरकार की सख्त कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने पुष्टि की है कि खरीफ 2025 और मौजूदा रबी 2025-26 मौसम के दौरान तमिलनाडु में यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस सहित प्रमुख उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त बनी हुई है । वर्तमान रबी 2025-26 सीजन (02 फरवरी, 2026 तक) के लिए, राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता बिक्री से काफी अधिक रही है। विशेष रूप से, 4.97 लाख मीट्रिक टन (यूरिया की आवश्यकता के मुकाबले 6.06 यूरिया उपलब्ध कराया गया, जबकि बिक्री 4.77 दर्ज की गई। इसी प्रकार, खरीफ 2025 सीजन के दौरान भी 4.37 की आवश्यकता के मुकाबले 6.07 यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी । सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि किसानों तक केवल उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरक ही पहुंचें। उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत, घटिया उर्वरकों के निर्माण या बिक्री के खिलाफ सख्त दंड का प्रावधान है । अप्रैल 2025 से अब तक, देश भर में दोषियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई करते हुए 4,11,350 छापे मारे गए हैं, 15,024 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं और 783 एफआईआर दर्ज की गई हैं । विशेष रूप से तमिलनाडु में, इसी अवधि के दौरान राज्य अधिकारियों ने 20,727 छापे मारे हैं, जिसके परिणामस्वरूप 50 लाइसेंस निलंबित या रद्द किए गए और 5 एफआईआर दर्ज की गईं। सलेम, इरोड, थूथुकुडी, तिरुवरूर और तंजावुर जैसे जिलों में कार्रवाई की गई, जहां नकली यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरक जब्त किए गए। आगामी कृषि मौसमों के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु, उर्वरक विभाग, कृषि और किसान कल्याण विभाग द्वारा किए गए आकलन के आधार पर राज्यों को उर्वरक आवंटित करता है।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**PUBLIC NOTICE**

BEFORE MOTOR ACCIDENT CLAIMS TRIBUNAL, MALKAPUR.
In the Court of Shri. P.B.Jadhav District Judge, Malkapur, Dist. Buldhana
M.A.C.P.No.: 31/2024 F.F. 25-02-2026
Jijabai Bhika Ingle + 1
V/s. -
N.S.Logistic Service + 1
Name: N.S.Logistic
R/o. N.S.Logistic Service, Plot No. 1860, Ardi City Sector-52, Gurgacn (Hariyana)
By this notice you opponent No. 1 informed that, above named claimant have filed above claim petition U/s. 166 M.V. Act for compensation and mentioned in it that due to your vehicle bearing No. HR-55-AM-3285, accident occurred on 11-05-2024 situated on Datala to Motala Road, Near Ganpati Jinning, within the Jurisdiction of Police Station Malkapur (Rural), Dist. Buldhana (Maharashtra) and in the said accident, Bhika Kashiram Ingle wad died.
As such the said case is posted for hearing on 25-2-2026 before the above tribunal, thus, you oppcnent No. 1 informed that, to remain present personally or through advocate and filed written statements with all documents. In the Court hour on the above date, else, matter / case will be decided ex-party accordingly, take note, hence, this public notice.
Notice publish as per the Court and matter seal.
Place: Malkapur. By Order
Dtd./21/01/26
Sd/-(Superintend
Motor Accident Claims Tribunal,
Malkapur (Maharashtra)

## एलआईसी का शुद्ध लाभ 16.68 फीसदी बढ़कर 33,998 करोड़ रुपये पहुंचा

**मुंबई।** एलआईसी का 31 दिसंबर 2025 को समाप्त नौ माह के लिए प्रदर्शन अपडेट (नौ माह वित्त वर्ष 2026) कर-पश्चात लाभ 16.68% बढ़कर 33,998 करोड़ हो गया। व्यक्तिगत व्यवसाय असहभागी (नॉन पार) एपीई 47.44% बढ़कर 10,045 करोड़ हो गया। व्यक्तिगत व्यवसाय में असहभागी (नॉन पार) एपीई का हिस्सा वित्त वर्ष 26 के नौ माह में 36.46% रहा, जबकि वित्त वर्ष 25 के नौ माह में यह 27.68% था। व्यक्तिगत व्यवसाय एपीई 11.95% से बढ़कर 27,552 करोड़ हो गया और समूह व्यवसाय एपीई 23.14% से बढ़कर 16,455 करोड़ हो गया। समग्र एपीई 15.88% से बढ़कर 44,007 करोड़ हो गया। नव व्यवसाय का मूल्य (वीएनबी) 27.96% से बढ़कर 8,288 करोड़ हो गया। बीएनबी मार्जिन (नेट) 170 बीपीएस की वृद्धि के साथ 18.8% हो गया। नव व्यवसाय प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) 5.89% से बढ़कर 44,941 करोड़ हो गई। सकल समूह व्यवसाय प्रीमियम आय 13.56% से बढ़कर 1,35,302 करोड़ हो गई। सकल प्रीमियम आय 9.02% से बढ़कर 3,71,293 करोड़ हो गई व्यक्तिगत नव व्यवसाय प्रीमियम में बैंकएश्योरेंस और वैकल्पिक चैनलों का हिस्सा वित्त वर्ष 2025 के नौ माह के 4.73% से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 के नौ माह के लिए 7.45% हो गया। एयूएम 8.01% बढ़कर 59, 16,680 करोड़ हो गया। मॉल्वेंसी अनुपात 2.02 से बढ़कर 2.19 हो गया। व्यय अनुपात वित्त वर्ष 2025 के नौ माह के 12.97% से वित्त वर्ष 2026 के नौ माह के लिए 132 बीपीएस घटकर 11.65% हो गया। मुंबई, 6 फरवरी, 2026: भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के निदेशक मंडल ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त नौ माह के लिए एकल और समेकित वित्तीय परिणामों को अनुमोदित किया एवं उन्हें स्वीकृति प्रदान की। नीचे हमारे एकल परिणामों के मुख्य अंश दिए गए हैं। 31 दिसंबर 2025 को समाप्त नौ महीनों की अवधि के लिए कर पश्चात लाभ 33,998 करोड़ रहा, जबकि 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों की अवधि में यह 29,138 करोड़ था, जिससे 16.68% की वृद्धि दर्ज की गई। प्रथम वर्ष प्रीमियम आय के आधार पर बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में, एलआईसी भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय में अग्रणी बनी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को समाप्त नौ महीनों की अवधि के लिए एलआईसी की कुल बाजार हिस्सेदारी 57.07% रही।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना
(ई-टेंडरिंग द्वारा)

निविदा संख्याः 558-सिगनल-16-टेली-ओपन टेंडर-1031 दिनांक : 02.02.2026

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित प्लेटफार्म पर एनएनओ, एसएसबी, एनयूआर, बीवीएच और यात्री सुविधाओं (दूरसंचार) के लिए संतुलित कोच मार्गदर्शन प्रणाली का प्रावधान तथा एनडीएलएस स्टेशन के पुनर्विकास के कारण जिन स्टेशनों पर ट्रेन संचालन सुविधा शुरू की जानी है, वहां संतुलित आईपीआईएस स्वचालित घोषणा, टीआईडीबी आदि का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 1,79,60,613.08/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,39,800.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 25.02.2026 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

424/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 6131




**बाएँ से दाए**


1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**

1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

**शब्द पहेली- 6130 का हल**





# अमेरिका से भिड़ंत आज, जीत के साथ खिताबी सफर शुरू करने उतरेगा भारत

## टी-20 विश्व कप का महामुकाबला शाम 7 बजे से

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सितारों से सजी भारतीय टीम टी20 विश्व कप में शनिवार को आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनने का इरादा जेहन में और क्रिकेटप्रेमियों की अपेक्षाओं का बोझ कंधों पर रहेगा। टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के दो मजबूत स्तंभ विराट कोहली और रोहित शर्मा भले ही इस प्रारुप से विदा ले चुके हों लेकिन भारतीय टीम अभी भी सबसे दमदार दावेदार है।

भारत ने उसके बाद से 9 श्रृंखलाएं जीती हैं, जिनमें पिछले साल एशिया कप में मिली जीत शामिल है। पिछले पूरे साल खराब फॉर्म से जूझते रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्ला भी अब खामोश नहीं है, जिससे रही सही कसर भी पूरी हो गई। ईशान किशन ने विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर जबर्दस्त फॉर्म के साथ वापसी की है। ईशान और अभिषेक शर्मा की जोड़ी से भारतीय टीम को काफी उम्मीदें हैं चूंकि दोनों का प्रदर्शन अभी तक जबर्दस्त रहा है।

### सूर्यकुमार की टीम परिपक्व और संतुलित

भारत की तुलना 2007 वनडे विश्व कप की आस्ट्रेलियाई टीम से की जा रही है हालांकि दोनों प्रारुप अलग है लेकिन सूर्यकुमार की टीम हर विभाग में परिपक्व और संतुलित दिख रही है। सूर्यकुमार का फॉर्म में लौटना, मध्यक्रम में तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या जैसा हरफनमौला, शिवम दुबे और अक्षर पटेल जैसे धुरंधरों की मौजूदगी बल्लेबाजी को मजबूत बनाती है। रिंकू सिंह जैसा फिनिशर भी भारत के पास है। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंधन विश्व कप को देखते हुए बड़ी समझदारी के साथ किया गया है। उनके साथ अर्शदीप सिंह नई गेंद संभालेंगे। कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती के रूप में भारत के पास इस प्रारुप में दुनिया के दो सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं लेकिन असल चुनौती ओस की होगी।



### अमेरिकी टीम में कई जाने माने चेहरे

अमेरिकी टीम में कई जाने माने चेहरे दिख जाएंगे। इसी मैदान पर कभी उन्होंने शुभम रंजने, हरमीत सिंह और सौरभ नेत्रवलकर के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया था। पिच और हालात की जानकारी का तीनों 'मुंबईकर' अमेरिकी खिलाड़ियों को अतिरिक्त फायदा मिलेगा। अमेरिका ने पिछली बार अपनी सह मेजबानी में हुए टी20 विश्व कप में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को हराकर सुपर आठ में जगह बनाई थी और भारत को भी कड़ी चुनौती दी थी। अमेरिकी टीम ने पिछले साल 9 में से 8 मैच जीते हैं और टी20 विश्व कप से पहले श्रीलंका में तीन सप्ताह के शिविर में भाग लिया है। कप्तान मोनांक पटेल ने बल्लेबाजी में कमाल किया है और उन्हें साइतेजा मुक्कमल्ला तथा मिलिंद कुमार से पूरा सहयोग मिला। गेंदबाजी में नेत्रवलकर, हरमीत और रंजने अहम होंगे। दूसरे अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड को कड़ी चुनौती देने वाली अमेरिकी टीम सिर्फ सात रन से हारी थी।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा,वरुण चक्रवर्ती।

**अमेरिका** : मोनांक पटेल (कप्तान ), आंद्रिस गौस, साइतेजा एम, शायन जहांगीर, हरमीत सिंह, शेहान जयसूर्या, संजय कृष्णमूर्ति, मिलिंद कुमार, मोहम्मद मोहसिन, शुभम रंजने, शाडले वान शाकविक, अली खान, जसदीप सिंह, नोस्तुश केनिजे, सौरभ नेत्रवलकर।

## खबर संक्षेप



### टी-20 विश्व कप से बाहर हेजलवुड

**मेलबर्न।** अपने प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस समस्याओं से जूझ रही आस्ट्रेलियाई टीम को करारा झटका लगा जब स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट से समय पर उबर नहीं पाने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। आस्ट्रेलिया उनके विकल्प की घोषणा नहीं करेगा। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने पहले कहा था कि हेजलवुड टूर्नामेंट के बीच में या आखिर में टीम से जुड़ेंगे । टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका में शनिवार से शुरू हो रहा है। चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा ,'हमें उम्मीद थी कि जोश सुपर आठ चरण तक फिट हो जाएंगे लेकिन ताजा संकेत मिले हैं कि उसे फिट होने में समय लगेगा और जल्दबाजी करना जोखिमभरा हो सकता है।' उन्होंने कहा,' हम किसी विकल्प की तुरंत घोषणा नहीं करेंगे। बाद में जरुरत के समय देखा जाएगा।' ग्रुप चरण में नाथन हिल्स और टिम डेविड उपलब्ध हो जाएंगे जबकि एडम जम्पा पहला मैच खेलेंगे।

### फोकस सुपर आठ में जगह बनाने पर : आगा

**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने कहा कि भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार से जुड़ी बाहरी आवाजों पर ध्यान नहीं देकर उनकी टीम टी20 विश्व कप ग्रुप चरण के सारे मैच जीतकर सुपर आठ में जगह बनाने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान ने 2009 में खिताब जीता था। सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार की वजह से विश्व कप से बाहर हुई बांग्लादेश टीम के प्रति एकजुटता दिखाते हुए पाकिस्तान ने 15 फरवरी को भारत के खिलाफ ग्रुप मैच खेलने से इनकार कर दिया है। यह पूछने पर कि वह हालात से कैसे निपटेंगे, सलमान ने कहा,' उस पर ध्यान नहीं देकर। हम एक टीम के रूप में उस पर बात नहीं करते और टीम से बाहर हो रही चीजों को नहीं देखते। हम यही कर सकते हैं। हम इस पर ध्यान नहीं देकर अपने प्रदर्शन पर फोकस करेंगे।'



### विश्व कप में दो स्पिनरों को खिलाने में संकोच नहीं

**मुंबई।** कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि अगर जरुरत पड़ी तो भारत टी20 विश्व कप में दो स्पिनरों को खिलाने से संकोच नहीं करेगा। उन्होंने साथ ही वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव को लेकर चयन की उलझन को 'बहुत अच्छा सिरदर्द' बताया। कुलदीप और वरुण दोनों ने टी20 विश्व कप से पहले भारत की अंतिम श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 सीरीज में हिस्सा लिया था। लेकिन दोनों को एक साथ केवल रायपुर में हुए दूसरे टी20 मैच में ही मौका मिला, जिसमें भारत ने सात विकेट से जीत दर्ज की।



## वैभव प्लेयर ऑफ द मैच व प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, इंडिया 2022 के बाद फिर चैंपियन

# अंडर-19 विश्व कप: सूर्यवंशी की यादगार पारी, भारत ने रिकॉर्ड छठी बार ट्रॉफी जीती




एजेंसी ▶▶ हरारे

क्रिकेट के नए 'वंडरकिड' वैभव सूर्यवंशी (175 रन, 80 गेंद, 15 छक्के) ने अंडर-19 विश्व कप के इतिहास की शायद सबसे प्रभावशाली पारी खेली जिससे भारत ने शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर छठा खिताब अपने नाम किया। दिलचस्प बात है कि भारत ने पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में इंग्लैंड को हराकर ही खिताब जीता था। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी जो टूर्नामेंट के इतिहास में देश के दबदबे को दिखाता है। दसवीं बार फाइनल में पहुंची भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सूर्यवंशी के शतक से नौ विकेट पर 411 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। चौदह साल के सूर्यवंशी ने यादगार पारी खेली और महज 55 गेंद में तीन अंक का आंकड़ा छूकर इस टूर्नामेंट में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल में किसी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है और टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में यह टीम का सबसे बड़ा स्कोर भी है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के सामने इंग्लैड की टीम कालेब फाल्कोनर (115 रन, 67 गेंद) के शतक और सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिन्स (66 रन) के अर्धशतक के बावजूद 40.2 ओवर में 311 रन ही बना सकी। सूर्यवंशी ने यह पारी तब खेली जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने सिर्फ 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए दूसरा अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में बना लिया। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए जिसमें 15 छक्के और इतने ही चौके शामिल थे। इस पारी के दौरान उन्होंने विपक्षी टीम के गेंदबाजों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा दी। अब उनके नाम युवा वनडे पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड है।

### भारत-411/9 (50)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| आरोन जॉर्ज का मेयेस बो ग्रीन | 09 |
| वैभव का रियू बो लम्सडेन | 175 |
| आयुष म्हात्रे का मेयेस बो ग्रीन | 53 |
| वेदांत त्रिवेदी का मेयेस बो मिंटो | 32 |
| विहान का डॉकिन्स बो मिंटो | 30 |
| कुंडू का अलबर्ट बो मोर्गन | 40 |
| आरएस अंबरीश बो मिंटो | 18 |
| कनिष्क चौहान नाबाद | 37 |
| खिलन पटेल का मूर्स बो मोर्गन | 03 |
| हेनिल पटेल रन आउट | 05 |
| दीपेश देवेंद्रन नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 09

कुल योग : 50 ओवर में नौ विकेट पर 411 रन

विकेट पतन : 1-20, 2-162, 3-251, 4-302, 5-308, 6-359, 7-367, 8-375, 9-393

गेंदबाजीः सेबेस्टियन मोर्गन 9-0-74-2, एलेक्स ग्रीन 5-0-49-2, मैनी लम्सडेन 8-0-81-1, जेम्स मिंटो 8-0-63-3, फरहान अहमद 10-0-77-0, राल्फी अलबर्ट 10-0-66-0

### इंग्लैंड-311/10 (40.2)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| बेन का खिलन पटेल बो म्हात्रे | 66 |
| जोसफ मूर्स बो अंबरीश | 17 |
| बेन का पटेल बो खिलन पटेल | 45 |
| रियू का म्हात्रे बो चौहान | 31 |
| कालेब का पटेल बो चौहान | 115 |
| राल्फी अलबर्ट रन आउट | 00 |
| फरहान का कुंडू बो दीपेश | 01 |
| मोर्गन का एवं बो दीपेश | 00 |
| जेम्स मिंटो का सब बो अंबरीश | 28 |
| मैनी का वेदांत त्रिवेदी बो अंबरीश | 03 |
| एलेक्स ग्रीन नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 05

कुल योग : 40.2 ओवर में 311 रन पर सभी आउट

विकेट पतन : 1-19, 2-93, 3-142, 4-174, 5-174, 6-177, 7-177, 8-269, 9-281

गेंदबाजीः अंबरीश 9-1-56-3, हेनिल पटेल 4-2-28-0, दीपेश देवेंद्रन 6-0-64-2, खिलन पटेल 8-0-66-1, कनिष्क चौहान 8.2-0-63-2, आयुष म्हात्रे 5-0-31-1

### वैभव ने तोड़ा 18 साल पुराना रिकॉर्ड

वैभव ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में अपनी पारी के दौरान 15 छक्के लगाए और वो अंडर 19 वर्ल्ड कप की एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बैटर बने। वैभव ने 18 साल पुराने ऑस्ट्रेलिया के बैटर माइकल हिल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने साल 2008 में नामिबिया के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 12 छक्के लगाए थे। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के ही क्रेग सिमंस हैं, जिन्होंने साल 2002 में केन्या के खिलाफ अपनी पारी में 11 छक्के लगाए थे।

### यूथ वनडे में सबसे ज्यादा रन वैभव के नाम

वैभव 175 रन की पारी खेलने के बाद यूथ वनडे में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए। वैभव के नाम पर अब यूथ वनडे में 25 मैचों में 1412 रन हो गए हैं और वो विजय जोल से आगे निकल गए, जिनके नाम पर यूथ वनडे में 36 मैचों में 1404 रन दर्ज थे।

## आदर्श राम ज्योति शंकर ने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप में ऊंची कूद में कांस्य जीता

**तियानजिन (चीन)।** आदर्श राम ज्योति शंकर ने शुक्रवार को यहां शुरू हुई 12वीं एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की ऊंची कूद में कांस्य पदक जीतकर भारत की लाज बचाई। शंकर ने 2.19 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया। कांस्य पदक जीतने के बाद शंकर ने कहा, ''भुवनेश्वर के इंडोर स्टेडियम में पखवाड़े भर के प्रशिक्षण शिविर ने इंडोर प्रतियोगिता की बुनियादी बातें सीखने में अहम भूमिका निभाई।'' भारतीय एथलीट ने 14 प्रतियोगियों के बीच धीरे-धीरे पदक के अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए। प्रतियोगिता के आगे बढ़ने के साथ स्वर्ण पदक की दौड़ शंकर और जापान के दो एथलीटों के बीच सिमट गई। शंकर ने 2.15 मीटर की ऊंचाई दूसरे प्रयास में और 2.19 मीटर की ऊंचाई तीसरे प्रयास में पार की। उन्होंने अपने पदक का रंग बेहतर करने की कोशिश की लेकिन 2.23 मीटर पर तीनों प्रयास असफल रहे। जापान के सेको यूटो ने 2.23 मीटर की ऊंचाई के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके हमवतन शिन्नो तोमोहीरो ने 2.19 मीटर के साथ रजत पदक अपने नाम किया। आउटडोर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पुरुषों की त्रिकूद में भारत के प्रवीण चित्रावल पदक से चूक गए। चित्रावल ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 16.22 मीटर की छलांग के साथ चौथा स्थान हासिल किया। पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में चीनी एथलीटों का दबदबा रहा। सु वेन ने 16.55 मीटर के साथ स्वर्ण, जबकि जियाओ शिनपिंग (16.47 मीटर) और मा यिंगलॉन्ग (16.45 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। महिलाओं की गोला फेंक स्पर्धा में भी चीन की एथलीटों का वर्चस्व रहा। भारत की योगिता 15.33 मीटर की दूरी के साथ चौथे स्थान पर रहीं। इससे पहले पुरुषों की 100 मीटर (आउटडोर) के पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक फर्राटा धावक मणिकांता होब्लिधर 60 मीटर हीट में फाउल के कारण अयोग्य करार दिए जाने से अगले दौर में प्रवेश नहीं कर सके।

### टी-20 विश्व कप से बाहर हो सकते हैं राणा कृष्णा और सिराज को मिल सकता मौका

**मुंबई।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा अभ्यास मैच के दौरान घुटने में चोट लगने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो सकते हैं और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने स्वीकार किया कि राणा की स्थिति 'अच्छी नहीं' दिख रही है। सूर्यकुमार ने हालांकि राणा को अभी पूरी तरह से बाहर नहीं किया, लेकिन उनकी बातों से लगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में शामिल इस गेंदबाज के लिए समय पर ठीक होना मुश्किल है। भारतीय टीम विश्व कप में अपना अभियान शनिवार को अमेरिका के खिलाफ शुरू करेगी।

#### बाक्सेम एलीट इंटरनेशनल मुक्केबाजी टूर्नामेंट

## नीतू, प्रीति, सिंह की सेमीफाइनल में एंट्री,भारत के 19 पदक पक्के





एजेंसी ▶▶ ला नूसिया

पूर्व विश्व चैंपियन नीतू घंघास, एशियाई खेल कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार और जादूमणि सिंह ने बाक्सेम एलीट इंटरनेशनल मुक्केबाजी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और भारतीय मुक्केबाजों ने 19 पदक पक्के कर लिए हैं।

नए मुख्य कोच सैंटियागो नीवा के साथ भारतीय महिला टीम ने 12 पदक पक्के किए जबकि सात पुरुष मुक्केबाज भी अंतिम चार में पहुंचे। नीतू (51 किलो ) ने कनाडा की मैकेंजी राइट को सर्वसम्मति से हुए फैसले में हराया। वहीं 54 किलो में प्रीति ने स्पेन की मारिया गोंजालेस को हराया। पूनम ने 54 किलो में थाईलैंड की एन चोंगप्रोंगक्लांग को 5-0 से मात दी जबकि प्रिया (60 किलो) और प्रांजल (65 किलो) ने क्रमशः स्पेन की लौरा गालानो और चेक गणराज्य की विक्टोरी जिलकोवा को हराया। काजल ने 65 किलो में कजाखस्तान की अकबर इशानोवा को 4- से मात दी। पुरुष वर्ग में जादूमणि सिंह (55 किलो ) ने चीनी ताइपै के पेंग चिया फेंग को 5-0 से हराया।

### हुसामुद्दीन ने यूक्रेन के डाहली को हराया

विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (60 किलो ) ने यूक्रेन के अली डाहली को हराया जबकि सचिन (60 किलो ) ने यूक्रेन के ही एडेर अब्दुराइमोव को 3-2 से मात दी। आकाश (75 किलो ) ने स्पेन के जोस लुईस कानेरो को 4-1 से हराया। भारत के पवन बर्तवाल और अभिनाश जामवाल हालांकि हारकर बाहर हो गए।

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप से बाहर भारतीय महिला टीम

**किंगदाओ।** पिछली चैंपियन भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को दूसरे दर्जे की चीन की टीम से 0-3 से हारकर बाहर हो गई । भारत ने 2024 में इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था लेकिन इस बार पीवी सिंधू के नहीं खेलने से भारत की संभावनाओं को धक्का लगा । टूर्नामेंट में इससे पहले दो मैच जीत चुकी दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा दसवीं रैंकिंग वाली गाओ फांग जि से एकतरफा मुकाबले में 9-21, 9-21 से हार गई। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने जुझारू खेल दिखाया लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी जिया यि फान और झांग शू शियान से 22-24, 18-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। रक्षिता रामराज दूसरे एकल में शू वेन जिंग से 70 मिनट के मुकाबले में 14-21, 21-15, 17-21 से हार गई। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में म्यामांर को 5-0 से हराया था लेकिन थाईलैंड से 2-3 से हार गई थी। भारतीय पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया से खेलेगी।



## राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप : ज्ञानेश्वरी ने जीता गोल्ड, कोयल ने ब्रेक किए 5 रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ मोदीनगर

ज्ञानेश्वरी यादव ने राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 53 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोयल बोर ने युवा और जूनियर वर्गों में पांच राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े।

अखिल भारतीय पुलिस का प्रतिनिधित्व करने वाली राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता ज्ञानेश्वरी ने कुल 186 किलोग्राम (83 किलोग्राम + 103 किलोग्राम) भार उठाकर सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पश्चिम बंगाल की कोयल ने कुल 185 किलोग्राम (83 किलोग्राम + 102 किलोग्राम) भार उठाकर ज्ञानेश्वरी से एक किलोग्राम कम भार उठाया और युवा वर्ग में तीन नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े। उन्होंने स्नैच में 78 किलोग्राम, क्लीन एवं जर्क में 99 किलोग्राम और कुल भार में 175 किलोग्राम के पिछले रिकॉर्ड को पार किया। उन्होंने जूनियर वर्ग में भी दो राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए।

इसमें स्नैच में 81 किलोग्राम और कुल भार में 181 किलोग्राम का रिकॉर्ड तोड़ना शामिल है। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड की वीरजीत कौर ने कुल 182 किलोग्राम (81 किलोग्राम + 101 किलोग्राम) भार उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया।




#### डेविस कप क्वालीफायरः आज भारत और नीदरलैंड में भिड़ंत

# नीदरलैंड के सामने तेज कोर्ट पर दक्षिणेश्वर का दबदबा तय !

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

मेजबान भारत डेविस कप क्वालीफायर पहले दौर के मुकाबले में शनिवार को नीदरलैंड से खेलेगा तो बेंगलुरु के तेज कोर्ट भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की बजाय दक्षिणेश्वर सुरेश को अधिक रास आएंगे। नागल कूल्हे की चोट के कारण बाहर हैं, जिसके कारण भारत की उम्मीदें दक्षिणेश्वर की टिकी है।

इस कोर्ट पर आक्रामक शॉट्स खेलने वाले खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे और दक्षिणेश्वर को इसमें महारत हासिल है। नागल तेजी से ठीक हो रहे हैं और अभ्यास के दौरान सहज दिखे लेकिन उनकी मैच फिटनेस के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। तेज रफ्तार वाले कोर्ट पर अगर मैच लंबी रेलियों में जाता है तो नागल की मूवमेंट और दमखम की परीक्षा हो सकती है।



### भांबरी की वापसी से भारतीय टीम मजबूत

युगल में युकी भांबरी की वापसी से भारतीय टीम मजबूत हुई है चूंकि उनके पास गहराई और अनुभव है। भांबरी युगल में एन. श्रीराम बालाजी के साथ खेलेंगे, जो रित्विक बोल्लिपल्ली की जगह खेल रहे हैं। उनका सामना सांड्रे एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। इसमें हारने वाली टीम सितंबर में विश्व ग्रुप वन में लौटेगी जबकि विजेता टीम क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में पहुंचेगी।

### नीदरलैंड के खिलाड़ी तेज कोर्ट में खेलने के अभ्यस्त

दक्षिणेश्वर पिछले साल स्विटजरलैंड में अहम एकल मुकाबला जीते थे, जिससे भारत ने विदेशी धरती पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। उन्होंने पहला मुकाबला जीतकर लय बनाई थी, जिसके बाद नागल ने दूसरा मैच जीता। नीदरलैंड के खिलाड़ियों को भी तेज कोर्ट रास आते हैं और उसके खिलाड़ी इस तरह के हालात में खेलने के अभ्यस्त हैं। शीर्ष एकल खिलाड़ी टालोन ग्रीकस्पूर (विश्व रैंकिंग 29) और बोटिच वान डे जैंडशल्प (67) की कमी हालांकि उसे खलेगी। ऐसे में भारत के लिए बराबरी का मौका रहेगा। नीदरलैंड टीम की अगुवाई 88वीं रैंकिंग वाले जेस्पर डे जोंग कर रहे हैं, जिन्होंने शीर्ष 30 में शामिल खिलाड़ियों को हराया है। वहीं 162वीं रैंकिंग वाले गाय डेन ओडेन डेविस कप में पदार्पण कर रहे हैं, जिन्हें इस स्तर पर खेलने का अनुभव नहीं है।




# प्रधानमंत्री मोदी का दो दिवसीय मलेशिया दौरा प्रवासी भारतीय बोले- हमें उनका बेसब्री से इंतजार

स्वागत में 1000 डांसर मंच पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे

- मलेशिया में भारतीय मूल के करीब 20 लाख लोग निवासरत
- मलेशिया में वाइब्रेंट इंडिया की झलक मिलेगी
- सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आज शनिवार को रवाना होंगे। प्रवासी भारतीय उनका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इनमें वो कलाकार भी हैं जो पीएम मोदी के सम्मुख अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय मूल के प्रदीप बत्रा ने कहा कि वो दस साल बाद प्रधानमंत्री मोदी को अपने सामने देखेंगे। 2015 में उन्होंने पीएम मोदी को साक्षात देखा था और तब से ही उनका इंतजार कर रहे थे।

इस दौरान उनके साथ मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम भी मौजूद होंगे। वो बोले, हम उत्साहित हैं और ये हम सब भारतीयों के लिए हर्ष और गौरव का क्षण होगा। एक डांस ग्रुप की निदेशक कल्पना के अनुसार, वो पीएम मोदी को देखने के लिए उत्साहित हैं। वो भी 10 साल पहले उस ग्रुप का हिस्सा थी जिसने भारतीय प्रधानमंत्री के सामने भारतीय संस्कृति की



सुघड़ प्रस्तुति दी थी। उन्होंने कहा, मलेशिया को पीएम मोदी से अगाध प्यार है और उनके स्वागत को वो तत्पर हैं। मलेशिया में भारतीय मूल के लोग बड़ी तादाद में हैं। इस टूर के दौरान प्रधानमंत्री के स्वागत में एक बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें शास्त्रीय और लोक कला में माहिर कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। 800 से 1000 डांसर मंच पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। पीएम का इंतजार कर रही एक नृत्यांगना ने कहा, मोदीजी अब इंसान ही नहीं, एक ब्रांड बन गए हैं। हमें खुशी है कि हम ऐतिहासिक पलों के साक्षी बनेंगे।

हम उमंग से भरे हैं। ये दौरा यहां रहने वाले प्रवासियों के योगदान को रेखांकित करेगा। लोग उम्मीद करते हैं कि यह सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक संबंधों को प्रगाढ़ करेगा। उनके स्वागत को हम आतुर हैं। कलाकार दीपा राजेंद्रन ने कहा कि पीएम तीन महीने पहले आने वाले थे लेकिन फिर वो दौरा रद्द हो गया था। इससे हम काफी निराश हुए थे लेकिन अब काफी उत्साहित हैं। एक ही प्रस्तुति में भारत के विभिन्न रंग दिखाने की कोशिश है।

### वाइब्रेंट इंडिया की मिलेगी झलक

मलेशिया में वाइब्रेंट इंडिया की झलक मिलेगी। मलेशिया भरतनाट्यम डांस एसोसिएशन की अध्यक्ष गायत्री सी रमेश के अनुसार, हम पीएम मोदी से मिलने को काफी आतुर हैं। एक ही डांस पीस में हम भारत की भव्यता को दर्शाएंगे। अलग-अलग नृत्य शैलियों को एक ही पीस में बुना गया है। बता दें कि पीएम मोदी 7-8 फरवरी को मलेशिया की 2 दिन की आधिकारिक यात्रा पर होंगे। दौरा अगस्त 2024 में भारत-मलेशिया संबंधों को समग्र रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के बाद हो रहा है। इस दौरान व्यापार, निवेश, रक्षा और सुरक्षा सहयोग के साथ-साथ सेमीकंडक्टर क्षेत्र में साझेदारी को लेकर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है।

### सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ में बड़ा बूस्ट मिलेगा

मलेशिया में सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ एलीमेंट्स (आरईई) में सहयोग पर खास फोकस रहेगा। यूनियन बजट 2026 में घोषित सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 और आरईई कॉरिडोर्स के बाद यह यात्रा रणनीतिक रूप से अहम मानी जा रही है। मलेशिया दुनिया का प्रमुख आरईई प्रोसेसिंग हब है और भारत को टेक्नोलॉजी व निवेश का फायदा मिल सकता है। इससे सप्लाई चेन मजबूत होगी, चीन पर निर्भरता 20-30% तक घट सकती है। ईवी, रिन्यूएबल एनर्जी और डिफेंस सेक्टर को भी बड़ा बूस्ट मिलेगा। दोनों देश व्यापार को 25 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रख रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी



**रांची।** रांची सिविल कोर्ट को बम विस्फोट की धमकी वाला एक ईमेल मिला, जिससे कोर्ट परिसर और प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते की टीम कोर्ट परिसर में पहुंची और व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि ईमेल को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। तलाशी के दौरान किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।

### रूसी सैन्य इंटेलिजेंस के डिप्टी चीफ पर फायरिंग



**नई दिल्ली।** रूस के सैन्य इंटेलिजेंस विभाग, जीआरयू, के प्रथम डिप्टी प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर एलेक्सेयेव पर शुक्रवार को जानलेवा हमला किया गया। पश्चिमोत्तर रूस में उनके अपार्टमेंट के बाहर अज्ञात बंदूकधारियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। जिसमें उन्हें हाथ, सीने और पैर में कई गोलियां लगीं। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। एलेक्सेयेव को यूक्रेन युद्ध में रूस को बढ़त दिलाने का श्रेय दिया जाता है।

## इस्लामाबाद की मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान बड़ा धमाका

# शिया समुदाय को बनाया निशाना, हमलावर ने खुद को उड़ाया, 69 लोगों की मौत, 169 घायल

*पाकिस्तान में ही थे उजबेकिस्तान के प्रेसीडेंट और दहल गया इस्लामाबाद*

*तीन महीने के भीतर दूसरा आत्मघाती हमला, दहशत में पूरा इस्लामाबाद*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बड़ा आत्मधाती हमला हुआ है। इस्लामाबाद के इमाम बारगाह खदीजत-उल-कुबरा मस्जिद में सुसाइड अटैक में 69 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 169 लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। धमाके के बाद शिया मस्जिद के अंदर का दृश्य डरा देने वाला है। लोग घायल और खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़े हुए नजर आ रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग जमीन पर पड़े हुए हैं। वहां अफरातफरी का माहौल है। मरने वालो की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस हमले के जरिए शिया समुदाय को निशाना बनाया गया है। धमाके के बाद शिया मस्जिद के अंदर का दृश्य डरा देने वाला है। लोग घायल और खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़े हुए नजर आ रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग जमीन पर पड़े हुए हैं। वहां अफरातफरी का माहौल है। रेस्क्यू टीम मौके पर मौजूद है। इमाम बारगाह के आसपास के इलाके को घेर लिया गया है। हर एक जगह पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। खबर ये भी सामने आ रही है कि सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारियों ने पूरे शहर में आपातकाल लागू कर दिया है। बता दें कि इससे पहले घटना 11 नवंबर, 2025 को इस्लामाबाद में जिला और सत्र न्यायालय भवन के बाहर हुए आत्मघाती विस्फोट हुआ था, इस घटना में 12 लोग मारे गए थे और 30 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस्लामाबाद के शहजाद टाउन इलाके में स्थित टेरलाई इमाम बारगाह में जुमे की नमाज के दौरान यह धमाका हुआ है। आत्मघाती हमलावर ने खुद को अंदर आने के बाद गेट के पास उड़ा लिया। इस घटना में पहले 5 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई थी। मरने वालों की संख्या अब 69 पहुंच गई है। वहीं 169 लोगों के हताहत होने की जानकारी सामने आई है। विस्फोट की सूचना मिलने के बाद पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गया और बचाव कार्य जारी है। इस विस्फोट के बाद इस्लामाबाद के पॉलीक्लिनिक, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स) और सीडीए अस्पताल में आपातकाल लगा दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार हॉस्पिटल के एक प्रवक्ता ने डॉन को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि कार्यकारी निदेशक (ईडी) पिम्स के निर्देश पर, अस्पताल में आपातकाल लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्य आपातकालीन, आर्थोपेडिक, बर्न सेंटर और न्यूरोलॉजी विभाग सक्रिय कर दिए गए हैं। घायलों को पिम्स और पॉलीक्लिनिक अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है।



**जांच एजेंसियों ने संभाला मोर्चा अलर्ट**

### हमलावर को एंट्री गेट पर रोका, फिर हुआ तेज धमाका

स्थानीय मीडिया ने सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया कि हमलावर को एंट्री गेट पर पहले से अलर्ट सुरक्षाकर्मियों ने रोक लिया था, जिसकी वजह से वह मस्जिद के मुख्य हॉल में प्रवेश नहीं कर सका, जहां पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे. उसे रोके जाने के बावजूद, धमाके वाली जगह के वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि गेट को भारी नुकसान पहुंचा है। धमाका इतना तेज था कि आसपास की इमारतों की खिड़कियां भी चकनाचूर हो गईं और मलबा सड़क पर बिखर गया। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव दो दिन के आधिकारिक दौरे पर हैं।

## ईरान पर युद्ध के बादल? सरकार हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठी...

# ईरान में रहने वाले सभी 10 हजार भारतीय पूरी तरह से हैं 'सुरक्षित'



**जयशंकर ने कहा- घबराने की कोई जरूरत नहीं है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान में बढ़ते तनाव के बीच वहां मौजूद भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही थी।

इस बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में बड़ा बयान देकर स्थिति साफ कर दी है। उन्होंने देश को भरोसा दिलाया है कि ईरान में मौजूद सभी भारतीय पूरी तरह सुरक्षित हैं। सरकार वहां के हालात पर 'क्लास वॉच' रख रही है। जयशंकर ने स्पष्ट किया कि फिलहाल वहां से लोगों को निकालने के लिए किसी विशेष अभियान की जरूरत नहीं है। ईरान का 'एयरस्पेस' खुला है और उड़ाने सामान्य रूप से चल रही हैं। तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास लगातार छात्रों और नागरिकों के संपर्क में है। विदेश मंत्री ने संसद को बताया कि ईरान में करीब 9 से 10 हजार भारतीय नागरिक मौजूद हैं। सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है। इनमें बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स, कामगार, तीर्थयात्री, टूरिस्ट और बिजनसमैन शामिल हैं। तेहरान में स्थित इंडियन एंबेसी इन सभी से नियमित संपर्क में है। उन्हें जरूरी सुरक्षा सलाह दी जा रही है ताकि वे किसी मुसीबत में न फंसें।

ट्रंप सरकार की बड़ी कार्रवाई

## अब अमेरिका की मोस्ट वॉन्टेड क्रिमिनल लिस्ट में 89 भारतीय



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) द्वारा जारी 'सबसे बुरे' अपराधियों की सूची में कम से कम 89 भारतीय मूल के व्यक्ति शामिल पाए गए हैं। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में एक सार्वजनिक डेटाबेस लॉन्च किया है, जिसमें अमेरिका में मौजूद लगभग 25,000 ऐसे अवैध प्रवासियों का विवरण दिया गया है जिन्होंने हत्या, यौन अपराध और ड्रग तस्करी जैसे संगीन जुर्म किए हैं। इस डेटाबेस में अपराधियों के नाम, फोटो, उनके द्वारा किए गए अपराध और उनकी राष्ट्रीयता को सार्वजनिक किया गया है। डीएचएस के अनुसार, ये वे 'राक्षस' हैं जिन्होंने अमेरिकी समुदायों को आतंकित किया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि यह सूची ट्रंप सरकार द्वारा सड़कों से हटाए गए अपराधियों का महज एक 'स्नैपशॉट' है और यह अभियान तब तक जारी रहेगा।

## मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा

# भारत एक बड़ी आर्थिक शक्ति, किसी भी देश के लिए इसे नजरअंदाज करना मुश्किलः पोलैंड के उपविदेश मंत्री

भारत के साथ न केवल व्यापार बल्कि उत्पादन में भी रूचि

पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्स्की का कहना है कि भारत एक बड़ी आर्थिक शक्ति है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है

**खास बातें**

- एफटीए होना, डील न होने से बेहतर
- ऊर्जा भंडारण में भी रखते हैं रुचि
- डिजिटल टेक्नोलॉजी में काफी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्स्की ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक बड़ी आर्थिक शक्ति है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। ऐसे में किसी भी देश के लिए ऐसी अर्थव्यवस्था को नजरअंदाज करना मुश्किल है। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत करते हुए पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्स्की ने कहा, भारत एक बड़ी आर्थिक शक्ति है और मौजूदा समय में जीडीपी के मामले में दुनिया में चौथे स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। साथ ही यह 1.5 अरब लोगों का बड़ा बाजार है और ऐसे में किसी भी देश के लिए इसे नजरअंदाज करना मुश्किल है।



भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बार्टोशेव्स्की ने कहा कि एफटीए होना, डील न होने से बेहतर है। सामान्यतः टैरिफ किसी भी देश के लिए समृद्धि नहीं लाते, क्योंकि जब आयातकर्ता लागत को उपभोक्ताओं तक पहुंचाते हैं तो अंततः इनका बोझ उपभोक्ताओं पर ही पड़ता है। शुल्क जितना कम होगा, उतना ही बेहतर होगा।

### संयुक्त उत्पादन पर भी कर रहे विचार

*हम संभवतः पोलैंड में संयुक्त उत्पादन और भारत में 'मेक इन इंडिया' के तहत संयुक्त उत्पादन पर भी विचार कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि हम ग्रीन टेक्नोलॉजी पर बातचीत कर रहे हैं, जिनमें भारत की भी रुचि है। जल उपचार में हम काफी उन्नत हैं। जहां तक मुझे याद है, मुंबई में एक पोलिश कंपनी सीवेज प्रबंधन का काम कर रही है। हम अपने ऊर्जा क्षेत्र को कोयले से नवीकरणीय स्रोतों, जिनमें परमाणु ऊर्जा भी शामिल है, की ओर तेजी*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109